SHRI SEZHIYAN: That you should ask the ex-Chief Minister or the Governor. The Governor's report simply says that the Chief Minister has submitted his resignation and advised the dissolution of the Assembly and the holding of mid-term elections. The Governor did not accept that advice. In the second para the Governor says that he called the Congress leader to form the government. Why did he do that? The Congress enjoyed the support of only 105 members in a House of 315.

SHRI D. N. TIWARY: One of the constituents of the United Front Government had withdrawn its support from the government.

SHRI SEZHIYAN: Which Party?

SHRI D. N. TIWARY: Janata Party.

SHRI SEZHIYAN: Why did you not permit the same combination for other parties for formation of government? Why did the Governor discriminate between one party and another in the formation of government?

There is a very serious lacuna in the Constitution in the sense that it allows a Governor to function according to his whims and fancies. He can decide on anything as he likes. There is no forum for testing his action. They do not allow the Assembly to meet to test whether this

[Shri Sezhiyan]

party or that party has got majority or minority. It is being decided by the Governor. That takes us to the root question of the appointment of Governors themselves. If the appointment of the Governor is above board and it is a normal appointment based on merit, all these things would not happen. Now what happens is that if a person contests an election for an Assembly seat and loses, he cannot enter the Assembly but he, if he is a Congressman, can enter the Raj Bhavan. Defeated candidates are being catapulted into the Raj Bhavans.

HRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: He can address the Assembly.

SHRI SEZHIYAN: Yes, he can address the Assembly.

It happens that a candidate, who is defeated, is sitting there in the Raj Bhavan. In very many cases we see the defeated candidates being put in the highest position of Governor.

In some cases we also saw the Governors taking active part in party politics. It happened in the case of Shri A. P. Jain when he was the Governor of Kerala. He came to Delhi, actively participated in the party elections and openly said that he did so, then he resigned.

So, active Congressmen or Congressmen who lose at the polls are being put into governorships and therefore there is a very strong political bias in the appointment of Governors.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak): Shri Kanungo was not defeated.

SHRI RANJIT SINGH (Khalilabad): He will be defeated now.

SHRI SEZHIYAN: Then, they say that the United Front is a motively array of so many parties and of so many ideologies. May I ask if the Congress Party is expressing a unified opinion and ideology? Do you not find the Communist ideology or the Swatantra ideology or the Jana Sangh ideology in the Congress? Every ideology is there.

SHRI PILLO MODY (Godhra): And no ideology is there.

SHRI SEZHIYAN: Also, inside the Congress there is the Mysore Congress which is opposed to the Maharashtra Congress; there is the Haryana Congress which is opposed to the Punjab Congress; there is the Bengal Congress which is opposed to the Bihar Congress. Even inside the Bengal Congress there is the Atulya Ghosh group and the Nahar group. If you go to Bihar Congress, you will find two groups there.

SHRI PILOO MODY: Five groups.

SHRI SEZHIYAN: Not only that, from the papers we find that within the Congress there are the young Turks and the old Turks, with different ideologies.

SHRI PILOO MODY: Old turkeys.

SHRI SEZHIYAN: So, it does not lie in the mouth of Congressmen to say that. In the United Front there are at least definite parties and groups with honest differences.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: Shri Karunanidhi's DMK and also your brother's group are coming into the forefront.

SHRI SEZHIYAN: He says, they are coming; they are not there. So, that is wishful thinking. They are not there and I can assure him that that will not happen there. He says that because he comes from Andhra. I do not know from which group he comes.

SHRI RANDHIR SINGH: Learn something from us.

SHRI SEZHIYAN: We have learnt too much from you.

Because the appointment of Governors is a crucial one in the conduct of Centre-State affairs, as long as the appointments are weighed with political favour or bias and as long as Congressmen who are active or inactive are sent there, this situation will continue. Therefore a reappraisal of the Constitutional situation should be done as was demanded by Shri Chagla, who was himself a Judge. A reappraisal of the Constitution and Centre-State relations are very much involved.

Then, about the happenings, the strike and all this thing, we have got two different versions even here. This morning the Minister said that there was no lathi charge at all. I take his word. But just now Shri Tiwary while speaking explained why they had to resort to lathi charge. Which of the two statements is true? The Minister says that it did not take place but Shri Tiwary, who comes from there, says that it took place. It is just possible that it might have taken place. So I would say that a judicial inquiry should go into this thing. As the Parliament is seized of this problem we should go into this.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक औचित्य का प्रश्न उठाना चाहता हूं। जब यह विवाद आरम्भ हुआ, तो गृह मंत्री महोदय सदन में नहीं थे और राज्य मंत्री ने चर्चा का आरम्भ किया। अब राज्य मंत्री महोदय भी गायब हैं और उनकी जगह दूसरे मंत्री बैठे हैं। इस विवाद का उत्तर कौन देगा ? यह विवाद महत्वपूर्ण है या नहीं ? सारे बिहार की तकदीर का निर्णय संसद में किया जा रहा है। औचित्य का तकाजा है कि गृह मंत्री महोदय स्वयं इस अवसर पर उपस्थित रहें। मगर वह खुद नहीं हैं, उनके सहायक भी गायब हो गये और अब हमें एक तीसरे मंत्री से संतोष करना पड़ेगा। यह स्थिति ठीक नहीं है।

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI K. S. RAMASWAMY). He is coming.

SHRI RANDHIR SINGH: One full Cabinet Minister and three more Ministers are here.

SHRI PILOO MODY: He is very full, I must admit.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is taking note of your protest.

**संसद-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह)**: मैंने अभी अभी उनको इत्तिला भिजवाई है कि वह सदन में आ जायें।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी**: उपाध्यक्ष महोदय, क्या आप यह स्थिति पसन्द करते हैं ? यह सदन का अपमान है और आपका अपमान है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You pointed out so forcefully. The Minister of Parliamentary Affairs has promised that the Minister-in-Charge is coming. He has come now. Shri Mrityunjay Prasad.

**श्री मृत्युंजय प्रसाद** (महाराजगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सब से पहले उसी सवाल को लूंगा, जोकि अभी-अभी छेड़ा गया है वह यह है कि बिहार में राष्ट्रपति शासन क्यों हुआ और कैसे हुआ। इस लिये जरा पुराने इतिहास की ओर जाना पड़ेगा। पिछले साल हम ने कुछ ऐसी भूलें की थी जिन की वजह से हमारी संख्या कम हो गई। हम चुनाव में सब से बड़ा दल हो कर आये सही मगर फिर भी हमारी संख्या पचास फीसदी से काफी कम रही और हम ने अपने पाप का फल पाया। मगर दूसरे जो लोग आये,

[श्री मृत्युंजय प्रसाद]

उन के बारे में यह कहा जा सकता है कि एक विचित्र भानमति का कुनबा था, किसी भी बात का कोई ठिकाना नहीं था, उन का आपस में कोई मेल नहीं था। सिवाय इसके कि गद्दी हमारी हाथ में रहे, उन के बीच में मेल की और कोई बात नहीं थी। सब के सिद्धान्त, विचार धारा, कार्यक्रम, पूर्व इतिहास, सभी अलग अलग थे फिर भी किसी तरह बाबू महामाया प्रसाद को मुख्य मंत्री बनाया गया और सात दल उस सरकार में सम्मिलित हुए।

अभी बहुत कहा गया है कि हारे हुए लोगों को पद दिये गये। मैं सब बातों का जवाब तो नहीं दे सकता हूं, क्योंकि मेरे पास समय नहीं है। मैं केवल एक ही उदाहरण आप के सामने रखूंगा कि जिन को मैं हरा कर आया हूं, जो कौंसिल के मेम्बर रहते हुए मुझ से चुनाव लड़ने के लिये आये और हार गये, जिन्हों ने प्रत्यक्ष चुनाव कभी जीता ही नहीं था, क्योंकि कौंसिल में तो वह अप्रत्यक्ष रूप से जीते हुए थे....

**श्री रणधीर सिंह** : उन का नाम बताइये।

**श्री मृत्युंजय प्रसाद** : बाबू इन्द्रदीप सिंह, कम्युनिस्ट लीडर। हार जाने के बावजूद या इसी कारण वह पहली दफा मिनिस्टर हुए। उन को मैं हरा कर आया हूं इस लिये यह बात मैं दावे के साथ कह सकता हूं।

उस के बाद संविद सरकार में जिन लोगों को लिया गया, उन सब ने मिलकर जिस तरह से शासन चलाया, उसके बारे में मुझे अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है। उस समय के मुख्य मंत्री, श्री महामाया प्रसाद, ने अब आकर बहुत से भेद खोले हैं। कब ?—जब उन्हें भी छोड़ दिया गया और वह फ्रस्ट्रेटिड और उदास हो कर बोलने लगे। उस से पहले तो सभी उन के प्रिय थे, सभी एक से एक अच्छे थे। मगर जब उन को संविद का नेता मानते हुए भी, उन के संविद का प्रधान रहते हुए भी, उन की पीठ के पीछे, कांग्रेस से निकले हुए लोगों के साथ सौदा किया गया और श्री भोला पासवान शास्त्री के साथ मुख्य मंत्रित्व का सौदा किया गया, तब उन्होंने समझा कि अब उन की कीमत क्या रही है। वैसी हालत में राजा रामगढ़, श्री कामाख्या नारायण सिंह के लिये महामाया बाबू का साथ छोड़ना जरूरी हो गया था।

यानि शुरू से ले कर आखिर तक यह स्वार्थ का खेल था। किन्हीं दो पार्टियों में एक दूसरे के साथ मेल नहीं था। मैं ज्यादा डीटेल में या ब्यौरे में नहीं जा सकूंगा क्योंकि समय का अभाव है, लेकिन मैं एक दो बातें तो कहूंगा ही। पहली बात यह है कि जनसंघ वालों को कम्युनिस्ट फूटी आंखों नहीं सुहाते थे और कम्युनिस्ट को भी जनसंघ वैसी ही अप्रिय लगता था। दोनों भ्रष्टाचार के प्रश्न पर एक दूसरे की जांच भी कराना चाहते थे और एक दूसरे को सरकार से निकलवाना भी चाहते थे, मगर जब जब उन पर चोट पहुंची, वे फिर एक दूसरे के गले लगे। जब दूसरी बार संविद सरकार बनने का अवसर आया, तो फिर दोनों एक दूसरे के दोष भूल गये और एक दूसरे के गले लग गये और नई सरकार बन गई। किन्तु नई सरकार का क्या हाल हुआ ? संविद की संख्या में जो सब से बड़ा दल रहा, संसोपा, उसके नेता यह निर्णय ही नहीं कर सके कि उन का सत्याग्रह का नाटक कब तक चलाया जायेगा, और कब वह नाटक खत्म किया जायेगा और कब वह सरकार में शामिल होंगे। यह निर्णय संसोपा दल नहीं कर सका। यह दूसरी बात है कि उन का नाटक खत्म होते होते

मजलिस ही बरखास्त हो गई इसलिए उन का सरकार में आने का मौका नहीं मिला। अब औरों की बात लीजिए। कैसी सरकार बनी थी उस का नमूना यह है कि 3 महीने 5 दिन सरकार चली। इतने दिनों में तीन मिनिस्टरों से सरकार कायम हुई और आखिर तक 13 मिनिस्टरों तक पहुंची थी, फिर भी खूबी यह है कि बजट में उन्होंने 16 मंत्रियों और 16 राज्य-मंत्रियों के वेतन की मांग की। मतलब यह था कि शुरू फरवरी में जो बजट वह पेश करने वाले थे वही बजट ले आए जून में और इतना भी नहीं पढ़ा कि अभी तो न 16 मंत्री हैं न एक भी कोई राज्य मंत्री है और न और ही कुछ है। यह पीछे से भी जोड़ सकते थे। अभी सवाल छेड़ा गया है कि पिछली संविद सरकार ने जो निर्णय किये वह कहाँ तक माने जायेंगे तो जो इतना सोच कर निर्णय करते हैं कि अपने बजट को भी बिना पढ़े पेश कर देते हैं उन के निर्णय पर तो सोचना ही पड़ेगा। सहज में उनके निर्णय नहीं माने जा सकते।

अब असल बात पर मैं आना चाहता हूं। यह सरकार टूटी ही क्यों? पहले तो माना कि कांग्रेस ने गड़बड़ किया। आखिर क्या गड़बड़ किया? कांग्रेस ने कहा कि हम सरकार नहीं बनाएंगे क्योंकि यह हमारी शान के खिलाफ है कि जब हम अकेले सरकार नहीं बना सकते तो किसी के साथ में नहीं बनाएंगे। हमारे इन्कार करने पर ही संविद सरकार बनी जिसने पहला काम यह किया कि कांग्रेस मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। अच्छा किया। मगर कांग्रेस में भी ऐसे उनके भेदिये मौजूद थे जो उन की रक्षा करते थे और उन को बचाने के लिए जो गवर्नर का आदेश था उस का क्लाज 4 (डी) विदड्रा किया गया, निकाल दिया गया। ईमानदारी का तकाजा था कि सभी मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जाँच के लिए दरवाजा खुला रखते। छः के खिलाफ चार्ज लगाए और बाकी के लिए छूट दिया गया इस तरह से कि अय्यर कमीशन स[illegible] के खिलाफ विचार ही न कर सके चाहे जनता की ओर से या सरकारी फाइलों से ही उनके खिलाफ कितने भी आरोप हों। इस के मानी यह हैं कि हमारे बीच में कुछ ऐसे गद्दार बैठे हुए थे जिन को बचाना जरूरी था क्योंकि वह रक्षक महामाया बाबू के और संविद सरकार के थे। और अन्त में यह साबित ऐसे हुआ कि जब वह गद्दारों की खोज में निकले तो बहुत से कांग्रेस में मिल गये। (व्यवधान) हमारे बीच छिपे कम्युनिस्ट जरूर होंगे। इन्फिल्ट्रेटस सब जगह हैं। क्या हमारे यहाँ नहीं हैं। आप के इन्फिल्ट्रेटर्स हमारे यहाँ पर भी हैं। कौन इन से नाँ कहता है और कहाँ हम इन्कार करते हैं जरूर होंगे। यह दूसरी बात है कि हम उन्हें पहचान न सकें, पहचान कर निकाल न सकें। ऐसा एक बहुत बड़ा नमूना बम्बई का है जिन को हरा कर श्रीमती तारा सप्रे यहाँ आई हैं। इस से बड़ा नमूना और दूसरा नहीं हो सकता। जाहिर है वह आप के ही आदमी थे। (व्यवधान) ... हम तो मानते हैं कि इन्फिल्ट्रेटस थे और वह बहुत संभल कर चलते हैं जिस से कि पकड़ में न आ सकें ...

**श्री कंवर लाल गुप्त** (दिल्ली सदर): अब कितने हैं? कुछ बाकी होंगे, देखे हैं आप ने?

**श्री मृत्युञ्जय प्रसाद**: उस के बाद संविद सरकार में शामिल हर दल को बनाए रखने के लिए, दल के एक एक आदमी के स्वार्थ की रक्षा, दल की रक्षा नहीं, दल के एक एक आदमी के स्वार्थ की रक्षा की गई जिस के दो उदाहरण मैं आप के सामने रखूंगा एक ही आदमी का जिक्र करूंगा, वैसे तो सभों के बारे में बहुत कुछ कहना है, मगर समय नहीं है। एक तो यह कि जिनके ऊपर बिहार सरकार के बहुत बड़े विशाल क्षेत्र में फैले हुए जंगलों और खानों के सैकड़ों मामले चल रहे थे उन के छोटे भाई को खान

[श्री मृत्यञ्जय प्रसाद]

और जंगल का पोर्टफोलिओ दिया गया उन्हें वन-खान मंत्री बनाया गया । नाम पूछिएगा तो बता दूंगा, लेकिन जरूरत नहीं है, सभी समझ रहे हैं । उस के बाद से जनवरी में संविद सरकार गिरने के दिन या दो दिन पहले, ठीक डेट का मुझे पता नहीं, लगभग उसी समय आप के तत्कालीन मुख्य मंत्री बाबू महामाया प्रसाद ने उनके खिलाफ 200 के लगभग केसेज हाईकोर्ट में थे उनके विदड्राअल उठा लेने का आर्डर पास किया । उस के बाद विन्ध्येश्वरी प्रसाद मंडल की सरकार आई । उन्होंने पहला काम यह किया कि विदड्राअल के विदड्राअल की दरख्वास्त दी । नतीजा यह हुआ कि फिर से वह केस चलने की बारी आ गई । तो विन्धायेश्वरी प्रसाद मंडल को गिराना जरूरी हो गया । दूसरा काम यह किया कि कांग्रेसी मंत्रियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार की जाँच आयादेश के क्लाज 4 का जो विदड्राअल था हुआ था उस को री-इस्टेट कराया । मगर ऐडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपीरिएंस की कमी से वह गजट में प्रकाशित नहीं हो सका । इसलिए उन्होंने भी अपनी मृत्यु का वारन्ट उसी दिन साइन कर दिया जिस दिन यह काम किया और कांग्रेस के जो लोग आयादेश से डरते थे । उनके लिये कोई चारा नहीं रह गया । वह कांग्रेस से गये, मंडल सरकार गिरी और आपकी संविद सरकार दोबारा आई । महामाया बाबू तथा उनके दल का साथ छोड़ कर राजा रामगढ़ तथा उनके छोटे भाई फिर मंत्री बने । बाद में उन्हें भी छोड़ने के पहले राजा रामगढ़ कुछ भी कहें, पहले तो भोला शास्त्री भी कहते थे कि मुकदमे उठा लेने की उनकी कोई मांग नहीं है लेकिन बात साफ हो गई, राजा साहब और कुछ नही चाहते थे, दो ही बातें चाहते थे । एक तो पोलिटिकल बात है । मगर असल में चाहते थे कि हमारे ऊपर जितने मुकदमे हैं उठा लिए जायं । वह नहीं उठाये जा सके.....

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : और कांग्रेस ने वादा किया था कि उठा लेंगे ?

**श्री मृत्युंजय प्रसाद** : जिन्होंने वादा किया था वह तो कांग्रेस से निकल गये और उनके साथ हैं आज । और भोला शास्त्री के इस्तीफे का एक और भेद मैं आपके सामने रखूं । वह भेद यह था कि भोला शास्त्री से कहा गया कि आप इस्तीफा गवर्नर के पास न भेजिए, राजा रामगढ़ ऐसे ही बहुत नाराज हैं आपसे । आप पार्टी में इस्तीफा दीजिये और पार्टी में हम नया लीडर चुन लेंगे, वह राजा साहब को संभाल लेंगे, हमारा दल बना रहेगा हमारी सरकार बनी रहेगी । इस पर भोला शास्त्री राजी नहीं हुये । वह नये लीडर कौन बनने वाले थे, वह कांग्रेस के थे, या कौन थे, यह बिहार वाले सभी जानते हैं । तो ऐसी हालत में जहां स्वार्थ को लेकर रोज लड़ाई चलती हो, कोई सरकार टिक नहीं सकती है जो कोई कांग्रेस पर चोट करता है वह एक बात भूल जाता है । गवर्नर ने सही किया या गलत किया पर कांग्रेस के नेता को बुलाया और कहा कि आप सरकार बना लें और वह कह रहे हैं कि हम बनाएंगे, थोड़ा टाइम दीजिए लेकिन भारत सरकार ने कहा कि नहीं ऐसी सरकार नहीं बनाएंगे कि जो टिक न सके फिर भी कांग्रेस को आप दोष देते हैं पद को सत्ता के लोभ का । धन्य है आप और आपके विचार ! इसके बाद मैं इस पहलू को अब छोड़ता हूं ।

अब दो चार बातें जो बार बार आ रही हैं उन के ऊपर कुछ कहना चाहता हूं । पहली बात तो यह है कि बहुत जोरों से आज सुबह से हड़तालियों की बात हो रही है । मैं सब से पहले साफ बात कहूंगा कि दो साल पहले तक मैं भी किसी का नौकर था और आज भी पेंशन पा रहा हूं । इसलिए किसी एम्पलायी की तकलीफ को उनसे अधिक समझता हूं जिन्होंने कभी नौकरी नहीं की है । उनसे कुछ अधिक समझने का दावा रखता हूं । इसलिये

मैं चाहता हूं कि उनके साथ न्याय हो और हर तरह से उनकी जो वाजिब मांगें हैं कबूल की जायं। मगर साथ ही साथ दो बातें उसके भीतर हैं, वह आप को ध्यान में रखनी पड़ेगी। पहली बात तो यह है कि, सब जगह कहा जाता है कि एक ब्राह्मण की जाति है हिन्दुओं में जो सबके ऊपर रहती है, बुरा करे भला करे, उसको कोई क्रिटिसाइज नहीं कर सकता, कोई दंड नहीं दे सकता। मनुस्मति का नियम है। तो वैसे ही आप सरकारी कर्मचारियों को, दूसरे नौकरी पेशा लोगों में ब्राह्मण न बनाइए बल्कि यह देखिये कि जो सारे समाज का स्तर है उसको ध्यान में रख कर ही सरकारी कर्मचारियों का भी विचार कीजिए। एक भाई सरकारी नौकरी में जाता है और दूसरे को नौकरी नहीं मिली, इससे उसकी योग्यता कम हो गई हो, ऐसी बात नहीं है। जो समाज का स्तर है उसे आपको ध्यान में रखना होगा, और साथ ही साथ राज्य की आर्थिक परिस्थिति को भी ध्यान में रखना होगा—इससे ज्यादा मैं नहीं कहना चाहता हूं।

15. hrs.

अब एक बात रह गई। गुलबिया देवी के बारे में जो बातें कही गई हैं, मैंने यहां आकर उनके बारे में पढ़ा, मैं यहां पर 19 ता० को पहुंच गया था। 20 ता० का अखबार मेरे हाथ में है, इसमें यह स्पष्ट लिखा है कि लाश मांगी गई, लेकिन नेता ने नहीं देने दी। जो हुआ हो, वह अपनी जगह पर है, परन्तु एक दुःख इसमें मेरे मन को रह जाता है, जिसका भी कुसूर हो, लेकिन असली जांच में बाधा पड़ी। अगर किसी पुलिस आफिसर ने जुल्म किया है, तो उसको सजा क्यों न दी जाय, उसको सजा जरूर देनी चाहिये, लेकिन इसमें बाधा पड़ गई, चूंकि लाश को हटा दिया गया, उसको जला दिया गया और मौके पर जांच करने नहीं दिया गया। क्यों नहीं दिया गया, यह तो साफ लिखा है, रिपोर्ट गलत है या सही है, मैं उसका जिम्मेदार नहीं हूं—

"The federation leader said that the deceased Mrs. Gulabia Devi might have been suffering from some ailment but the assault by the police was also one of the factors that led to her death. He said that it was a fact that the body was not given for *post mortem* as it was apprehended that the Government would manage to have the report in its favour, and above all, the matter had already been delayed, and 'It was no use having the *post-mortem* done' he said."

SHRI RANDHIR SINGH: What is the date of the newspaper?

श्री मृत्युञ्जय प्रसाद: 20 ता० को सर्च लाइट और इण्डियन नेशन पटना के दोनों दैनिक मेरे हाथ में हैं।

श्री भोगेन्द्र झा: इन अखबारों के मालिक कौन हैं?

श्री मृत्युञ्जय प्रसाद: ये वही अखबार हैं जिन्होंने पिछले चुनाव में हम लोगों को हराया, गालियां दे दे कर हराया।

आपने डा० ए० के० सेन का नाम लिया, वह बहुत अच्छे मशहूर डाक्टर हैं, यह बात सही है, लेकिन साथ ही साथ एक बात और ध्यान में रखनी होगी कि जितने बड़े डाक्टर हैं, उस से बड़े वह पोलिटीशियन हैं, कम्युनिस्ट पार्टी के लीडर हैं।

श्री रामावतार शास्त्री: डाक्टर डाक्टर होता है. . . .(व्यवधान). . . . .

श्री मृत्युञ्जय प्रसाद: दूसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जब से अस्पतालों में हड़ताल के कारण रोगियों को कष्ट हुआ है. . . .

श्री एस० एम० जोशी : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट आफ़ आर्डर है। जो डाक्टर्स होते हैं, वे एक प्रोफेशन के लोग होते हैं, उनके कोन्डक्ट के बारे में रिफ्लक्शन डालना ठीक नहीं है। सी० पी० आई० का लीडर है, इसलिये उसने गलत रिपोर्ट दी है, ऐसा नहीं कहना चाहिये।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (बाढ़) : उस की जांच हो।

MR. DEPUTY-SPEAKER: He mentioned the fact only. I recognise that so far as the profession is concerned, he is above board. I do recognise that, and the hon. Member who is speaking also recognises that. But simultaneously he also just mentioned that he had a political affiliation. That is all. He did not cast any aspersions.

श्री भोगेन्द्र झा : वह बिहार मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं, सर्वसम्मति से इलैक्ट हुए थे . . . (व्यवधान) . . .

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta North East): Our friend here said very clearly that more than his being a doctor, he is a supporter of the communists. That is to say, his duty as a doctor is likely to be overridden by his alleged loyalty to the Communist Group. He did say so, and let the record be compared. I heard in Hindi and he did say that.

I put it to you that a professional man who is not here to defend his professional honour is being impugned in this House, and I support the point of order which Shri S. M. Joshi has raised.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I entirely agree that no hon. Member should insinuate. It is usually taken for granted that a doctor belonging to the medical profession is above board and he is sincere to his professional duties and obligations. I presume the hon. Member meant the same thing; only in passing he said that he belonged to a particular party. I do not think he had any intention to cast any aspersions on his professional integrity.

श्री रामावतार शास्त्री : लेकिन इसे कहने की क्या जरूरत थी ?

श्री मृत्युंजय प्रसाद । इस के बाद अस्पतालों के सम्बन्ध में कहने की दो बातें रह जाती हैं। पहली बात तो यह है कि कुछ मित्र चाहें जो समझें, अस्पतालों में इस तरह से स्ट्राइक चलनी चाहिये या नहीं चलनी चाहिये, इसके बारे में वे कुछ भी विचार रखें, मुझे उस से कोई लड़ाई नहीं है अपने अपने विचार हैं, मगर एक चीज मैंने पाई है—इस हड़ताल के सम्बन्ध में 21–22 ता० तक मैं बिहार के अखबारों को देखता रहा, सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी को छोड़ कर, न संसोपा ने, न प्रसोपा ने, न भारतीय क्रांति दल ने और न जनसंघ के किसी बड़े नेता ने उस का समर्थन किया . . . .

श्री गुणानन्द ठाकुर (सहरसा) : संसोपा ने समर्थन किया था . . .

श्री मृत्युंजय प्रसाद : मान लिया कि आप सब संसोपा के सब से बड़े नेता हैं।

श्री रामावतार शास्त्री : कर्पूरी ठाकुर को मानते हैं या नहीं ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: That issue is disposed of.

**श्री मृत्युंजय प्रसाद** : एक बात भारत सरकार पर भी आ जाती है, मैं शुक्ल जी को उसकी याद दिलाना चाहता हूं। बिहार के अखबारों में कुछ लोगों ने, कुछ रोगियो ने अपने विचार व्यक्त किये हैं जिसमें कहा है कि भगवान भला करे इन हड़तालियों का, होम-गार्डस के हाथों से हमें पहले से अच्छा खाना मिल रहा है. सफाई पहले से कहीं ज्यादा अच्छी है, हमारी सेवा पहले से अच्छी हो रही है और अब जो स्टैंडर्ड सुधरा है, उस स्टैंडर्ड को मेन्टेन करना शुक्ल जी अब आप की, भारत सरकार की जिम्मेदारी है। मैं पहले के लिये नहीं कह रहा हूं अब आगे के लिये भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि वहां के स्टैण्डर्ड में जो सुधार आया है उस को मेन्टेन रखेंगे।

**श्री वेणी शंकर शर्मा** (बांका) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, गत आम चुनावों के बाद देश में जिस प्रकार एक एक करके राष्ट्रपति शासन लागू किया गया, उसके लिये भारत में रहने वाल प्रत्येक भारतीय का सिर शर्म से झुक जायेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी हमार सम्माननीय सदस्य श्री वेंकटा सुबैया जी ने, जिस समय श्री सेझियान बोल रहे थे, एक प्रश्न पूछा था कि जब भोला पासवान की मैजोरिटी थी तो उन्होंने रिजाइन क्यों किया। इसका उत्तर मैं यहां पर देना चाहता हूं। भोला पासवान शास्त्री को मैजोरिटी थी, उनके मंत्रि मंडल के एक सदस्य राजा कामाख्या नारायण सिंह, जिन्हें मैं बिहार की राजनीति का राहु मानता हूं, थे...

**श्री रणधीर सिंह** : आप तो खेतड़ी के हो।

**श्री वेणी शंकर शर्मा** : मैं तो बिहार का हूं। बिहार में मेरा जन्म हुआ और वहीं से चुना गया हूं।

15.09 hrs.

[श्री नार्सिंगनार मोह पीठासीन हुये]

सभापति महोदय, उस समय राजा कामाख्या नारायण सिंह ने भोला पासवान शास्त्री के सामने कुछ ऐसी शर्तें रखीं, जिसे उन जैसा ईमानदार आदमी कभी मंजूर नहीं कर सकता था। राजा साहब के पास सरकार का 10 करोड़ रुपया बाकी है वह चाहते थे कि उनको खानों और जंगलों का महकमा दे दिया जाय। आप में से बहुत से कांग्रेस के सदस्य जानते हैं कि भोला पासवान शास्त्री कितने ईमानदार और सच्चे आदमी हैं, कम से कम आज उनके ऊपर किसी को उंगली उठाने का मौका नहीं मिल सकता, लेकिन उन भोला पासवान शास्त्री को आपकी कांग्रेस पार्टी ने गिराने में कोई कोर-कसर नहीं रखी। सब लोग जानते थे कि भोला पासवान शास्त्री के मुख्य मंत्रित्व में प्रदेश को स्वच्छ और ईमानदार शासन मिलेगा, किन्तु हमारे कांग्रेसी मित्र जो कभी तीन दिन किसी कैम्प को जेल में रह कर आये हैं, वे समझते हैं कि उन्हें ही इस देश को लूटने और खाने का अधिकार है, उसी प्रवृत्ति से आज भोला पासवान शास्त्री मंत्रि मंडल को गिराया गया। आज जो दल-बदल प्रवृत्ति देश में चल रही है, उसका कारण मैं एक ही मानता हूं और वह है—स्वार्थ और सत्ता की लोलुपता। राजस्थान का इतिहास हमारे सामने है, हरियाणा का इतिहास हमारे सामने है। मैं यहां पर उसकी चर्चा करना नहीं चाहता क्योंकि हमारे कुछ मित्र उसकी चर्चा कर चुके हैं। बिहार के सम्बन्ध में ही मैं कहना चाहता हूं। बिहार में तीन बार मंत्रि मंडल बदले और चार मुख्य मंत्री आये। किस प्रकार से वे आये, मैं उसकी थोड़ी सी चर्चा करना चाहूंगा।

[श्री वेणी शंकर शर्मा]

जिस समय बाबू महामाया प्रसाद मुख्य मंत्री थे उस समय किस प्रकार शोषित दल के मंत्रि मंडल की स्थापना की गई, वह तो प्रकट ही है। किस प्रकार से हमारे सम्मानित मित्र श्री विंदेश्वरी मंडल ने यहाँ से वहाँ जाकर सरकार बनाने की चेष्टा की ? वे फिर इस सदन में आ गये हैं। मैं समझता हूं इस सदन में वे ही एकमात्र द्विज हैं जिनका चुनाव दो बार हुआ है और जिन्होंने अध्यक्ष के चारों तरफ घूम कर दो बार सप्तपदी की रस्म अदा की है। शेष हम सब जितने सदस्य हैं उनका जन्म एक बार ही हुआ है परन्तु केवल वे ही एक मात्र द्विज हैं जिनका जन्म इस सदन में दो बार हुआ है . . . (व्यवधान) . . . . मेरे मित्र श्री विंदेश्वरी मंडल को शिखंडी बना कर किस प्रकार कांग्रेस के अर्जुनों ने महामाया मंत्रि मंडल पर तीखे बाण छोड़े, वह भी सर्वविदित है। मैं उसकी यहाँ पर विशेष चर्चा नहीं करना चाहता लेकिन उस समय डा० काननगो साहब ने जो नीति अपनाई वह एक विचारणीय विषय है। उस सन्दर्भ में कानूनगो साहब ने जो नीति बरती, उसकी जितनी भर्त्सना की जाये थोड़ी है। मैंने कानूनगो साहब का आर्डर देखा है। उन्होंने केवल एक दिन के लिये मुख्य मंत्री बनाया। किसी प्रकार से विंदेश्वरी मंडल को विधान परिषद् का सदस्य चुन लिया गया। इतिहास में वर्णित भिश्ती की तरह से एक दिन के लिये मुख्य मंत्री बनाया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा मेरे नेता विंदेश्वरी मंडल हैं, वे ही सरकार बनायेंगे। तो जहाँ हमारे गवर्नर डा० कानूनगो ने विंदेश्वरी मंडल की सरकार बनाने में इस तरह का रुख अपनाया वहाँ जब भोला पासवान शास्त्री का अवसर आया तो उन्होंने अपना रुख बिल्कुल बदल दिया और उन्होंने कहा कि भोला पासवान की मैजोरिटी नहीं है, इन्हें सरकार बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। दूसरे ही दिन कांग्रेस पार्टी के 50 सदस्य उनका साथ देने वाले थे और इसी कारण, कांग्रेस पार्टी के हित की दृष्टि से उन्हें एक दिन का भी समय नहीं दिया गया। इस प्रकार उन्हें दोबारा सरकार बनाने का मौका नहीं दिया गया। गवर्नर साहब ने अपने पत्र में लिखा है :

"Shri Bhola Paswan Shastri who had submitted his resignation yesterday has written to me today that he is in a position to form a Government presumably with the support of defectors from other parties. I cannot accept his claim."

जिस समय विंदेश्वरी मंडल की सरकार बनी तो वह भी डेफेक्टर्स की सहायता से बनी थी किन्तु जब भोला पासवान के लिये डेफेक्टर्स की सहायता से सरकार बनाने का अवसर आया तो डा० कानूनगो साहब ने सिद्धान्तों की दुहाई देनी शुरू कर दी। फलस्वरूप उन्होंने राष्ट्रपति का शासन लागू कर दिया। तब वे साक्षात ईमानदारी के मूर्तमान स्वरूप बन बैठे।

अब मैं इस चर्चा को समाप्त कर दो चार रचनात्मक बातों की ओर माननीय गृह-मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। बिहार में 11 जुलाई से 2 लाख 36 हजार अराजपत्रित कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। उन बेचारों की माँग क्या है? आखिर उन्हें भी जीने का हक है। वे भी पेट भर भोजन माँगते हैं। उनकी केवल दो ही माँगे हैं। एक तो यह कि उन्हें केन्द्रीय कर्मचारियों के अनुरूप भत्ता इत्यादि दिया जाये और दूसरे यह कि उनकी छंटनी न की जाये। मैं आपके माध्यम से गृहमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि ऐसी माँग करने में उनका क्या कुसूर है ? आखिर सभी को जीने का हक है। देश में इतना अनाज पैदा होने के बावजूद आज उनके बच्चे भूखों मर रहे हैं। शायद गृह मंत्री जी कहेंगे कि बिहार की सरकार के पास इतना पैसा नहीं है कि वह उनकी माँगों को पूरा कर सके। पैसा इकट्ठा करना तो

सरकार का काम है और वाजिब मेहनताना माँगना उनका काम है। आज देश में इतना अधिक अनाज पैदा हुआ है लेकिन सरकार की गलत खाद्य नीति के कारण न तो अनाज ही सस्ता हो सका है और न, जिन लोगों को अनाज खरीदना पड़ता है, उनको उचित मेहनताना ही दिया जाता है। ऐसी अवस्था में उन अराजपत्रित कर्मचारियों की हड़ताल को गैर-वाजिब नहीं कहा जाता सकता। किन्तु हमारे गवर्नर डा० कानूनगो तो वहाँ पर एक ताना शाह बन कर बैठे हुये हैं, वे जरा सा भी टस से मस नहीं होना चाहते। मेरे पास जो सूचना है उससे मैं बताना चाहता हूं कि हड़तालियों ने तो यहाँ तक मंजूर कर लिया है कि वे अपनी फाइनेंशियल डिमांड्स को मुल्तवी रखना चाहते हैं। उनका कहना है :--

"On appeal from the Governor and in view of difficulties and inconvenience to the people due to strike, the Federation resolved to end the strike, if Government agrees to sanction interim relief, withdraw victimisation, concede non-financial demands and finalise eramination of the issues within two months."

लेकिन इसके बाद भी गवर्नर साहब इन हड़तालियों की बात मानने के लिए तैयार नहीं हैं। मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे गवर्नर को आदेश दें कि जितनी जल्दी हो सके वे इन लोगों की मांगों को मान कर हड़ताल को वापिस करायें।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : गृह मंत्री स्वयं मान सकते हैं, इसमें आर्डर देने की क्या जरूरत है।

**श्री बेणी शंकर शर्मा** : आज बिहार का प्रशासन एक प्रकार से ठप्प पड़ा हुआ है। अस्पतालों में रोगियों की सेवा सुश्रुषा नहीं हो पा रही है। गाड़ियों के ड्राइवर नहीं हैं। जब वहां पर राष्ट्रपति का शासन है तो फिर यह पार्लियामेन्ट वहां के सुशासन के लिए उत्तरदायी है। इसलिए मैं गृह मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि जितनी जल्दी हो सके, वे इस हड़ताल का अन्त करायें।

अन्त में मैं दो तीन बातों की ओर गृह-मंत्री जी का ध्यान और आकर्षित करना चाहता हूं। महामाया बाबू के मुख्य मंत्रित्व में बिहार में बहुत कुछ अच्छे काम हुए थे। उस साल बिहार में भयंकर अकाल पड़ा था लेकिन उन्होंने जिस खूबी के साथ उसका सामना किया वह प्रशंसा की बात है उन्होंने इस बात को समझा था कि यद्यपि बिहार में बड़े-बड़े डैम बनाये गये लेकिन वे सूखे पड़े रहे। इसलिए महामाया मंत्रिमंडल ने सिंचाई के सम्बन्ध में एक नई रूपरेखा, एक नई योजना बनाई और उसके अनुसार काफी काम भी किया। किन्तु जैसा आप को मालूम है किसी योजना को बनाने में ही काफी समय निकल जाता है और उसके पश्चात् उनको कार्य रूप में परिणत करने का अवसर आता है। अब मेरा गृह मंत्री जी से आग्रह है कि जो योजनायें सिंचाई के सम्बन्ध में उस समय बिहार में बनाई गई थीं उनको खटाई में न पड़ा रहने दिया जाये, बल्कि उनको कार्यान्वित किया जाए। वहां आज और दो बड़ी योजनायें कोसी और गंडक की हैं जो खटाई में पड़ी हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि अगर इन दोनों योजनाओं को जल्दी से पूरा कर लिया जाये तो फिर चाहे साल भर पानी न बरसे फिर भी बिहार अपना पेट भर सकता है और अन्य प्रान्तों को भी अन्न दे सकता है। सिंचाई एक ऐसा प्रश्न है जिसे कि मेरी दृष्टि में ढिलाई में नहीं छोड़ा जा सकता है।

एक बात मै और कहना चाहूंगा महामाया मंत्रिमंडल के समय में एक अय्यर आयोग

[श्री वेणी शंकर शर्मा]

का गठन हुआ था । उस अय्यर आयोग ने कुछ बड़े बड़े मंत्रियों की जिनमें कि कांग्रेसी भी थे उन की सम्पत्ति आदि की जांच पड़ताल करने की आज्ञा दी थी। मैं गृह मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि वे कम से कम उस जांच को बराबर आगे बढ़ाते रहें और वह जांच अब खटाई में न पड़ जानी चाहिए । मैं चाहता हूं कि मध्यावधि चुनाव आने के पहले उन लोगों की सही सही तस्वीर देश के सामने आ जाय जिससे कि लोग समझ सकें कि जो अपने को जनता का सेवक कहलाने का दम भरते थे वे वास्तव में जनता के सेवक न हो कर भक्षक सिद्ध हुए। आम जनता जाने कि वह हमारे सेवक और रक्षक से भक्षक कैसे बन गये ।

**सभापति महोदय** : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो चुका है ।

**श्री वेणी शंकर शर्मा** : बस मैं आप की आज्ञा से एक, आध मिनट में समाप्त किये दे रहा हूं । झारखंड में जो परिस्थिति हो रही है वह परिस्थिति बहुत चिन्ताजनक है। वहां विदेशी ईसाइयों के प्रभुत्व में काम करने वाले ईसाई पादरी लोग इस प्रकार से वहां भी नागालैंड की सी स्थिति उत्पन्न करने में लगे हुए हैं। गृह मंत्री महोदय का यह कर्त्तव्य है कि वह इस ओर शीघ्र से शीघ्र ध्यान दें ।

बिहार के भूतपूर्व मंत्री श्री रूद्र प्रताप सारंगी ने जो वृत्त प्रस्तुत किया है उसे मैं केवल पढ़ कर अपना भाषण समाप्त कर दूंगा । भूतपूर्व राज्य मंत्री श्री रुद्र प्रताप सारंगी जोकि एक आदिवासी हैं और आदिवासी इलाके के रहने वाले हैं उन्होंने सारी स्थिति का अध्ययन करके यह रिपोर्ट प्रस्तुत की है :

"केवल रांची जिले में 52 पहाड़ी केन्द्रों पर गुप्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जहां गोरिल्ला-युद्ध का अभ्यास कराया जाता है । लूट और आगजनी का प्रशिक्षण दिया जाता है विस्फोट पदार्थों और "आग्नेयास्त्रों की उपयोग विधि बताई जाती है। शीघ्र ही यहां शस्त्रास्त्र निर्माण के लिये कारखाना स्थापित करने के लिये गुप्त स्थान की खोज की जा रही है।"

सभापति महोदय, यह एक ऐसी सूचना है जो कि बिहार के लिये ही नहीं अपितु सारे देश के लिये चिन्ता का विषय ह और सारे देश की सुरक्षा से यह प्रश्न सम्बन्धित है ।

एक आखिरी बात कह कर मैं समाप्त किये देता हूं। आज देश में आमतौर पर जो बेकारी की समस्या फैली हुई है उससे बिहार अछूता नहीं है। बिहार में बड़ी बड़ी यूनिवरसिटियां, इंजीनियरिंग कालिजेज और डिप्लोमा होल्डर्स कालिजेज बनाये गये हैं। लेकिन चूंकि बेकारी फैली हुई है इसलिये डिग्रीधारी और डिप्लोमाधारी इंजीनियर्स को दर दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं और उन्हें कहीं नौकरी नसीब नहीं होती है। दूसरी ओर हम देखते हैं कि हमारी प्राथमिक पाठशालाओं के ऊपर फूस के छप्पर तक नहीं हैं। उनकी खपरैलों और छप्परों से पानी चूता रहता है। मैं केवल एक ही प्रार्थना करूंगा कि वे कम से कम इन छ टी छ टी शालाओं को छप्परों आदि को छाने के लिये 1000—2000 रुपया दें। बिहार में जो नये नये ब्राडकास्टिन्ग स्टेशन्स बनाये जा रहे हैं मैं नहीं समझता कि वहां के लोगों को इनकी कोई आवश्यकता है कि उसके बगैर उनका काम नहीं चल सकता है। हमारा पहला काम प्राथमिक पाठशालाओं पर छप्परों को छाना होना चाहिये और बेकारी की समस्या को दूर करना होना चाहिये । उसके बाद जब हमारे पेट में कुछ अन्न पहुंच जायेगा तब आप अलबत्ता यह रेडियो स्टेशन्स बनाते रहियेगा।

**एक माननीय सदस्य :** शर्मा जी ने जो अभी कहा है कि श्री रुद्र प्रताप सारंगी आदिवासी हैं तो यह बात गलत है। वह आदिवासी नहीं हैं।

**श्री हुकम चन्द कछवाय :** हम तो हैं वह अगर नहीं भी हैं।

**सभापति महोदय :** श्री द्वा० ना० तिवारी

**श्री द्वा० ना० तिवारी** (गोपालगंज) : सभापति महोदय, गवर्नरी शासन के सम्बन्ध में राजनीतिक बातें बहुत कही गईं। ऐसा आज ही नहीं अपितु जब हरियाणा में गवर्नर शासन हुआ तो कही गई, बंगाल में हुआ तब कही गई और उत्तर प्रदेश में जब गवर्नर का शासन हुआ तब भी कही गईं। अब यह सवाल कि क्या गवर्नर की पावर्स हैं और कैसे उन्होंने अपनी पावर्स से बाहर जाकर अमुक, अमुक गवर्नमेंट को बनाने की कोशिश की यह तू-तू मैं मैं बराबर चलती रही है और इस अवसर पर मैं बहुत कम उस सम्बन्ध में बात करना चाहूंगा क्योंकि उसका कोई अन्त नहीं होगा। उधर से कहा जायगा कि तुम लोगों ने ज्यादती की और हम कहेंगे कि आप लोगों ने ज्यादती की। इस तू-तू मैं-मैं का अंत नहीं होगा। और बात बढ़ती ही जायगी। लेकिन एक बात मैं जानता हूं कि बिना कांग्रेसियों को मिलाये आप का कहीं भी कल्याण नहीं होता है और वह ऐसे ही है जैसे कहावत मशहूर है कि :

"बिना जुलाहे ईद नहीं होती है"।

देखने में आया है कि यह आपके संयुक्त मंत्रिमंडल, या संविद सरकारें जहां भी बनती वहां बिना कांग्रेसियों को अपनी ओर मिलाये इनका काम नहीं चलता है। अगर उत्तर प्रदेश में संविद सरकार बन पाई तो वहां के कांग्रेसमैनों को मिलाने से ही बन पाई। इसी तरह से बिहार में आपकी संविद सरकार बनी तो महामाया प्रसाद सिंह को आपको अपने में मिलाना पड़ा।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** बिना बिभीषण के राम का काम नहीं चलता।

**श्री द्वा० ना० तिवारी :** बंगाल में श्री अजय मुकर्जी के कारण सम्भव हो पाया। दरअसल इन लोगों में मुख्य मंत्री बनने के लिए कोई काबिल नहीं होता है और मजबूरन उसके लिए इन्हें हमारी शरण में आना पड़ता है। जब कहीं शरण न मिले तो फिर रघुपति की ही शरण में जाया जाता है। हमारे अन्दर ऐसे योग्य आदमी हैं इसलिए हमारे पास इन्हें मजबूर हो कर आना पड़ता है। गाली भले ही हम इन्हें दे-दें लेकिन हक़ीकत यह है कि हमारे बगैर इनका काम भी नहीं चलता है।

दूसरी बात यह है कि बिहार में आप की यह संविद सरकार कैसे चलती थी। संविद सरकार के मंत्रिमंडल में आपस में इतना झगड़ा होता था कि वहां पेपर वट्स हटा लिये गये थे क्योंकि डर हो गया था कि कहीं पेपर वेट उठा कर एक दूसरे को न मार दें। पेपरवेट से ही एक दूसरे पर आघात करने लग जायें।

यह ठीक है कि कांग्रेस में आपस में मतभेद हैं लेकिन ऐसा आप ने कहीं-कहीं सुना होगा कि कैबिनेट में दो दल के मंत्री आपस में लड़ते हों। लेकिन ऐसा बिहार में हुआ है। यह देखने लायक नज्जारा था। अभी हमारे एक साथी ने कहा कि उन को वह निकालना चाहते थे, व्यक्तिगत कारणों से उन को निकालना चाहते थे, लेकिन यह कभी नहीं हुआ कि कैबनेट की मीटिंग में ही दो दल के मंत्री आपस में लड़ पड़े हों और

[श्री द्वा० ना० तिवारी]

हाथापाई करनी शुरू कर दी हो । आप यह समझ लेते हैं कि राजनीतिक बात हुई है । ऐसा केवल बिहार में ही नहीं हुआ है बिहार के बारे में मैं अधिक जानता हूं इसलिए उस की बाबत मैं ने आप को बतला दिया है । वैसे और जगह भी हुआ है । उत्तर प्रदेश नजदीक में है और वहां भी करीब-करीब ऐसा ही हुआ है । दरअसल अब लोग आप की इस संविद सरकार से ऊब गये हैं और यदि चुनाव चल्दी हो जायें तो मैं समझता हूं कि कांग्रेस बहुत अधिक बहुमत में आ जायेगी . .

**एक माननीय सदस्य** : लेकिन चुनाव तो टालने की कोशिश आप लोग कर रहे हैं ।

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : अजी हमारी बात चलती तो हम अक्तूबर में ही चुनाव करवा लेते, लेकिन प्रोसीज्योर ऐसा है कि वैसा हो नहीं सकता है । यह भी आरोप विरोधी दल वालों का गलत है कि गवर्नर कांग्रेस वालों का फेवर करते हैं । ऐसी कोई बात नहीं है । मैं बतलाना चाहता हूं कि वर्तमान गवर्नर के पहले वाले गवर्नर भी कांग्रेसी थे और गवर्नर बनने से पहले यहां लोक सभा के हमारे स्पीकर थे । उन्होंने कभी कांग्रेस वालों को फेवर नहीं किया यह बात साबित हो चुकी है । श्री कानूनगो जोकि उनके बाद गवर्नर बने वह भी कांग्रेसी हैं लेकिन उन्होंने भी कांग्रेस वालों को फ़ेवर नहीं किया है और कहने पर भी उन्होंने दो, तीन दिन का टाइम कांग्रेस पार्टी के नेता को नहीं दिया । यहां की सैंट्रल गवर्नमेंट कहला देती है कि कोई भी फेवर नहीं होगा और गवर्नर जो कहता है वही मानना होगा । इसलिये यह कहना गलत है कि गवर्नर कांग्रेसियों को फेवर करते हैं । हमारा विश्वास है कि यहां के भी मंत्री लोग जितना अपोज़ीशन के मेम्बरों का काम करते हैं उतना हम कांग्रेसियों का काम नहीं करते हैं । सब लोग दरअसल गाली से डरते हैं और आज भले आदमियों से कोई नहीं डरता है । गाली देने वालों से सभी लोग डरते हैं । इतना ही नहीं, इस हाउस में आज ही हमारे स्पीकर ने कहा है कि यह एलडर्स मेम्बर्स में चर्चा है और आचार्य कृपालानी ने कहा है कि जो लोग बहुत चिल्लाते हैं उनको बोलने का समय मिल जाता है जबकि भले आदमी जो बोलने के वास्ते खड़े होते हैं उनको समय नहीं मिलता है ।

यह बात आप समझ लीजिये कि कोई भी कांग्रेसमैनों का फेवर नहीं करता है फेवर करता है तो वह आप ही लोगों का करता है । हम लोग पीछे रह जाते हैं । क्योंकि वी आर टेकन फोर ग्रानटेड। यह लोग तो हैं ही, यह कहीं नहीं जायेंगे लेकिन यह जो गाली देने वाले लोग हैं उनसे डरते हैं और उन्हें फेवर करते हैं ताकि वह गाली न दें ।

बिहार में राष्ट्रपति का शासन उस समय स्थापित किया गया जबकि बिहार में कोई मंत्रिमंडलीय शासन रह नहीं गया था । कोई सरकार "वर्थ दी नेम" रह ही नहीं गई थी और ला ऐंड आर्डर की सिचएशन एकदम खराब हो गई थी । किसी की जान माल को रक्षा के लिये कोई जवाबदेह नहीं था, ट्रेनों में अपने घर की महिलाओं के साथ कोई में सफर नहीं कर सकता था ।

**एक माननीय सदस्य** : क्या श्री के० बी० सहाय की सरकार के समय में ऐसा नहीं था ?

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : तब इससे अच्छा था । यह बात ठीक है कि जैसा शासन

श्री कृष्ण सिंह और पं० विनोदानन्द झा के समय में था उससे खराब हो गया था लेकिन अब तो बदतर हो गया है ।

**एक माननीय सदस्य** : उसके बाद गवर्नर के राज्य में कैसा है ?

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : गवर्नर के राज्य में क्या होगा यह तो आप को मालूम होगा । गवर्नर के राज्य में और कुछ न हुआ हो लेकिन ला एंड आर्डर की बात तो नहीं है ।

बिहार राज्य की फाइनेन्शल पोजीशन उतनी ही खराब है । गवर्नर कर्मचारियों की मंहगाई भत्ता बढ़ाने के बारे में जो सोच रहे हैं और उसके लिये समय मांग रहे हैं, उसका यह मतलब नहीं है कि वह उनको कुछ देना नहीं चाहते हैं । वह कहते हैं कि यह मामला ऐसा है कि उनको हिन्दुस्तान की सरकार से सलाह करनी होगी, इसलिये वह लोग कुछ समय के लिये हड़ताल तोड़ें । वह राय मश्वरा करके कोई निर्णय लेंगे । लेकिन वहां के कर्मचारियों ने इस का समय भी उनको नहीं दिया । अभी गवर्नर का शासन हुए दो ही तीन दिन हुए थे कि उन्होंने हड़ताल कर दी । गलती तो उनकी हो गई । उनको गवर्नर को कुछ समय देना चाहिये था । उन लोगों में भी दो दल हैं । एक दल है जो चाहता है कि समय दिया जाये, इसलिये आज वहां पर अटेंडेंस 60 परसेंट है, और दो एक दिनों में शायद हड़ताल टूट जायेगी, भले ही विरोधी दल वाले कितना ही उनके मोराल को बूस्ट अप करना चाहें क्योंकि वह भी समझते हैं कि उनसे गलती हो गई है ।



इसलिये जो कर्मचारियों की जायज मांगें हैं उनको पूरा किया जाये । मैं नहीं कहता कि उनको पूरा न किया जाये । लेकिन एक बात को ध्यान में रखना होगा कि कहीं भी सरकारी नौकर पूरा काम नहीं करते हैं । आज भी लोग सेक्रेटेरियट में दो तीन घंटे रोज से ज्यादा काम नहीं करते हैं । आप को याद होगा दो तीन साल पहले श्री जयप्रकाश नारायण ने एक स्टेटमेंट दिया था कि कोई कर्मचारी सेक्रेटेरियट में दो या तीन घंटे से ज्यादा काम नहीं करता है ।

**एक माननीय सदस्य** : और मंत्री ?

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : मंत्री की बात आप क्यों करते हैं ?

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : आप कितना काम करते हैं ?

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : मैं बारह घंटे काम करता हूं । आप से ज्यादा ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : सरकारी कर्मचारी ज्यादा काम करें यह सब चाहते हैं ।

**श्री द्वा ना० तिवारी** : मैं चाहूंगा कि वह काम करें और जो नेता लोग हैं कर्मचारियों के या मजदूरों के उनकी जवाबदेही है कि वह

[श्री द्वा० ना० तिवारी]

उनसे कहें कि वह लोग पूरा काम करें । मझ को मालूम है । मेरे अपने जिले में जब कचहरी में हड़ताल हुई तो कुछ मुकदमेबाज आये अपनी तारीख बढ़वाने के लिये । तब कर्मचारियों ने उनसे कहा कि आप हम से सहानभूति क्यों नहीं रखते ? मैं सुन रहा था । मुकदमेबाज ने जवाब दिया कि सहानुभूति क्या करें, जब एक बार आप का मंहगाई भत्ता बढ़ा तब आप ने घूस भी बढ़ा दिया, अगर मंहगाई भत्ता और बढ़ गया तो घूस और ब जायेगी । इस तरह से हमारी आप की तरफ क्या सहानुभूति होगी ? तो पब्लिक की कोई सहानुभूति इस हड़ताल से नहीं है । जिन लोगों ने हड़ताल की, सेक्रेटेरियट वालों ने और कचहरी वालों ने चूंकि पब्लिक के साथ उनका व्यवहार अच्छा नहीं होता है इसलिये उनके साथ किसी की भी सहानुभूति नहीं है । मैं अनुरोध करूंगा कि आप उनको समझायें कि पब्लिक के साथ, जिन से पैसा ले कर उनको दिया जाता है, वह अच्छा बरताव करें ।

अब मैं बिहार की फाइनेन्शल पोज़ीशन के बारे में कुछ कहना चाहता हूं मंत्री जी से बिहार की फाइनेन्शल पोज़ीशन इतनी नीची चली गई है जिस का ठिकाना नहीं है । वहाँ पर कुछ रह नहीं गया है । जितने काम निर्माण के शुरू हुए थे वह सब ठप्प पड़े हैं । एक गण्डक योजना है । उस में हमारे जिले की 10 हजार एकड़ से अधिक भूमि पाँच वर्षों से ले ली गई है, और एक तरह से उस को टाल दिया गया है । कहीं थोड़ी मिट्टी काट कर कहीं अधिक मिट्टी काट कर छोड़ दिया गया है । उस दस हजार एकड़ जमीन से जो पैदावार होती थी वह नहीं हो रही है । गण्डक योजना भी ठप्प पड़ी है । जैसा एक माननीय सदस्य ने कहा कि यदि गण्डक योजना की पूर्ति कर दी जाये तो नार्थ बिहार की खाद्य समस्या हल हो सकती है, जहाँ की आबादी 2 करोड़ की है । हिन्दुस्तान की आबादी का 25वाँ हिसा नार्थ बिहार में है और वहाँ के लोग खाने के लिये मोहताज हैं ।

वहाँ पर कोई भी बड़ी फैक्ट्री नहीं है सिवा शुगर फैक्ट्रीज के । अभी बरौनी में एक रिफाइनरी लगाई गई है । एक वही फैक्ट्री नाथ बिहार में है बाकी सारी फैक्ट्रियाँ साउथ बिहार में हैं । वहाँ पर बिजली का रेट भी अधिक है । अगर सारे देश में 12 और 14 पैसा है तो वहाँ पर 28 पैसा है । और घर के इस्तेमाल के लिये जो बिजली होती है वह तो और भी अधिक है । इस को एक स्तर पर लाने की कोशिश करनी चाहिये गवर्नमेंट को । इस की जवाबदेही केन्द्रीय सरकार की है कि वह गण्डक योजना की तरफ ध्यान दे और उस को बनाने की कोशिश करे । साथ ही जो और योजनायें हैं उन की पूर्ति की भी कोशिश करे । मैं मानता हूं कि उन के पास टाइम नहीं है । छः सात महीने का टाइम है लेकिन काम शुरू कर दें तो एक र्रा बन जायेगा और तब शायद वह काम पूरा हो जाये । आज सब लोगों की नजर केन्द्रीय सरकार की ओर है क्योंकि आज वहाँ पर गवर्नरी शास है । और शासनों से तो सब लोग ऊबे हुए थे । अगर यहाँ से भी उन की उम्मीद पूरी नहीं होगी तो जनता हताश हो जायेगी । आगे के चुनाव में क्या होगा कहा नहीं जा सकता । हाँ, माननीय सदस्य भले ही गाली दे लें, लेकिन जनता हर पार्टी से ऊब गई है । वह किसी भी पोलिटिकल पार्टी को अच्छा नहीं समझती । क्या कांग्रेस, क्या कम्यूनिस्ट और क्या एस० एस० पी० सब से लोग फेड अप हो हैं ।

आज पोलिटिकल पार्टीज का भविष्य हमारे सूबे में अन्धकारमय है ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : आप कांग्रेस से नहीं ऊबे ?

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : मैं दूसरी पार्टी में चला जाता, लेकिन दूसरी पार्टी उस से भी

खराब हैं, कहां जायें ? हम कभी-कभी सोचते हैं कि दूसरी पार्टी में चले जायें लेकिन जहां भी देखता हूं वह उस से खराब ही दिखाई देती है, क्या करें ? (व्यवधान) चूते हुए घर को छोड़ कर बिना छप्पर वाले घर में कैसे चले जायें ?

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : आप सब से टेंडर मांगिये, जिस का लोएस्ट टेंडर हो उस में चले जाइये ।

**श्री द्वा० ना० तिवारी** : पहले टेंडर फार्म बेचिये तो मैं कह रहा था कि बिहार की आर्थिक दशा बहुत ही खराब है और वहां की फाइनेन्शल पोज़ीशन सुधारने के लिये गवर्नमेंट को स्टेप लेना चाहिये । बहुत से इलाके ऐसे हैं जहां पर प्रति व्यक्ति की आमदनी 90 या 95 रु० साल से ज्यादा नहीं है जब कि आल इंडिया ऐवरेज 320 रु० साल का है । महाराष्ट्र की प्रति व्यक्ति आमदनी 430 है और इसी तरह से और स्टेट्स की आमदनी है । लेकिन बिहार की ऐवरेज आमदनी 220 होते हुए भी नार्थ बिहार के दरभंगा और सारन जिलों की आय 90-95 रु० प्रति व्यक्ति है । इन पिछड़ी जगहों को बूस्ट अप करने के लिए और राहत देने के लिये आप जितनी जल्दी स्टेप ले सकें लेना चाहिये ।

मुझे मालूम है कि जब पंडित जी जीवित थे तब उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए एक कमिशन नियुक्त किया था जिस ने वहां के लोगों की आय की जांच की थी । लेकिन उसी तरह या उससे भी खराब जिन जिलों की हालत है, उन के लिये आज तक कुछ नहीं किया गया । मैं मंत्री जी से कहूंगा कि वह जरा इस ओर ध्यान दें । एम्पलायमेंट अपार्चुनिटीज अब भी बहुत कम हैं । अगर आप एम्प्लायमेंट फिगर्स देखेंगे तो वह और भी गिर गये हैं जो कि तृतीय पंच-वर्षीय योजना में थे, जब मिड टर्म ऐप्रेजल हुआ था उस से बहुत कम हैं । वहां पर अब उस से बहुत कम रोजगार के रास्ते हैं । बेरोजगारी बढ़ती जा रही है । उस का परसेन्टेज बढ़ता जा रहा है और एम्प्लायमेंट गिरता जा रहा है । आज पढ़े लिखे नौजवान जो आ रहे हैं वह मारे-मारे फिर रहे हैं । यह नहीं कि वह कोई थर्ड क्लास के नौजवन हैं । जिन के मार्क्स 76 परसेंट और 70 परसेंट हैं, उन को नौकरी नहीं मिल रही है । उन में इंजीनियर्स हैं, टेक्नीशियन्स हैं । मैं दर्जनों नाम दे सकता हूं जिन के मार्क्स 60 परसेंट से अधिक हैं लेकिन एम्प्लायमेंट उन को नहीं मिल रहा है ।

बिहार में बहुत सरकारी कारखाने हैं लेकिन उन की हालत क्या है ? कहीं आप जाइये तो बिहारियों को कोई पूछता नहीं है । मैं पैरोकिअल नहीं होना चाहता, लेकिन मुझ को हिन्दुस्तान के करीब करीब सब करखानों को देखने का मौका मिला है । लगभग सभी प्रान्तों में मैं गया हूं । कहीं भी मैंने नहीं देखा है कि वहां के बाशिन्दे सैकिंड फिडल प्ले करते हैं । टाप पर वे होते हैं । बिहार ही एक ऐसा प्रान्त है जहां के लोग सैकिंड फिडल प्ले करते हैं और उनका दर्जा दूसरा होता है और दूसरे प्रान्तों के लोगों का दर्जा आगे होता है । मद्रास में, बम्बई में, बंगाल में, उड़ीसा में कहीं भी मैंने नहीं देखा है कि वहां जो कारखाने स्थापित हैं उन में वहां के लोगों की संख्या कम हो । हरियाणा तो अभी नया ही बना है इस वास्ते उसके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता हूं । मैं चाहता हूं कि इस ओर ध्यान दिया जाए । मैं नहीं चाहता हूं कि हमारे प्रान्त में जो कारखाने हैं उन में सारे बिहारी रहें । एक साल पहले तक वहां सात आठ सरकारी फैक्ट्रियों में किसी में भी एक आदमी भी बिहारी जनरल मैनेजर नहीं था, न कोई बिहारी, परसोनल आफिसर था । इस तरह से अगर आप चाहें कि हमें ही दबाये रखें तो यह नहीं हो सकता । नजदीक में आप दुर्गापुर में जायें और रांची में जायें

[श्री द्वा० ना० तिवारी]

तो आप पायेंगे कि दुर्गापुर में नान-बंगालीज पांच या दस प्रतिशत से अधिक नहीं हैं : लेकिन बिहार की फैक्ट्रीज में पचास परसेंट से कम लोग बाहर के नहीं हैं । मद्रास में जा कर आप देखें तो आप पायेंगे कि दो या तीन परसेंट से अधिक लोग बाहर के नहीं होंगे, महराष्ट्र में नहीं होंगे । बाहर के पचास परसेंट हमारे यहां होते हैं इस पर हमें एतराज नहीं । लेकिन हम चाहते हैं कि एक समान नीति सब के बारे में लागू की जाए, एक समान सब के साथ व्यवहार किया जाए.....

श्री स० मो० बनर्जी : आप देखें कि उत्तर प्रदेश में प्रान्तीयता नहीं है । मैं बंगाली हूं लेकिन फिर भी उन्होंने मुझे तीन मर्तबा चुन कर भेजा है ।

श्री द्वा० ना० तिवारी : उत्तर प्रदेश के लोग दूसरी जगह से इलैक्ट हो जायें तब हम समझें । बिहार से भी हमने श्रीमती लक्ष्मी मेनन को चुन कर भेजा था और दो-दो टर्म्स के लिए चुना था । कृपलानी जी को हमने चुना । अशोक मेहताजी को चुना । मधु लिमये जी को चुना । ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिन को बिहार के लोगों ने चुन कर भेजा हो जो कि बिहारी नहीं हैं । लेकिन मैं चाहता हूं कि बिहार वालों के साथ भी दूसरे प्रान्तों में वैसा ही व्यवहार हो । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय ऐसा कोई स्टेप लें जिससे बिहारियों की इज्जत कम से कम बिहार में तो कुछ हो, वे भी मैनेजर बन सकें और परसौनल आफिसर बन सकें, मनेजिंग डायरेक्टर बन सकें । ऐसा स्टिगमा हमारे माथे पर नहीं लगा देना चाहिये कि हम में कोई योग्य आदमी ही नहीं है । मद्रास में आप मद्रासियों को बना सकते हैं, बंगाल में बंगालियों को बना सकते हैं तो बिहार में बिहारियों को इन पोस्टों पर लगाने में क्या हर्ज है । मेरा अनुरोध है कि इस ओर भी मंत्री महोदय का ध्यान जाना चाहिये और बिहारियों को भी एम्प्लायमेंट अपरचुनिटीज मिलनी चाहिये । बिहार में अगर आप उनको नहीं लगा सकते हैं तो मद्रास में, आंध्र में, बम्बई में आप उनको भेज दें, मुझे कोई ऐतराज नहीं है । मैं नहीं कहता हूं कि बिहारियों को बिहार ही में आप रखें । बिहार की फैक्ट्रियों में जा कर जब मैं हिन्दुस्तान की एक झलक देखता हूं, सभी प्रान्तों के लोगों को वहां काम करत हुए मैं पाता हूं तो मुझे खुशी होनी है लेकिन मैं उसके साथ साथ यह भी चाहता हूं कि दुर्गापुर में, मद्रास, आन्ध्र आदि में भी वही दृश्य देखने को हमें मिले तब तो हमें खुशी हो । केवल एक जगह हिन्दुस्तान का नक्शा नजर आए और दूसरे प्रान्तों में अगर वह नक्शा नजर न आए तो मन बठ जाता है ।

बिहार की इकोनोमी को बूस्ट अप करने के लिए आप कदम उठायें । मैंने अभी कहा है कि बिहार के कुछ जिलों की आमदनी 90–95 रुपया प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष है जबकि आल इंडिया जो एव्रेज है वह उससे कहीं अधिक है । इन पिछड़े हुए इलाकों को देखने का आपको मौका मिला है । बीच में अब कोई दूसरी सरकार नह है । मैं चाहता हूं कि अब इन छः आठ महीनों में एक ढर्रा आप चलावें

ताकि आने वाली सरकार भी उस ढर्रे पर चल सके ।

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) : यह कितना अच्छा होता कि कम से कम राज्यपाल की जो रिपोर्ट है उस पर हम सब एक मत हो सकते । कम से कम राज्यपाल ने निष्पक्षता बरतने की तो कोशिश की होती और हम ऐसा कहने की स्थिति में होते तो मुझे बड़ी खुशी होती । लेकिन मैं देख रहा हूं कि जो प्रतिवेदन राज्यपाल का हमारे सामने आया है उस में न सिर्फ पक्षपात बरता गया है बल्कि गलत बयानी भी उसमें की गई है । आप देखें कि क्या गलत बयानी इस में की गई है । राज्यपाल महोदय ने अपनी रिपोर्ट के पृष्ठ दो पर यह लिखा है :

> "There have been three successive Ministries inducted into office since the General Elections held in 1967. Each of the Ministries has been defeated when it faced the Legislative Assembly on the very first occasion except the Ministry headed by Shri Mahamaya Prasad Sinha."

इस में तीन मंत्रि मंडलों का ज़िक्र किय गया है । एक का तो अपवाद स्वरूप उल्लेख किया गया और इसको छोड़ कर बाकी दो मंत्रिमंडल बचते हैं । इन में से एक के नेता श्री भोला शास्त्री थे जिन पर कभी कोई अविश्वास का प्रस्ताव स्वीकृत ही नहीं हुआ । इस लिये उनका सवाल ही पैदा नहीं होता है । इस तरह से तीन में से एक ही बचा रह जाता है जिस पर यह चीज़ लागू होती है और वह वही सरकार थी जोकि राज्यपाल साहब की अपनी पालतू सरकार थी, जिस को स्थागित करने के लिये उनको बहुत बड़ा सरकस करना पड़ा था । जब उस सरकार को बनाने का समय आया तो उन्होंने कांग्रेस दल के नेता श्री महेश प्रसाद सिन्हा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया । श्री महेश प्रसाद सिन्हा ने श्री बी० पी० मंडल को नामजद किया । श्री मंडल ने श्री सतीश प्रसाद सिंह को नामजद किया और कहा कि ये बनायेंगे । उसके बाद, तीन चार दिन के बाद श्री मंडल ने स्वयं सरकार बनाई । यह वह सरकार थी जिस के मंत्रिमंडल ने एक बार भी विधान सभा का दर्शन नहीं किया और जब दर्शन किया तो उसके विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव पास हुआ । मुझे नहीं पता कि क्यों इस बात को उलट कर इस में रखा गया है और गलत बयानी की गई है ।

दूसरी बात निष्पक्षता की आती है । भोला शास्त्री के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुआ । उन्होंने स्वयं ही त्यागपत्र दे दिया था । ऐसा करके उन्होंने देश के लिए एक अनुकरणीय मिसाल पेश की है और एक अच्छा आधार तैयार किया है । वह भी कांग्रेसी थे । मैं नहीं मानता हूं कि सोलह आने सभी सड़े हुए लोग हैं कांग्रेस में । जो काम भोला शास्त्री ने किया उससे हमें खुशी होनी चाहिये, गौरव का हमें अनुभव करना चाहिये । यह ठीक है कि वह कांग्रेस से आए थे । इस तरह के जो बचे खुचे लोग उधर बाकी हैं वे भी निकल आएं और इस तरह की परम्पराएं स्थापित करें और आज नहीं तो कल करें, हम उस दिन की इंतजार करते हैं । उनके साथ सौदेबाज़ी करने की कोशिश की गई । कामाख्या नारायण सिंह ने जब ऐसा करना चाहा तो उन्होंने कहा कि हम नहीं झुकेंगे और बजाय झुकने के उन्होंने इस्तीफा दे दिया । अपने इस्तीफे में उन्होंने विधान सभा को भंग करने तथा मध्यावधि चुनाव कराने का सुझाव दिया । पिछले चुनाव होने के तुरन्त बाद कांग्रेस के 37 सदस्यों ने लिख कर दिया था कि कांग्रेस की सरकार नहीं बननी चाहिये । उन में से बीस निकल गए । सतरह बचे रह गए । इनके बारे में राज्यपाल ने लिखा कि कांग्रेस की सरकार वे बरदाश्त नहीं करेंगे । ऐसी हालत में श्री भोला शास्त्री ने विधान सभा को भंग करने

[श्री भोगेन्द्र झा]

और मध्यवधि चुनाव करने की राज्यपाल को सलाह दी थी । जब उनकी यह सलाह थी तो कांग्रेस के नेता को सरकार बनाने के लिए राज्यपाल द्वारा निमंत्रित किये जाने का क्या औचित्य था ? उनके साथ उनको दो दो बार बुला कर बात करने का क्या औचित्य था ? मैं नहीं समझता हूं कि कोई औचित्य था सिवाय इसके कि उनको खरीदोफरोख्त करने का मौका दिया जाए । लेकिन यह मौका चार पांच दिन तक देना राज्यपाल के लिये भी सम्भव नहीं था ; इसका कारण यह था कि बजट पास होने का सवाल था । इसके बिना सरकार चल नहीं सकती थी । इसी वास्ते उनको यह मौका नहीं दिया गया । मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि राज्यपाल ने न तो ऐसा करते समय निष्पक्षता दिखाई, न औचित्य दिखाया और न ही कोई अच्छा काम किया और जो भी उन्होंने किया वह मजबूरी में आ कर किया और मजबूरी में आ कर यह कहा कि उन्होंने इंतजार किया और अब उनके लिए और इंतज़ार करना सम्भव नहीं था ।

आप एक और चीज़ को देखें । इन्होंने छः महीने के लिए विधान सभा को भंग किया है । इस हिसाब से नवम्बर में नए चुनाव होते । लेकिन बिहार सरकार की ओर से एलान हो चुका है कि फरवरी में चुनाव होंगे ।

**श्री विभूति मिश्र :** खेती के काम में लोग तब लगे होते इस वास्ते फरवरी में ही चुनाव करना उचित था । यही व्यावहारिक भी है ।

**श्री भोगेन्द्र झा :** सवाल व्यावहारिकता का नहीं है, सवाल वधानिकता का है । वैधानिक तौर पर ऐसा एलान करके उन्होंने उचित नहीं किया है । यह तो लोक सभा को तय करना है कि वहां पर राष्ट्रपति का शासन नवम्बर के बाद भी बढ़ाया जाए या न बढ़ाया जाए, नवम्बर से पहले पहले चुनाव कराये जायें या फरवरी में कराये जायें । राष्ट्रपति अगर इसके बारे में एलान करते तब तो बात हो सकती थी लेकिन उन्होंने तो ऐसा नहीं किया और वहां की सरकार ने ऐसा एलान कर दिया । मैं चाहता हूं कि गृह- मंत्री महोदय इस ओर ध्यान दें और इस तरह की जो गलत नीति बरती जा रही है, इसको बरतने से वह उनको रोकें ।

एक और प्रश्न है, जो सारे देश के लि खतरे की घंटी है और बिहार के लिए तो और भी संगीन है । कांग्रेस के कुछ माननीय सदस्य बोले हैं । मैं उन के बारे में तो कुछ नहीं कहूंगा, जिन को कांग्रेस से कुछ लेना देना नहीं है । जब हमारे राष्ट्रपति, राजेन्द्र प्रसाद जी, की मृत्यु हुई, तो हम सब ने उस को देश का दुर्भाग्य समझा । लेकिन कम से कम हमारे मित्र, मृत्युंजय बाबू के लिए वह सौभाग्य साबित हुआ और यह यहां पहुंच गये । एक व्यक्ति की मौत कम से कम एक आदमी के लिए सौभाग्य साबित हुई । उन का कांग्रेस से कभी कोई ताल्लुक नहीं था । वह जिन्दगी भर नौकरी करते रहे, कभी बिड़ला की ओर कभी किसी और की । इस लिए वह कांग्रेस का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं ।

इस समय बिहार के छः भूतपूर्व मंत्रियों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय के एक जज जांच कर रहे हैं । उस के खिलाफ बिहार के उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जो मुकदमें दायर किये गये, उन को खारिज कर दिया गया है । सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया है कि प्राइमा-फेसी ऐसा मसाला मौजूद है, जिस की जांच होनी चाहिये । अभी कुछ कांग्रेस के सदस्यों ने जो विचार प्रकट किये हैं उन से भविष्य के लिए आशा बन्धती है । श्री के० एन० तिवारी भी बोले हैं, जो अभी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव में हारे हैं । इस जांच में जिन लोगों का मुद्दालेह का दर्जा है, उन में से जिन के पास मंत्री पद से हटने के समय पच्चीस लाख रुपये जमा थे, उन को महामंत्री चुना गया

ग्रौर जिन के पास पच्चीस लाख रुपये स कुछ कम थे, उन को सिर्फ मंत्री बनाया गया ।

जिन लोगों पर मुकदमा चल रहा है, जिन के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय के जज जांच कर रहे हैं, जिन के बारे में सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय किया है कि उन के विरुद्ध मुकदमा चलना चाहिए, जो सब से बड़ी पार्टी होने का दावा करते हैं, वे ग्रभी कल परसों उप-सभापति, महामंत्री ग्रौर मंत्री नियुक्त हुए हैं । यह साफ जाहिर है कि जो खुद मुद्दालेह हैं, जिन के खिलाफ इतनी बड़ी जांच हो रही है, वे कभी भी बिहार में ग्रगले चुनावों को ठीक तरह से नहीं होने दगे ।

ग्रब बिहार में लोगों के हत्याकांड की शुरुग्रात हो गई है । ग्रगर केवल दतवन नोड़ने के लिए ग्रादिवासियों पर गोली चला कर उन की हत्या कर दी जाये, नो क्या यह ग्राशा की जा सकनी है कि लोगों में जंगल कानून के लिए कोई इज्जत होगी । रांची जिले में ग्रादिवासियों का दमन किया जा रहा है । कई जगह गोली चलाई गई है, लोग मारे गये हैं ग्रौर लूट गये हैं ।

जहां तक ग्रराजपत्रित कर्मचारियों की हड़ताल का सम्बन्ध है, मैं उन के संघ के जनेरल सेक्रट्री, श्री योगश्वर गोप, की तरफ से सरकार को भेजे गये ग्रावेदनपत्र में से केवल एक पैराग्राफ पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :

"On appeal from the Governor and in view of the difficulties and inconvenience to the people due to the strike, the Federation resolved to end the strike, if the Government agrees to sanction interim relief, withdraw victimisation, concede non-financial demands and finalise examination of the issues within two months."

यह सही है कि इस हड़ताल से दिक्कनें हो रही हैं । मैं चाहता हूं कि गृह-मंत्री यह एलान करें कि वह उन लोगों के नेताग्रों को बुला कर उन से बातचीत करेंगे ग्रौर दो या नीन महीने में, ग्रौर ग्रगर बहुत जरूरी हो, नो चार महीने में, सब मामलों की पूरी जांच कर दी जायेगी । ग्रगर वह यह ग्राश्वासन देंगे, नो पूरी लोक सभा एकमत से यह ग्राग्रह करगी कि यह हड़ताल वापस ली जाये । हमे विश्वास है कि ग्रराजपत्रित कर्मचारी इस हड़ताल को वापस ले लेगे ग्रौर मौजूदा विषम स्थिति खत्म हो जायगी । मैं ग्राग्रह करूंगा कि गृह-मंत्री महोदय हिम्मत करके इस धारा को बदलें । ग्राज ग्राकाशवाणी से यह एलान हुग्रा है कि कम से कम दो सौ कर्मचारी नौकरी से मुग्रत्तिल कर दिये गये हैं । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार के दमन से यह समस्या हल नहीं हो सकती है ।

ग्राज सुबह जिस महिला की हत्या की इस सदन में चर्चा हुई, चूंकि वह विदुषी नहीं थी, एक निरक्षर महिला थी, मेहतरानी थी, शायद इसलिए उस की हत्या का कोई महत्व नहीं दिया गया । उस के बारे में यह भी कहा गया कि चूंकि उस का खून बाहर नहीं बहा, इसलिए उस की हत्या नहीं की गई, बल्कि वह ग्रपने ग्राप मरी है । ग्रागरा में ग्रंग्रेजों के जमाने ने एक कलक्टर साहब थे फुलर साहब । उन्होंने एक व्यक्ति को जूता मारा ग्रौर वह मर गया । बड़ा हंगामा हुग्रा । उन्होंने कहा कि कोई खन नहीं बहा । एक ग्रहिंसात्मक खून उस ने किया था ग्रौर एक ग्रहिसात्मक खून यह हुग्रा है । लोगों को मारेंगे, वे मर जायेंगे, चाहे खून उन का बाहर न बहे ।

[श्री भोगेन्द्र झा]

हम गृह मंत्री से यह आग्रह करेंगे कि रांची म जो लोग घायल पड़ हुए ह, महिलायें पड़ी हुई है, वह कुछ माननीय सदस्यों को अपने साथ ले कर खुद उन के बारे में जांच कर। सरकार की ओर से कहा गया है कि रांची में लाठी चार्ज नहीं हुआ। लेकिन हम दाव के साथ कहत हैं कि वहां पर लाठी चार्ज हुआ है, जिस में चौदह महिलायें घायल हुई हैं और एक महिला हास्पिटल में हैं। जिस देश में सीता और द्रोपदी के अपमान के कारण क्या कुछ हुआ, क्या उस देश में महिलाओं पर लाठी चलेगी, उन का खून बहाया जायेगा, उन की हत्या की जायगी ? कुछ दिनों से राज्यपाल की सरकार ने वहां पर यही करना शुरू कर दिया है। मैं चाहता हूं कि एक सर्व-दलीय प्रतिनिधि मंडल यहां से उस घटना की जांच करने के लिये जाये। अगर यह साबित हो जाये कि वहां पर लाठी चार्ज हुआ, तब गृह-मंत्री महोदय इस्तीफा दे दें और अगर यह बात गलत साबित हो जाये, तो मैं पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि मैं लोक सभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के लिये तैयार हूं। मैं और सभी दलों के लोग आज या कल ही जाने के लिए तयार हैं। सौभाग्य से वह महिला अभी जिन्दा है। अगर वह मर जायेगी, तो पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट में उल्टा-पल्टा कर दिया जायेगा और कहा जायेगा कि वह मार से नहीं मरी है। इस लिए अभी उस के बारे में जांच हो सकती है।

बिहार में अफसर डर रहे हैं कि कांग्रेस के जो नेता अय्यर आयोग के सामने मुद्दालह हैं, व कश कांग्रेस के उपसभापति, महामंत्री बन गये हैं; अगर हम ने इन के विरुद्ध कोई कार्यवाही की, तो हमारा क्या हाल होगा। इसलिए मेरा आग्रह है कि केन्द्र से कुछ जिम्मदार अफसरों को अय्यर आयोग का काम चलाने के लिए भेजा जाये। इस समय गवाही देने वाले और कागज देने वाले हिचक रहे हैं। इस बात का संगीन खतरा है कि बहुत महत्वपूर्ण कागज गायब कर दिये जायेंगे और आयोग के सामने पेश नहीं किये जायेंगे। यह जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार की है। इसलिए मेरा आग्रह है कि गृह मंत्री इस बार में उचित कदम उठायें।

बिहार विधान सभा की लोक लेखा समिति ने अशोक पेपर मिल्स के बारे में 18, 19 तारीख को एक प्रतिवेदन दिया और 25 तारीख को मुख्य मन्त्री ने इस्तीफा दे दिया। अब वहां पर उस प्रतिवेदन को लागू कौन करेगा ? उस मिल में चार करोड़ रुपये की विदेशी मशीन लगी हुई हैं। इस समय उस मिल के नीलाम होने का सवाल है। यहां के उद्योग मंत्री इस बारे में अपने कर्तव्य को नहीं समझते हैं। अगर उस मिल को सरकार द्वारा अपने हाथ में नहीं लिया गया, तो हमारी बहुत विदेशी मुद्रा बर्बाद हो जायेगी। मैं समिति के 22 वें प्रतिवेदन का केवल एक पैराग्राफ पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :

"उप-समिति यह महसूस करती है कि इस उद्योग को चालू रखने के लिये केवल वित्तीय दृष्टिकोण से ही नहीं तोलना चाहिए। इसका कारण है कि भविष्य में यदि सरकार समुचित संपत्ति के बावजूद भी इस तरह के उद्योग को चालू करना चाहेगी, तो यह संभव नहीं हो सकेगा कि जो अभी निर्यात मशीनें हैं, इस तरह की मशीनें उस समय सुलभ हो सकें। ऐसी स्थिति में जब कि ऐसी चीजें मौजूद हैं और कुछ वित्तीय अड़चनें हैं, सरकार को चाहिए कि वह वित्तीय पहलुओं को सुलझा

कर इस तरह के दुर्लभ निर्यात मशीनों एवं सहयोगी इकरारनामों से फायदा उठाये, क्योंकि पहली बात है कि ये चीजें भविष्य में आसानी से सुलभ नहीं हो सकती हैं और यदि सुलभ होंगी भी, तो उन के लिये काफी पैसे खर्च करने पड़ेंगे, क्योंकि वर्तमान दिनों में मुद्रा की कीमत पहले दिनों की मुद्रा की कीमत से बहुत घट गई है। उप-समिति सिफारिश करती है कि सरकार के लिए अभी भी देर नहीं है कि पूर्व के अपने भूल चूक को सुधार ले। सरकार को शीघ्र कम्पनी को अपने अधीनस्थ करने तथा उसे सुदृढ़ रूप से चलाने के प्रश्न पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए।"

मैं आग्रह करता हूं कि केन्द्रीय सरकार लोक लेखा समिति के इस प्रतिवेदन की ओर ध्यान दे।

कई बार इस बात की चर्चा हो चुकी है कि देश भर में सिर्फ एक ही ऐसी योजना है, जिस का तीन बार उद्घाटन हुआ, लेकिन जो आज तक लागू नहीं हुई है, जिसके कारण बिहार में अकाल है। एक बार भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री, एक बार श्री जगजीवन राम, जब कि वह रेलवे मंत्री थे, और एक बार बिहार के मुख्य मंत्री उसका उद्घाटन करने के लिए गये थे। यद्यपि उस योजना का तीन बार उद्घाटन हुआ, लेकिन आज तक उस में एक इंच जमीन भी हासिल नहीं की गई, एक टुकड़ा भी मिट्टी का नहीं काटा गया। वह योजना खटाई में पड़ी हुई है। इस समय जब कि चौथी पंच-वर्षीय योजना को अन्तिम रूप दिया जा रहा है, तो कम से कम इस पुराने पाप को दूर करने का उपाय किया जाना चाहिए। यह केन्द्रीय सरकार के हाथ की बात है।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि राज्यपाल के शासन को जरा सुधारने का प्रयास किया जाये। केवल गोली और लाठी के बल पर शासन चलाना उचित नहीं है। हम सब चाहते हैं कि बिहार में शान्त वातावरण में चुनाव हों, और हम सब इस के लिए सहयोग देना चाहते हैं। हम पर चोट पड़ी है, इसलिए मैं सफाई करना चाहता हूं। कहा गया है कि उस सरकार में जिस में कम्यूनिस्ट जायं दूसरों को नहीं जाना चाहिए तो हम कम्युनिस्टों से कहना चाहते हैं कि हम सरकार में सिर्फ सरकार चलाने के लिए नहीं बल्कि सरकार में जो कूड़ा करकट और गन्दगी भर गई है, उस को साफ करने के लिए जाते हैं, जो भ्रष्टाचार, चोरबाजारी, जोर-जुल्म और अत्याचार बढ़ गया है उस को समाप्त करने के लिए जाते हैं। हम जानते हैं कि जब तक देश की जनता तैयार नहीं है तब तक हम कमजोर हैं। इसलिए जो राजे महाराजे, चोर व्यापारी या भ्रष्टाचारी अफसर हैं उन को हम से डरना चाहिए और वह डरते हैं तो हमें कोई शिकायत नहीं है। हम इन को खुश करने के लिए नहीं जाते हैं। हम जहां भी गए हैं, इन की सफाई की है और फिर अगर जनता हमारे ऊपर विश्वास प्रकट करेगी तो करेंगे।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** (बाढ़): अध्यक्ष महोदय, यह एक मौका आया है हम लोगों को बिहार के बारे में कुछ कहने का और जानने का। हमारे यहां इस संसद में इस तरह से बिहार को ले कर चर्चा नहीं हुई थी और यह पहला मौका है जब कि बिहार के बारे में बहुत तफरीह से चर्चा कर रहे हैं। बहुत कुछ कहा गया कि हमारे राज्यपाल महोदय ने जो वहां पर राष्ट्रपति का शासन

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

लागू करने के लिए सुझाव दिया, उस के लिए भी मुझ ताज्जुब हुआ कि आलोचना हुई क्योंकि जहाँ तक मेरा ख्याल है करीब करीब सभी पार्टी के नेताओं ने, बिहार के भी और बाहर भी जो यहाँ पार्टीज़ बैठी हैं उन के नेताओं ने बड़े जोरों से घोषणा की कि बिहार में राष्ट्रपति का शासन लागू किया वह बहुत अच्छा हुआ, वही होना चाहिए था । अध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ दो जो बड़े वरिष्ठ नेता हैं, एक तो बिहार के हैं और एक भारत के हैं, उन्होंने क्या कहा था, वह कहना चाहती हू । एक श्री भोला पासवान शास्त्री जिन्होंने अपना त्यागपत्र दिया था और जिन के त्यागपत्र देने के बाद राष्ट्रपति शासन लागू हुआ था उन्हीं के मुंह से निकली हुई बात मैं आप के सामने पढ कर सुनाना चाहती हूं । उन्होंने यह कहा :

Shri Bhola Paswan said: the undesirable, self seeking and anti people elements have been ruling the roost and the atmosphere has become almost suffocated. So the inevitable has happened. I am glad this has happened.

अध्यक्ष महोदय, सयुक्त विधायक दल के मुख्य मंत्री महोदय अपनी ही सरकार के बारे में इस तरह का बयान देते हैं जो शब्द मैंने इस्तेमाल किए कि :

Undesirable, self-seeking and anti people elements have been ruling the roost.

यानी जितने नाम हम रख सकते थे संयुक्त विधायक दल की सरकार के बारे में वह संयुक्त विधायक दल के मुख्य मंत्री महोदय ने हमारे मुंह से छीन कर के रख दिए । हमें कहने की भी जरूरत नहीं । मैं तो यही दोहरा देना चाहती हूं कि श्री भोला शास्त्री के कहने के बाद मुझे नहीं लगता कि संयुक्त विधायक दल से संबंधित जो सदस्य यहाँ बैठे हुए हैं उन को कुछ कहने के लिए रह जाता है । और दूसरा वक्तव्य श्री एन० जी० गोरे का है जिन्होंने भी इस की पुनरावृत्ति की है । वह प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के चेयरमैन हैं । उन्होंने यह कहा :

The inevitable result of the failure of non-Congress parties in Bihar to close up their ranks and offer a stable Government.

तो अध्यक्ष महोदय, हमें कुछ कहने के लिए नहीं रह जाता । राष्ट्रपति का शासन लागू हुआ और राज्यपाल महोदय ने क्यों इस के बारे में सुझाव दिया, इस के बारे में वरिष्ठ नेता जो संयुक्त विधायक दल से संबंधित थे और वह वरिष्ठ नेता जिनसे आज सभी के सभी विरोधी दल का संबंध है उन्होंने खुद इस बात का फैसला कर के रख दिया कि राष्ट्रपति का शासन इसलिए लागू किया गया कि जो सरकार शासन कर रही थी वह सरकार बिल्कुल इस लायक नहीं थी कि राज्य का शासन संभाल सकें ।

जहाँ तक राज्य का सवाल है वह बिहार को बदकिस्मत प्रदेश ही साबित हुआ । पिछले एक साल से जो कुछ भी वहाँ हुआ वह किसी से छिपा नहीं है। चाहे उस की कितनी भी वकालत की जाय, इन लोगों के मन में भी यही बात है कि जो वहाँ पर हाल हुआ उस में सरकार भी चलनी मुश्किल थी और जनता तो बिल्कुल तवाह हो गई थी । अगर बिहार की जनता को जा कर बाहर का कोई आदमी यह सवाल पूछता कि आप क्या चाहते हैं तो वह एक मत से यही कहते कि जो कुछ हमें पिछले एक साल से मिल रहा है, इससे हम को उबार दीजिए, इस से बचा दीजिए और इसमें कोई शक नहीं कि इसीलिये राष्ट्रपति का शासन लागू हुआ..... (**व्यवधान**)....

**16.06 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

अपने क्षेत्र से तो मैं आई ही हूं यही कह करके और आप से ज्यादा । आप तो चार बार हारे हैं,

मैं तो एक बार भी नहीं हारी हूं । अपने क्षेत्र में यही बात बराबर कहती आई हूं । इसलिए बोलिए मत । . . . (**व्यवधान**) . . . अच्छा हारूंगी तो फिर देखिएगा, अभी कहने की जरूरत नहीं है ।

शासन जो दिया गया बिहार को उस से बिहार की जनता का इतना नुकसान हुआ है कि जिस का ठिकाना नहीं । उस का एक सबूत है । जो बिहार की संविद सरकार ने बजट पेश किया 1967–68 का उस बजट के बारे में, खैर, हम को पीछे मौका मिलेगा उस की गहराई में जाने का पर दो तीन मुख्य बातों पर कहना चाहती हूं । मुझे ताज्जुब लगा कि एक तरफ बिहार सरकार का ओवरड्राफ्ट इतना बढ़ गया, यानी मेरा ख्याल हैं कि 40 करोड़ का ओवरड्राफ्ट बिहार सरकार का था । हमारी हिन्दुस्तान की सरकार को कहा जाता है कि हम दो नजरों से देखते हैं लेकिन जब बिहार के मुख्य मंत्री श्री भोला शास्त्री यहाँ आये और उन्होंने वित्त मंत्री से कहा कि बिहार की हालत ऐसी है कि हम से ओवर-ड्राफ्ट मत वसूल कीजिए, रिजर्व बैंक को समझाइए कि वह हम से वसूल न करे तो वह सारा रुपया जो ओवर-ड्राफ्ट का था वह कर्ज में परिणित कर दिया गया और आज भारत सरकार का कर्ज करीब करीब 40 करोड़ का बिहार सरकार पर है जो कि कर्ज के रूप में ओवर-ड्राफ्ट बदला गया था । यह हालत हो गई है । अगर बिहार में सही काम में वह खर्च होता और बिहार के पास आय की कमी होती तो समझ में आ सकता था कि ठीक बात के लिए खर्च हो रहा था । परन्तु जो चीज मेरे सामने आई वह इसके विपरीत है । जैसे, जो कल-कारखाने वहाँ पर हैं या एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड जो वहाँ का है, एलक्ट्रिसिटी बोर्ड का जो आय-व्यय हुआ, उस का एक आंकड़ा मैं रखती हूं । जो बिहार सरकार ने बजट पेश किया उस बजट में एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को 5 करोड़ 22 लाख का घाटा है । और जहाँ कल कारखाने हैं तो कल कारखानों में जैसे मान लीजिए कि 1 करोड़ 34 लाख रूपया खर्च हुआ तो नानडेवलपमेंटल एक्सपेंडीचर में उसी सरकार के द्वारा 1 करोड़ 45 लाख रुपया खर्च किया गया । और इस में हालत यह थी, आज जो कहा जाता है, एन० जी० ओ० का जहाँ तक सवाल हैं, हम सभी को उन से हमदर्दी है उन की जिन्दगी से, उन की आर्थिक कशमकश को हम समझते हैं, परन्तु संविद सरकार ने ही उन को क्या दे दिया था ? जब संविद सरकार के पास यह मांग आई तो उन्होंने यह कहा कि हमारे पास तो है नहीं रुपया, हिन्दुस्तान की सरकार हमें रुपया दे । हिन्दुस्तान सरकार ने कहा कि ओवर-ड्राफ्ट आप का करीब करीब 34 करोड़ पहुंच गया है और अब 4 करोड़ और मिला दिया गया तो इतना इतना ओवरड्राफ्ट हो गया है और आप का अपना जो शासन है, इस तरह का हो गया है कि हर जगह आप की आय घटती जा रही है । मैं ताज्जुब करती हूं एक्साइज रेवेन्यू बिहार में अच्छे पैमाने पर मिलता है । ताज्जुब है कि एक्साइज ड्यूटी बहुत बढ़ गई है पर एक्साइज़ के लाइसेंस की फीस लाखों में घट गई हैं । मैं पूछना चाहती हूं कि आखिर ऐसा हुआ क्यों ? इस का मतलब है कि शराब का ठेका जिन को दिया गया था उन की लाइसेंस फीस कम की गई क्योंकि उन से फायदा हो सकता था । मैं उस में जाना नहीं चाहती हूं । परन्तु यह एक सबूत है । पीने के ऊपर जो ड्यूटी दी गई वह ज्यादा दी गई तो फिर इस लाइसेंस में कम रुपया क्यों आया ।

इसी तरह स्मगिलंग हमारे यहाँ इतनी ज्यादा होने लगी है कि जिसकी कोई हद नहीं हैं । मैं तो यही अर्ज करूंगी गृह मंत्री महोदय से कि मेहरबानी कर के बिहार को स्मग्लर्स का स्वर्ग मत बनने दीजिए । आज हम जानते हैं कि बिहार में पाकिस्तान से और नेपाल से जो सामान आता है और जाता है वह हमारे लिए तबाही का एक पैगाम ले कर आया है । गांजे की स्मग्लिंग बहुत होती है । बिहार में क्या सारी जगह गांजा वहाँ से जाता है । नेपाल से गांजा और भांग आता है तो बिहार

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

हो कर तमाम जगह जाता है। गाँजे पर जो लाइसेंस दिया गया वह ठीक है, बरकरार है, क्योंकि लाइसेंस तो उन्हीं को दिया गया है जिन के बारे में जानकारी है परन्तु गाँजे पर ड्यूटी बहुत घट गई है। इस का मतलब है कि अन-लाइसेंस्ड गाँजा बिहार में खर्च होता है। सरकार की नाक के नीचे खर्च होता रहा। सरकार ड्यटी वसल करती रही और सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया जाँच करने का कि यह लाइसेंस तो बरकरार रहा परन्तु, गाँजे के ऊपर ड्यूटी इस तरह स जो पहले मिलती थी वह घट क्यों गई है?

इस का मतलब है कि लाइसेंस रहने के बावजूद भी जो ड्यूटी पहले गाँजा पीने-वाले देते थे, वह नहीं देने लगे, स्मगिलग बढ़ता गया और इस तरह से जितना घाटा सरकारी आँकड़ों में आया वह और बात है। आज वहाँ पर कोई जा कर देखे कि नैपाल से बिहार में किस तरह से स्मगिलग का व्यापार हो रहा है।

आज यह हमारे लिये एक बहुत बड़ा आर्थिक सवाल बन गया है। आर्थिक सवाल इस लिये हो गया है कि बिहार की जो सारी आर्थिक समन्वयता है, वह बिल्कुल खत्म होती जा रही है। बिहार में चावल पैदा हुआ, हमारे यहाँ अकाल पड़ा, सारे का सारा चावल, जो कुछ भी बिहार के लिये सुलभ हो सकता था, वह बड़े पैमाने पर पाकिस्तान चला गया, नैपाल चला गया और नैपाल से हमारे यहाँ ऐसी ऐसी चीजें आती हैं, जिनकी हमें कोई जरूरत नहीं है। कलमें हिन्दुस्तान की बनी हुई 12–15 रु० में मिलती हैं, लेकिन चाइना की कलम 5 रु० में बाजारों में मिलती हैं, कोई देखभाल नहीं है। चाइनीज सिल्क, रेडियो, ट्रांजिस्टर्ज भरे पड़े हैं बिहार के बाजारों में। मैं गृह मंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि वह इस चीज को देखें और इस का कुछ निबटारा करें।

एक बात और कहना चाहती हूं–यहाँ पर बहुत कुछ कहा गया कि जब बिहार में संविद की सरकार थी तो उस को कोई मदद नहीं मिलती थी। संविद सरकार ने कहा कि उन लोगों ने बिहार में जब भुखमरी हुई तो उस का बड़ी अच्छी तरह से मुकाबला किया–अपने मुंह मियाँ मिट्ठू बनने की उन्हें आदत है। लेकिन अगर कोई आँकड़े उठा कर देखे तो मालूम होगा कि जब वहाँ पर कांग्रेस के मुख्य मन्त्री थे, कांग्रेस की सरकार थी और उस समय जब अकाल पड़ा, तब केवल 11 करोड़ रुपया दिया गया था, लेकिन जब वहाँ पर संविद की सरकार आई, तब हिन्दुस्तान की सरकार की तरफ़ से 65 करोड़ रुपया दिया गया। अब बतलाइये कि किस जुबान से आप कहते हैं कि हम लोग संविद की सरकार की तरफ़ दूसरी दृष्टि रखते हैं–ये आँकड़े इस बात का का सुबूत हैं।

मैं एक बात और कहना चाहती हूं–हमारे यहाँ एक बहुत ही अहम सवाल पैदा हो गया है, श्री चव्हाण साहब को इस की जानकारी होगी। राँची, जो हमारा बहुत बड़ा औद्योगिक इलाका है, छोटा नागपुर, जो हमारा बहुत बड़ा औद्योगिक इलाका है, जब से असम से एक राज्य की मांग आई है, तब से यहां से भी एक अलग राज्य स्थापित करने की मांग की जा रही है। इस के पीछे कई दल और कई तरह के तत्व काम कर रहे हैं, मैं उन दलों का नाम नहीं लेना चाहती हूं, लेकिन यह बात स्पष्ट है कि कई राजनैतिक दल वहां पर अपने अपने मन्त्र फूंक रहे हैं और वहां की जनता को भड़काने का प्रयत्न कर रहे हैं। रांची का औद्योगिक इलाका ऐसा है, जहां

पर पाकिस्तानी एजेन्ट. जहां पर कुछ राजनीतिक दल, वहां के लोगो में अलगाव की भावना को पदा कर रहे हैं। जहां पर कुछ ऐसे मिशनरी लोग हैं जो उन के अन्दर इस बात की भावना को पैदा कर रहे हैं कि वह हिस्सा बिहार का हिस्सा नहीं है। इन सब की वजह से वहां पर एक भयंकर स्थिति पैदा हो रही है। इस में किन राजनीतिक दलों का हाथ है, गृह मंत्री महोदय को मालूम है, यहां भी उन के नुमाइंदा बैठे हुए हैं। मैं यह कहना चाहती हूं कि यह मामला बहुत ही अहम होता जा रहा है, इस मामले को बिगड़ने से पहले ही इस की देख भाल करें।

अन्त में मैं यही कहना चाहती हूं कि नमूना पेश करने वाले लोग अंगुली उठाने से पहले अपने व्यवहार की तरफ भी देख लेते, तो अच्छा होता। नमूना वही पेश कर सकता हैं, जिसके ऊपर दाग न लगा हो जिनके ऊपर पत्थर न उछाले गये हों। मैं एक ही वाक्य बोलकर बैठ जाती हूं कि वहां पर हमारे जो कांग्रेस के मंत्री थे, जिनके मामले इन्क्वायरी कमेटी के सामने गये थे उन सब ने यही कहा कि हमारे मामले को जल्द खत्म किया जाय, चाहे हम ने सही किया है या गलत किया है, हमने अन्याय किया है या नहीं किया है, दोनों का मामला जल्द साफ हो जाना चाहिये। परन्तु विरोधी दल के लोगों ने आज की बहस में यहां पर कहा कि कांग्रेस वाले उन का ख्याल नहीं करते हैं, जिन पर करप्शन के चार्जेज लगे हैं---मैं उन लोगों से पूछना चाहती हूं कि जब भोला शास्त्री की सरकार बनी, तो जिन लोगों के मामले ऐयर कमीशन के पास गये थे. मैं उन के नाम लेकर बताती हूं---श्री चन्द्र शेखर सिंह, श्री कपिल देव सिंह, राजा कामख्या नारायण सिंह, रामगढ़ इन लोगों को संविद सरकार ने, भोला शास्त्री ने, मुख्य मंत्री की हैसियत से मंत्री के रूप में लिया या नहीं लिया। उनके जो नुमाइन्दे यहां बैठे हुए हैं, जिन के सहयोगी वहां काम कर रहे थे, उन लोगों ने आंखे क्यों बन्द कीं। भोला शास्त्री के हटने के पहले, भोला शास्त्री जिस दिन राज्यपाल से कह कर आये कि राज्यपाल महोदय, मैं अपना त्यागपत्र दे देना चाहता हूं, दूसरे दिन इसी संविद सरकार के अन्य मंत्रियों ने, जिनको मंत्री पद से हटना अखर रहा था, जिनके नुमाइन्दा इतने आदर्शवाद की चर्चा करते हैं, उन्होंने भोला शास्त्री से कहा कि शास्त्री जी, आपने कितना गलत काम कर दिया, हम लोग अभी भी कांग्रेस के साथ से लोगों को खींच खींच कर अपनी सरकार बना सकते थे, चला सकते थे। इन्ही शब्दों के साथ मैं यह कहना चाहती हूं कि उदाहरण पेश करने वाले लोग---न उनकी जुबान में ताकत है और न कलम---मेहरबानी कर के यह काम न करें, चूंकि इस से उनको कोई फायदा होने वाला नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक शेर कह कर समाप्त करती हूं --

गो शेफ्ता को धूम थी, आहिदा को जोहद की,
अब क्या कहूं कि वह मुझे किस के घर मिले।

**श्री एस० एम० जोशी (पूना)** : उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमती तारकेश्वरी जी का भाषण सुनने के बाद तबियत तो होती है कि खुल कर बोलें, मगर वक्त की कमी है। इस लिये मुझे जो कुछ कहना है, जो समय मुझे हासिल है, उसी में कहने का प्रयत्न करता हूं।

तारकेश्वरी जी ने कहा कि भूतपूर्व मुख्य मंत्री श्री भोला पासवान ने जब राष्ट्रपति के शासन की घोषणा हो गई तो उस का स्वागत किया और उस के बाद हमारे मित्र प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के चेयरमेन श्री एन० जी० गोरे साहब का भी उन्होंने उदाहरण दिया। मैं भी कहूंगा कि बिहार में हालत ऐसी पैदा हो गई थी--उसका कोई भी कारण क्यों न हो---वहां पर लोकतन्त्र चल नहीं सकता था और ऐसी हालत में

[श्री एस० एम० जोशी]

लोगों को मौका देना जरूरी हो जाता है ताकि वे अपनी राय साबित कर सकें। इस लिये यद्यपि राष्ट्रपति शासन को मैं अच्छा नहीं समझता, फिर भी कभी उसकी जरूरत होती है ताकि हमारे लोकतन्त्र का रास्ता सीधा हो जाय। अगर कोई यह समझता है कि हम ने लोकतन्त्र को अपनाया है इस लिये अब वह टारोड हो गया है, गलत चीज है। लोक तन्त्र इस देश में एक बड़ा भारी साहस है, यह देश इतना बड़ा है, भिन्न भिन्न धर्म के लोग हैं, भिन्न भिन्न जातियों के लोग हैं, उस में कोई पिछड़ा है, कोई आगे है, भिन्न भिन्न भाषायें हैं, इतने बड़े देश को लेकर एक बड़े लोकतन्त्र को चलाना कोई आसान चीज नहीं है। इस लिय मैं तो कहूंगा कि वहां जो भी परिस्थितियों पैदा हो गई थीं, उस में राष्ट्रपति का शासन करना अनिवार्य हो गया था।

अब बात यह है कि वहां पर राष्ट्रपति का शासन लागू करने की यह अनिवार्य परिस्थितियां क्यों पैदा हुई। मुझे तो ऐसा लगता है, उपाध्यक्ष महोदय, कि बिहार का इलाका एक बहुत ही महत्वपूर्ण इलाका है, क्योंकि वह हमारी सीमा के नजदीक है, सीमा से सटा हुआ है, इस इलाके में, मेरी राय में, अगर हमारा लोकतन्त्र अच्छी तरह से नहीं चला तो हमारे देश की आज़ादी के लिय भी खतरा है। उस के बारे में सोचने का मौका इस सदन को मिला, यह मैं अच्छी चीज समझता हूं। सौभाग्य से मुझे भी इस अवसर पर अपनी बात रखने का मौका मिला है। मैं भी एक वक्त कांग्रेस में था कांग्रेस से ही हम इधर आये हैं, कांग्रेस में होना कोई पाप नहीं है। हम तब तक कांग्रेस में थे जब तक कांग्रेस लड़ती थी, सब लोगों के साथ हमने उस वक्त जनता से वायदा किया था कि आज़ादी आने के बाद हम यह चीजें करेंगे, जैसे स्वर्गीय पं० जवाहर लाल नेहरू ने और हम लोगों ने कहा था कि इस देश में जमीन सुधार का काम होगा आपको याद होगा पंडित जी इसी मामले को लेकर सन 1932 में दो साल के लिये जेल गये थे इस के लिये यू०पी० में आन्दोलन चलाया गया था, लेकिन आज बीस साल के बाद भी, य० पी० का तो मैंने इतना अध्ययन नहीं किया है लेकिन बिहार में मैं अनेकों जगहों पर घूमा हूं, मुझे ऐसा लगता है कि चाहे जमीदारों को खत्म करने का कानून हम लोगों ने बना दिया हो, लेकिन वास्तव में जो स्थिति वहां पर हम को पैदा करनी थी, वह हम अभी तक नहीं कर पाये हैं। प्लानिंग कमीशन के डिप्टी चेयरमैन श्री डी० आर० गाडगिल ने ट्रिवेन्ड्रम में कुछ दिन पहले एक भाषण दिया था "प्लानिंग इन इंडिया" के बारे में, उसमें से मैं एक बात सदन को पढ़कर सुनाना चाहता हूं :

"Let us look at the other aspect of this, the institutional aspect. You will find that in the institutional aspect the basic land reform in the sense of the intermediary abolition was fairly quickly completed."

आगे का बात महत्वपूर्ण है।

"But the land reform which affected the producer as such at the bottom, the position of the tenant and the sharecropper, was a thing which was found to be very much more difficult to implement than had been thought earlier."

आखिरी यह है :

"I believe very largely we are more or less still at the same position."

यानी जो स्थिति थी उससे आगे हम नहीं गये हैं। बिहार में जो किसान है, जो बटाईदार हैं उनकी मांग बहुत दिनों से चली है और उसके लिये वे लोग लड़ते हैं। जो हम लोगों

ने कानून बनाया उस पर ग्रमल नहीं किया। मुझे याद है, कांग्रेसी हुकूमत ने भी 59 में एक कानून बनाया था बटाईदारों के लिये लेकिन उस पर भी ग्रमल नहीं हुग्रा। जब संविद की सरकार ग्राई तो हमारे ग्रादरणीय मित्र, जयप्रकाश नारायण जी, महामाया बाबू और जितने ग्रौर संविद के नेतागण थे वे एक जगह बैठे ग्रौर निर्णय किया कि इसको ग्रमल में लायेंगे लेकिन कुछ कर नहीं पाये। वहां पर वास्तव में बड़ा ग्रन्याय हो रहा है। जो जमीन जोतता है, मेहनत करता है उसे कुछ नहीं मिलता है। जो कानून बना है उस में कहा गया है कि 14 सेर मालिक को मिलना चाहिये ग्रौर बाकी बटाईदार को यानी 26 सेर मिलना चाहिये लेकिन वह चीज होती नहीं है। 50150 परसेन्ट भी नहीं होता है। एक प्रकार से उसको लूटा जाता है। इसलिये लाचारी में लोग सभी कुछ करने के लिये तैयार हो जाते हैं। जब इस तरह का ग्रन्याय होगा तो उससे ग्रसन्तोष उत्पन्न ही होगा।

**श्री विभूति मिश्र** : संविद सरकार में जनसंघी दूसरी बात कहते थे ग्रौर कांग्रेस दूसरी बात कहती थी ग्रौर एम० एस० पी० वाले दोनों को लड़ाया करते थे।

**श्री एस० एम० जोशी** : मैं तो ग्रापसे यह कहना चाहता हूं कि इसमें कांग्रेस पार्टी या किसी दूसरी पार्टी का सवाल नहीं है बल्कि यह तो देश का सवाल है। जो चीज हम लोग कहते हैं उस पर हम ग्रमल भी करते हैं या नहीं ? .... (**व्यवधान**) .....

दूसरा मामला जो बिहार में है, जैसा कि तारकेश्वरी जी ने भी कहा है, वह ग्रादिवासियों का मामला है। वह मामला बहुत ही पेचीदा है। इस मामले को न हमने सोचा ही है ग्रौर न समझा ही है। ग्रभी हाल में रांची के नजदीक चिरी में जो गोली कांड हुग्रा उसको समझने के लिये ग्रौर जांच करने के लिये मैं स्वयं मौके पर गया क्योंकि ग्रखबारों में जो विवरण निकलता है उससे कुछ ग्रन्दाजा लगाना मुश्किल होता है। मुझे मालूम हुग्रा कि लल्लू ग्रोरांव नामक लड़का जोकि स्नातकोत्तर कक्षा में पढ़ता था उसने बिरसा सेना बनाई है। उस बात को लेकर भी ग्राज बहुत नुक्ता चीनी हो रही है। मैं भी उस लड़के से मिलने की कोशिश कर रहा था लेकिन मिल नहीं पाया। वहां पर कानून बने हुए हैं जैसे कि छोटा नागपुर टिनैंसी ऐक्ट है। छोटा नागपुर टिनैंसी ऐक्ट में साफ लिखा हुग्रा है कि ग्रगर किसी ग्रादिवासी को जमीन किसी दूसरे को देना है या बेचना है तो वह बिना डी० सी० का इजाजत के नहीं हो सकता है। लेकिन फिर भी यह सब हुग्रा। चिरी में जो गोली कांड हुग्रा उसकी पृष्ठभूमि में यह बात हुई कि लल्लू ग्रोरांव जो ग्रादिवासी था उसकी जमीन किसी दूसरे भद्र ग्रादमी ने हड़प ली। नीचे की कोर्ट से उस भद्र ग्रादमी के फेवर में फैसला हुग्रा लेकिन ऊपर की कोर्ट से ग्रादिवासी के फेवर में फैसला हुग्रा। ग्रब जो वह जमींदार था वह उसका कब्जा नहीं देता था। मैं यहां पर यह भी बता दूं कि लल्लू ग्रोरांव कोई क्रिश्चियन नहीं है बल्कि नान-क्रिश्चियन है। वह एम० ए० में पढ़ता था। उसने ग्रपना दल बनाया ग्रौर उनसे कहा कि हमको कब्जा नहीं दिया जा रहा है ग्रौर हुकूमत हमारी मदद नहीं करती है। उन लोगों ने कहा कि हम ग्रापको इसका कब्जा दिलवा देंगे ग्रौर उन्होंने कब्जा दिलवाया भी। वह ग्रादमी जोकि कब्जा नहीं दे रहा था वह रांची का वकील था। तो जब वे लड़के वहां कालेज में पढ़ने के लिये गये तो वकील के लड़के ने तीन चार गुंडों को लेकर उन पर हमला किया। इस तरह से रांची में जो एक मामला हुग्रा है वह इस बात को लेकर हुग्रा है।

ग्रब ग्राप देखें कि चिरी में जो गोली चली उसकी बुनियाद में क्या है। उसमें भी

[श्री एस० एम० जोशी]

इसी तरह का काम ह कि एक ने दूसरे की जमीन हड़प ली। जिस आदमी ने मकान बनाया है उसने गवर्नमेंट से लोन लिया ह, उसकी अपनी खद की जमीन नहीं हैं। गवर्नमेंट के लोन से ही उसने मकान बनाया हैं।

**श्री विभूति मिश्र** : संविद की सरकार में ही गोली चली थी।

**श्री एस० एम० जोशी** : गोली किसी की भी सरकार में क्यों न चले, गोली का चलना खराब है, यह बात हम सभी को माननी चाहिये।

वहाँ पर दारोगा से मैंने पूछा कि यह जमीन उसकी नहीं है और जब दोवार बनी थी तब आपने क्या किया तो उसने कहा अरे बाब जी, यहाँ तो यह सब चलता रहता है। अब जब पुलिस वाले ऐसा कहें और आदिवासियों को न्याय न मिले तो फिर लल्लू ओरॉव सरीखे आदमी क्या करें उसने दो हजार आदमियों को इकट्ठा किया और दीवार तोड़ने की कोशिश की जब वे दीवार तोड़ने के लिये गये तो घर को आग लगा दी गई और गोली चली जिसमें पाँच आदमी मारे गये। जो लोग गोली के शिकार हो गये थे, मैं उनके घर गया, मैंने देखा कि बच्चों के खाने के लिये दाना नहीं हैं लकिन इस बात पर किसी ने विचार नहीं किया। मैं अपनी पार्टी वालों को भी इस बात के लिये कोसता हूं। मैंने वहाँ पर कहा भी कि यह समाजवाद के नाम पर बट्टा ह। मैंने भोला पासवान जी से भी कहा कि यह ऐसा काम है जोकि आपको करना चाहिये। आप उनको राहत पहुंचाइये। मैं गृह मंत्री जी से भी प्रार्थना करूंगा कि अब तो वहाँ पर राष्ट्रपति शासन ह, चिरी में जिन लोगों की हत्या हो गई ह उनके परिवारों को राहत पहुंचाने का काम राष्ट्रपति जी का हैं, इस काम को आपको करना चाहिये।

**एक माननीय सदस्य** : भोला पासवान जी ने क्यों नहीं किया ?

**श्री एस० एम० जोशी** : मैं बता रहा हूं कि दूसरे रोज ही उनकी मिनिस्ट्री चली गई। दूसरी बात यह है कि अगर भोला पासवान जी ने नहीं किया तो उन्होंने भी गलत काम किया। जब हम इन्दिरा जी की गवर्नमेंट की नुक्ता चीनी करते हैं तब अगर हमारी पार्टी का मुख्य मन्त्री होगा और वह कोई गलत काम करेगा तो उसकी भी नुक्ता चीनी करेंगे। हम वह कर भी रहे हैं। तो मैं यह कह रहा था कि रांची का जो मामला है, आदिवासियों क जो जायज अधिकार हैं उनकी अवहेलना करके कानून तोड़कर जो उनकी जमीन छीन ली गई तो उसी के कारण असंतोष है आज उनके साथ अन्याय हो रहा है। जो वायदे उनके साथ किए गए थे उनको तोड़ा गया है। हमें चाहिये कि उन वायदों को पूरा करें। उनको एटानोमी भी देनी चाहिये। जब पुलिस अफसर उनको न्याय नहीं देते हैं तब मैं भी कहता हूं कि अगर वे मांग करते हैं कि उनके भी पुलिस आफिसर होने चाहिये तो उसमें कोई गलत बात नहीं है। आप को उनके प्रति न्याय करने के रास्ते ढूंढने ही चाहिये। आप देखें कि वहां पर हटिया में एक बड़ा प्रोजेक्ट है जिसमें 16 हजार आदमी काम करते हैं जिसमें से 12 हजार अनस्किल्ड लेबर हैं। मैंन वहां पर एस० पी० से पूछा कि इनमें आदिवासियों की क्या संख्या ह क्योंकि यह तो आदिवासियों के इलाके में कारखाना है तो एस० पी० ने बताया कि 12 हजार में से सिर्फ 1200 आदिवासी हैं। तो आप उनकी जमीन भी ले लेंगे और सिर्फ 1200 आदमियों को ही रोजगार देंगे तो फिर बाकी के लोग कहां जायेंगे और क्या खायेंग ?

लेकिन यह अन्याय अगर हम उन के यहां जाकर करेंगे तो वह एक सर्वथा अवांछनीय बात होगी।

अभी बिहार में राष्ट्रपति जी का शासन है और आप लोगों ने ठीक ही कहा है कि संविद की सरकार नहीं है। कांग्रेस की सरकार कुछ नहीं कर पाई और जो बुनियादी सवाल थे वह हल नहीं हो पाये। आप लोगों को मौका दो, ठीक तरीके से अपने नुमाइन्दे चुनने का। लेकिन वहां पर हो क्या रहा है? कई लोगों के खत मुझे आते हैं कि वहां किस तरह से उन्हें गुंडों से पिटवाया जाता है और आतन्कित कराया जाता है। उदाहरण के लिए मैं आप को बतलाऊं कि हमारी पार्टी के एक आदमी श्री ब्रह्मदेव ने जो कि जिला भागलपुर के मंत्री हैं उन्होंने मुझे पत्र लिखा है कि उन के ऊपर हमला हुआ और उन्हें पीटा गया। उन्होंने लिखा है कि एक चांद मिश्र "गुरू" ने यह हरकत करवाई है। उसने उन्हें गुंडों के जरिये पिटवाया है। अब इस तरह से हमारा लोक तन्त्र नहीं चल सकता है। यह ठीक है कि जिसने गुनाह किया है उसे नहीं छोड़ना चाहिये लेकिन गुंडागीरी को अवश्य रोका जाना चाहिये। अगर गुंडागीरी चलेगी तो यह काम चलने वाला नहीं है। मुझे खुशी है कि इस समय गृह मंत्री जी मौजूद हैं। यहां कहा गया कि संविद के लोगों ने, जब स्ट्राइक हुई थी तो उन लोगों ने वहां क्या किया? लेकिन चव्हाण साहब को मालूम है कि 1957-58 में बम्बई शहर में जब श्री जार्ज फरनेन्डीज स्ट्राइक करते थे, हम लोगों का कारोबार था बम्बई शहर में लेकिन उन की स्ट्राइक जब चलती थी तब भी हम लोग उन के साथ बात करते थे और समझौता करते थ। मैं यह भी आप से प्रार्थना करूंगा कि यह जो हमारे कर्मचारी है, हर एक आदमी यह कहता है कि उन की मांगें जायज हैं और आज की जैसी खराब परिस्थिति है उस में हमें उन के साथ बातचीत करनी चाहिये और बातचीत करने के बाद मुझे यकीन है कि कुछ न कुछ आप फैसला कर सकते हैं और स्ट्राइक विद्ड्रा हो सकती है।

आखिर में मैं यह कहूंगा कि अगर आज की खराब परिस्थिति को हमें रोकना है तो अभी जो एलैक्शंस होने जा रहे हैं, चुनाव होने जा रहे हैं उनके दौरान एक निर्भयता का वातावरण कायम रहना चाहिये। लोगों को अपनी राय को देनें का उचित मौका मिलना चाहिये। सन् 1962 में जबकि चुनाव हुए थे तब वर्तमान राष्ट्रपति जी वहां के गवर्नर होते थे। उस समय एक हमारे मित्र जोकि राष्ट्रपति जी के भी मित्र हैं वहां पार्टी के काम के लिए गये थे और वह उन के पास पहुंचे थे। एलैक्शंस के वक्त कैसे चलता है वह भी उन्होंने मुझे बतलाया था। उन्होंने बतलाया कि पहले तो मुफ्ती में पुलिस खड़ी रहती थी, बाद में ड्रैस में खड़ी होने लगी और लगता है कि अभी हथियार लेकर पुलिस खड़ी की जायेगी। उन्होंने बतलाया कि एक आदमी था उस का नाम कुछ भी रहा हो लेकिन वह एक मूंछों वाला मर्द था और वह बैलट पर्चा देने वाले अधिकारी के पास जाकर कहता है कि मुझे सुन्दरा देवी का बैलट पेपर दे दो। वह अधिकारी उस का मुंह ताकता रह जाता है कि भला यह मूंछों वाला सुंदरा देवी कैसे हो गया, लेकिन जब उन्होंने हथियार दिखाया तो उस बेचारे अधिकारी ने सहम कर तुरन्त उसे बेलेट पेपर दे दिया। आज आप के हाथ में शासन आ गया है, मैं अपील करूंगा कि अभी जो एलैक्शंस होने जा रहे हैं उन के दौरान अच्छा और खुला वातावरण रहना चाहिए, लोगों को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं दुबारा यह अपील करना चाहता हूं कि इन लोगों को जो मारा गया है उनकी फैमिलीज को आपको राहत देनी चाहिये। इसके अलावा आप को हड़ताल कर्मचारियों के साथ बातचीत करनी चाहिये।

[श्री एस० एम० जोशी]

मैं यह भी मानता हूं कि जहां तक हो सके अस्पतालों में हड़ताल नहीं होनी चाहिये। अगर वहां पर हड़ताल हो जाये और चूंकि हम नहीं चाहते कि अस्पतालों में हड़ताल हो, इसलिए वहां की हड़ताल को हमें कुछ दूसरे स्तर पर रखना चाहिए, कोई दूसरा रास्ता उन में से निकालना चाहिये ताकि उन को मांगें पूरी हो जायें। बिहार के मामले को सिर्फ पार्टी की दृष्टि से न सोचिये बल्कि समूचे देश की दृष्टि से सोचिये और इस दृष्टि से सोचिये कि हमें देश में लोकतंत्र के रास्ते को ठीक करना है और उसे सही मायनों में देश में स्थापित करना है। उस दृष्टि से हम लोगों को कदम उठाना चाहिए। चूंकि वहां पर राष्ट्रपति का शासन है इसलिए जिम्मेदारी आप की है और मैं उम्मीद करता हूं कि आप इस जिम्मेदारी को ठीक प्रकार से निबाहेंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: How much time would the Home Minister requeire? I think, it has to be finished today.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN): Let us try to finish it today. The length of my speech will depend on the points that the hon. members make.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Already most of the points have been made.

SHRI Y. B. CHAVAN: Normally I would not take more than half an hour. I will require at least 20 or 25 minutes.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhola Raut.

**श्री भोला राउत** (बगहा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप का बहुत अनुगृहीत हूं कि आप ने मुझे भी इस विषय में बोलने का अवसर दिया।

यह बात अभी श्री एस० एम० जोशी के भाषण से साफ़ हो गयी है कि राष्ट्रपति शासन लागू करना अनिवार्य था हालांकि और विरोधी दल के लोगों ने उस चीज़ को नहीं माना है। लेकिन अब मैं समझता हूं कि जोशी जी के भाषण के बाद वह लोग भी इस चीज़ को मान गये हों। यों तो आम चुनाव के बाद जब कोई खास पार्टी बहुमत में नहीं आई तो कम्युनिस्ट और जो दूसरे दल के लोग थे उन का एक ही सिद्धान्त था और वह यही रहा कि हम किसी तरह से कांग्रेस को खत्म करके एक ऐसी सरकार बनायें, ऐसी मिलीजुली सरकार बनायें ताकि कांग्रेस को मौका न मिल सके और इस में उन को सफलता भी मिली। लेकिन सफलता के साथ साथ ही उनको बहुत बड़ी कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा। वह मिलीजुली सरकार तो उन्होंने बना ली लेकिन जब भी उन का कोई मंत्री किसी शहर में जाता था, अब मान लीजिये कि कोई कम्युनिस्ट मिनिस्टर गया तो उस के दस दिन बाद साथ साथ जनसंघ का मिनिस्टर भी जाता था और फिर एस एस पी और पी एस पी के मिनिस्टर्स भी जाते थे। असल में उन को आपस में इस तरह की एक शंका बनी रहती थी कि कहीं ऐसा न हो कि अमुक दल हम से मजबूत हो जाय और मेरा दल कमजोर रह जाय। वह एक ऐसी परिस्थिति थी जिसमें सरकार नहीं चलती थी बल्कि पार्टियां चलती थीं और हर एक मंत्री अपनी अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए कोशिश किया करते थे।

इस के बाद एक खास घटना है जिसका कि मैं जिक्र करना चाहता हूं। संविद के एक दल ने जिसमें हमारे कामख्या बाबू हैं उन के ऊपर जो मुकदमा था उस मुकदमे को विदड्रा करने के लिए, वापिस करने के लिए खास कर उन की एक शर्त थी जिसको कि महामाया बाबू नहीं चाहते हुए भी मुख्य मंत्री की गद्दी के लोभ में कामाख्या बाबू के सामने उन को घुटने टेकने पड़े। लेकिन जब मंडल जी की सरकार हुई तो उन्होंने इन के कारनामों को

देख कर कुछ ऐसी बात उन्होंने अपने मंत्री मंडल के रा पाई कि यह जो संविद की सरकार बनी हुई है उस में कई मिनिस्टर्स ऐसे हैं कि जिन पर बहुत से चार्जेज़ हैं। कामख्या बाबू पर भी चार्जेज हैं। उन्होंने अपने मंत्री मंडल द्वारा ऐसे चार्जेज़ को एकत्रित कर उन पर श्री कामाख्या बाबू पर दुबारा चार्ज लगाया गया। उस के बाद संविद के लोगों ने जालसाज़ी कर फिर वहाँ पर शास्त्री सरकार बनाने में सफल हुए। शास्त्री जी की सरकार बनी तो फिर यह सवाल उठा। उन के सामने यह शर्त्त आई कि किसी तरीक़े से यह जो चार्जेज़ फ्रेम किये गये हैं उन को किसी तरीके से ख़त्म किया जाय, डिस्ट्रोय किया जाय। हमारे कामख्या बाबू ने सब से पहले यही शर्त्त रखी थी कि हम उसी वक्त मिनिस्ट्री में सक्रिय सहयोग देंगे जबकि वह फ़ाइल जिस फ़ाइल पर यह सब तय किया गया है मंडल जी की सरकार में वह फ़ाइल हमें दे दी जाय। वह फ़ाइल जिसमें शिकायतें और चार्जेज़ लगाये गये हैं, वह फ़ाइल हम को दे दी जाय। हमारे चीफ़ सेक्रेटरी ने, हो सकता है कि उस में शास्त्री जी की राय हो, उस फ़ाइल को उन्होंने नहीं दिया। जब उन्होंने उस फ़ाइल को नहीं दिया तो मैं वहाँ पर मौजूद था, राष्ट्रपति शासन होने के चार-पाँच दिन पहले से मैं वहाँ पर मौजूद था जब फ़ाइल उन को नहीं मिली, यहाँ तक कि वह डिप्टी चीफ़ मिनिस्टर होना चाहते थे, लेकिन वह जब उन्होंने नहीं दी, केसेज़ विदड्रा नहीं किये तो शास्त्री जी के सामने एक ऐसी परिस्थिति उत्पन्न की गई थी कि शास्त्री जी मजबूर हो गये और उन के सामने और कोई उपाय नहीं था और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यह बात साफ हो गई थी कि शास्त्री जी को इस्तीफ़ा देना पड़ेगा। इसलिए शास्त्री जी ने स्तीफा दे कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश की। हमारे श्री रामावतार शास्त्री ने जो यह चार्ज लगाया और सदन में अस्पताल की एक महिला मेहतरानी के मरने के विषय में बतलाया। तो मैं चाहता हूं कि मैं उस बात का ज़रा यहाँ पर खुलासा कर दूं, साफ़ कर दूं कि असलियत क्या है? दरअसल अस्पताल के अन्दर दो तरह की यूनियन हैं। एक कांग्रेस की तरफ़ से है जोकि बहुमत में है और एक कम्यनिस्ट की तरफ़ से है जोकि अल्पसंख्या में है जिसके कि सदस्य बहुत कम हैं। कांग्रेस की तरफ से जो यूनियन है उस में मैं भी सम्बन्धित हूं। उस में जब यह हड़ताल करने की बात आई तब यह बात जरूर है कि सब कोई हड़ताल के साथ थे। लेकिन यह बात भी तय हुई थी कि उस में किसी तरह भी अगर कोई आदमी काम पर जाना चाहे तो उस को रोका न जाय, या किसी तरह का हंगामा न किया जाये या उस में कोई हिंसा की कार्रवाई न की जाये। उस समय जब श्री छव्वा राम के सामने यह बात आई जो कि पन्द्रह वर्ष से कम्यूनिस्ट पार्टी के सदस्य हैं, जिन की स्त्री का नाम बहुत लिया गया है......

**श्री स० मो० बनर्जी** : आप कितने साल से सदस्य हैं?

**श्री भोला राउत** : उन के सामने जब यह बात आई कि हड़ताल को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने की बात चल रही है—यह 10 तारीख की बात है और 11 तारीख को हड़ताल होने वाली थी—उन्होंने सोचा कि किसी तरह से मीटिंग को तोड़ दिया जाये, बाहर से जो लोग अस्पताल में काम करने आयें, वह मेहतर और मेहतरानियां जो डिस्ट्रिक्ट बोर्ड और कारपोरेशन में काम करती हैं सरकार की तरफ से ऐसी व्यवस्था की गई थी कि उन को काम करने के लिये भेजा जाय ताकि अस्पताल के रोगियों की सेवा ठीक से हो सके.......

**श्री रामावतार शास्त्री**: नर्सों को जबर्दस्ती फोर्स किया गया, उन को घसीटा गया।

**श्री भोला राउत** : छव्वा राम को यह बात खटकी कि अगर शांतिपूर्ण ढंग से हड़ताल की गई और किसी तरह से हंगामा और गड़बड़ नहीं की गई तब तो सरकार की बदनामी नहीं

[श्री भोला राउत]

होगी। अगर सरकार की बदनामी नहीं होगी तो बदग्रमनी नहीं होगी और खूनखराबी नहीं होगी। इसलिये किसी तरह से बदग्रमनी पैदा की जाये।

**श्री रामावतार शास्त्री** : बदग्रमनी कहां हुई? (व्यवधान)

**श्री भोला राउत** : मैंने माननीय सदस्य का समय नहीं लिया, वह क्यों मेरा समय लेते हैं? उन्होंने तय किया किसी तरह हंगामा मचे। जब सरकार को यह बात मालूम हुई तो 10 तारीख को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया ताकि ग्रमन चैन बना रहे। (व्यवधान) उन के प्रोग्राम को ग्रसफल बनाने के लिये सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया ताकि ग्रगर हड़ताल होनी है तो वह शांतिपूर्ण ढंग से हो।

जहां तक उन की स्त्री के मरने की बात है, यह बिल्कुल गलत बात है। मैं वहां था और 18 तारीख तक वहां रहा हूं। वहां पर किसी भी महिला पर किसी तरह से कोई ग्राघात नहीं हुग्रा। जब वह मरी तो इस वास्ते यह बातें कही जाने लगी कि चलो इसी को टार्गेट बनाग्रो ग्रौर किसी तरह से पब्लिक में एजिटेशन पैदा करो कि इस तरह से उस को मारा गया है ग्रौर पुलिस ने उस को मारा है ग्रौर ग्रधिकारियों ने मरवाया है। यह जालसाजी की गई है ताकि जालसाजी कर के वहां ऐसा वातावरण पैदा करें कि वहां पर एक हंगामा पैदा हो जाय ग्रौर सरकार को कुछ करना पड़े। (व्यवधान)

**SHRI S. M. BANERJEE** (Kanpur): I rise on a point of order. This morning when this question was referred to in the form of aCalling Attention Motion and the hon. Minister Shri Shukla was replying, he said that a magistrate has been apopinted to go into the whole case, how she died and so on. This case, acording to his statement, is *sub judice*. So, at least we should not say what was the cause. Our case is that she was beaten by the police. Hhere this hon. member, against whom I have nothing to say, is saying that this was all aranged and so on. This is bound to prejudice the inquiry. The hon. Minister has refused a judicial inquiry. Had it been a judicial inquiry, I think your ruling would be clear. However, I request you to give a ruling whether he is in order in referring to the cause.

MR. DEPUTY SPEAKER: Whether it is a magisterial enquiry or judicial enquiry, so long as facts are to be ascertained by some independent authority, as far as possible nothing should be said that would prejudice the result of the enquiry.

Yu must now conclude; your time is up.

**श्री भोला राउत** : में ग्राप को बतला रहा था.....

**उपाध्यक्ष महोदय** : जो एन्क्वायरी बैठी है, उस के बारे में ग्राप कुछ मत कहें।

**श्री भोला राउत** : वहां तो उन को एक ऐसी परिस्थिति लानी थी कि किसी तरह से कोई हंगामा वहां पर हो। इसलिये जैसा ग्रभी रिपोर्ट से पता लगा है कि जब उस लाश को पोस्ट मार्टम के लिये मांगा गया तब वह नहीं दी गई। ग्रगर दी जाती तो पर्दा फाश हो जाता।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Whether it is a fact or not has to be ascertained.

SHRI P. G. SEN (Purnea): It has come in the papers.

MR. DEPUTY-SPEAKER: This monrning, the Minister said that an enquiry was being held and until it is concluded nothing should be said about it.

**श्री भोला राउत** : दूसरी बात मैं आप को बतलाऊं। अस्पताल के कर्मचारियों की हड़ताल सब जगहों पर चल रही थी। हमारे बेतिया में भी चलती थी, हम ने सब जगह उसे खत्म कराया। पटना आये तो वहां पर अस्पताल कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी। हम ने स्टेटमेंट दिया और कांग्रेस की तरफ से जो वर्कर थे उन्हें फोन किया कि अस्पताल में हड़ताल नहीं होनी चाहिये। हड़तालियों की मांग तो सरकार से है न कि लाखों रोगियों से। अगर कोई जिम्मेदार आदमी अपने कलेजे पर हाथ रख कर सोचे तो उस को पता चलेगा कि यह खिलवाड़ किया जा रहा है रोगियों से और आम जनता से। मैंने वहां के कांग्रेस के वर्कर्स से कहा कि हड़ताल को खत्म किया जाये। जब यह बात मालूम हो गई कि कांग्रेस के सदस्य वहां इक्ट्ठे हो गये हैं हड़ताल खत्म करने के लिये तब जालसाजी से यह हंगामा कराया गया।

**श्री रामावतार शास्त्री** : उपाध्यक्ष महोदय, आप ने जो रूलिंग दी है वही बात वह फिर कह रहे हैं।

**श्री मुहम्मद इस्माइल** (बैरकपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा नम्बर आखीर में आया है इसलिए उन सब को नहीं कह सकूंगा जो बातें मैंने अपने कानों से सुनी हैं, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि बिहार पाँचवी स्टेट है जिस को कांग्रेस ने, जो कि रूलिंग पार्टी है तोड़ दिया है। कांग्रेस रूलिंग पार्टी ने एक नहीं पाँच प्रान्तों में हमारे देश के गणतन्त्र की हत्या की है। हम पिछले बीस वर्षों से सुनते आये हैं कि कांग्रेस ने गणतन्त्र को कायम किया है और गणतन्त्र के लिए सब कुछ कर रही है लेकिन जब जनता ने अगले इस एलेक्शन में उस के खिलाफ अपनी राय दी तो उस की राय को न मानकर उसने जनता के विरोध में काम किया और गणतन्त्र की हत्या की, कानून की हत्या की और जो भी चाहा उसने किया। उसने डिफे-कटर्स तैयार किये ताकि किसी तरह से जो गणतन्त्र की सरकारें कायम हुई हैं वह न चल सकें। जितनी भी कोशिश इसके लिए हो सकती थी, उसने किया। उसको यह ख्याल नहीं हुआ कि जनता जब उनको नहीं चाहती तब जिस सरकार को उसने बिठलाया है उससे जनता की जितनी भी तकलीफें हैं वह ठीक करायी जायें। उसने कोई आन्दोलन इस के लिए नहीं किया न तो किसानों के फायदे के लिए और मजदूरों के फायदे के लिए। उन के सामने यही सवाल रहा कि किसी तरह से भी जो गैर-कांग्रेसी सरकारें हैं उनको काम न करने दो। उन्होंने हर कोशिश की वह सरकारें न चल सकें। उन्होंने मजदूरों को उसकाया घेराव के लिये, और उसी तरह से किसानों को घेराव के लिये उकसाया। वहाँ पर कम्यूनलिज्म फैलाया है, भ्रान्ति फैलाई है। हम लोग जानते हैं कि बंगाल में उन्होंने भ्रांति फैलायी है सिख और बंगाली का सवाल उठा कर।

हमारे यहाँ पापुलर सरकार थी। लेकिन वहाँ कांग्रेसियों ने कम्युनल सवाल उठाया। लेकिन फिर भी हमारे पापुलर मंत्रियों ने जा कर टाँ घटे के अन्दर अन्दर इस चीज को रोका। मैं समझता हूं कि हमारे उन कांग्रेसी भाइयों को लज्जा से डूब मरना चाहिये। रूलिंग पार्टी के लोग अपने आप को गणतन्त्र के गदाधारी कहते हैं। बीस साल से ये गणतन्त्र के पक्ष में आवाज उठाते आ रहे हैं। लेकिन उन्हीं को गणतन्त्र की हत्या करते हुए क्या शर्म नहीं आती हैं। आज उन्हीं के हाथों से प्रजातन्त्र की हत्या हो रही है। बिहार में चूंकि इनकी सरकार नहीं थी इस वास्ते उस सरकार को इन्होंने गिराया। इन्होंने महामाया प्रसाद सिन्हा की सरकार को गिराया। बिहार प्रान्त एक ऐसा प्रान्त है जहां पर कांग्रेसियों ने पूंजीपतियों का राज कायम कर रखा है। वहाँ पर कांग्रेसी सरकार ही चलती है। वहाँ पर टाटा का राज चलता है, डालमिया का राज चलता है। मजदूरों पर टाटा ने दिन दुपहर कर्फ्यू लगवा कर

[श्री मुहम्मद इस्माइल]

गोली से मरवाया है, लोगों की हत्या की है। ये सभी दृष्टान्त आपके सामने हैं। वहाँ पर आज जनतन्त्र की हत्या करके राष्ट्रपति का शासन लागू किया गया है। यह वही प्रान्त ह जहाँ के गवर्नर ने सेंटर की बात को मानने से इन्कार किया था और जिसने माँग की थी कि जिस गवर्नर को भेजा जा रहा है, उस को न भेजा जाये। वहां के गवर्नर ने कहा था कि मैं सेंटर की बात नहीं सुनूंगा और उसको तब यह कहा गया था कि तुम्हें एक्सटैंशन नहीं दिया जायेगा, तुम घर जावो। उसके बाद जब वहाँ पर कानूनगो साहब को बिठाया गया और जब वह पटना पहुंचे तो वहाँ जनतन्त्रीय सरकार के मंत्रियों ने उनका स्वागत तक नहीं किया। लेकिन इनको तो एकार्डिंग टू प्लान अपना सारा काम करना था। इनको तो जनतन्त्र की वहाँ हत्या करनी थी। इस वास्ते उन्हीं को वहाँ गवर्नर नियुक्त किया गया। यह तरीका गलत है। यह जो संसद ह यह पचास करोड़ जनता की आशाओं और आकांक्षाओं की प्रतीक है, पचास करोड़ जनता का यह प्रतिनिधित्व करती है और मैं चाहूंगा कि जनतन्त्र की रक्षा यहां से हो। जनतन्त्र की रक्षा इस तरह से नहीं हो सकती है जैसे हमारे भाई ने कहा कि रोगी अगर मरते हैं तो उनको देखा नहीं जाता है। आप देखें कि रोगी को मारने के लिए कौन जिम्मेदार ह? आप ही तो जिम्मेदार हैं। कुआं तो आपने ही खोदा था। अस्पतालों में जो कर्मचारी काम करते हैं उनको भूखों मारने की साजिश आपने ही तो की थी, आप ही ने तो उनको हड़ताल करने पर मजबुर किया था, उनके बाल बच्चों को भुखा रखा था, उन का कोई ख्याल नहीं किया, उनके साथ कोई हमदर्दी नहीं दिखाई। इस वजह से अगर रोगियों को कष्ट पहुंचा तो क्या उसके लिए वर्कर जिम्मेदार हैं? नहीं, आप जिम्मेदार हैं, आपकी नीति जिम्मेदार है, आपने जो पद्धति अपनाई, वह जिम्मेदार है।

सरकारी कर्मचारियों का जहाँ तक सवाल ह, उनकी माँगों को आप देखें। उनको जबरदस्ती हड़ताल पर आना पड़ा है। उन्होंने कहा है कि हम कुछ नहीं चाहते हैं, हमें रिलीफ़ दे दो, हमारी जो रिटैंचमेंट हो रही है, इसको बन्द कर दो। जिस माँग के बारे में पैसा खर्च नहीं करना पड़ता है और सिर्फ कलम हीं चलानी पड़ती है उसको भी मानने के लिए आप तैयार नहीं हैं, कलम तक चलाने के लिये आप तैयार नहीं हैं। जिस डिमांड को पूरा करने में कोई फाईनन्शल इम्पलि-केशन्ज नहीं हैं उन तक को आप मानने के लिए तैयार नहीं हैं। जहा तक उन डिमांड्ज का सम्बन्ध है जिन के साथ फाइनेंशल इम्पलि-केशन्ज जुड़ी हुई हैं उनके बारे में उनकी माँग यह है कि दो महीने के अन्दर अन्दर उनकी छानबीन करके देख लिया जाये। वे चाहते हैं कि वे काम कर। लकिन गवर्नर साहब कहते हैं कि नहीं, नथिन्ग डूइंग। रूलिंग पार्टी यहाँ तो है उसका यह एनाउन्समेंट है कि पहले माथा नीचा करो, तब बात होगी। उन लोगों का क्या कहना हैं। वे कहते हैं कि बात करने के लिए तैयार हो जाओ तो हम स्ट्राइक वापिस ल लेंगे। लेकिन हमारी यह सरकार तो उनको नीचा दिखाना चाहती है। यह तो उन पर लाठी चार्ज करना चाहतो है।

**श्री सीताराम केसरी** (कटिहार): आपके राज में राँची में गोली चली थी जिस में सात आदमी मारे गए थे।

**श्री मुहम्मद इस्माइल**: हमारी गोली कहाँ है? हमारी गोली तुम्हारे पेट में है। आप देखें कि कितनी छोटी सी वहाँ के सरकारी कर्मचारियों की माँग है। वे चाहते हैं कि उनको भी सैंट्रल रेट्स पर डी० ए० दिया जाए। बहुत सी प्रान्तीय सरकारों ने अपने कर्मचरियों को सैंट्रल रेट्स पर डी० ए० दे दिया है। अगर वहाँ के सरकारी कर्मचारी भी इसकी माँग करते हैं तो क्या यह उनकी

अनुचित माँग है ? वहाँ पर राष्ट्रपति का शासन लागू होने के बावजूद भी, केन्द्रीय सरकार का राज लागू होने के बाद भी इतना तक सरकार की ओर से नहीं कहा जाता है कि हम तुम्हारी इस छोटी सी माँग पर विचार करेंगे और इसको पूरा करेंगे। अब जो वहाँ पर परिस्थिति पैदा हुई है उसकी सारी जिम्मेदारी गवर्नर पर है। उस सब के लिए चव्हाण साहब जिम्मेदार हैं क्योंकि राष्ट्रपति का वहाँ पर शासन लागू है।

वहां पर एक षडयंत्र रच कर जनतंत्र की हत्या इस सरकार द्वारा की गई है। षडयंत्र करके वहा की वैध सरकार को तोड़ दिया गया है। वहा पर अशान्ति पैदा हो रही है। आदिवासियों मे अशान्ति पैदा हो रही है। वहा पर आग जल रही है। उस आग में आप जल कर मर जाएंगे। उस आग मे सभी कांग्रेसी जल कर भस्म हो जाएंगे। यह जो आग है यह तुम्हारी ही जलाई हुई है, हमारी नहीं। कम्युनल रायट्स वहा पर जमशेदपुर वगैरह मे जो हुए वे आपकी ही वजह से हुए। हमारी इस कांग्रेस सरकार को डूब कर मरजाना चाहिये।

यह कहा गया है कि ये जो संयुक्त सरकारे हैं ये पांच मसाली सरकारें हैं, इन में भिन्न भिन्न पार्टियां शामिल हैं। लेकिन मैं कहता हूं कि ये सरकारें आदर्श की भित्ती पर खड़ी हैं। यह हो सकता है कि जन संघ की नीति हमारी नीति से मेल न खाती हो। लेकिन जहां तक जनता की सेवा करने का सवाल है, जनता की भलाई करने के काम का सवाल है, हम में और उन में कोई भेद नहीं हैं। लेकिन आपकी सरकार तो पांच बंदरों की सरकार है और इस सरकार के अन्दर कितने और बंदर बैठे हैं इसका कुछ पता ही नहीं। आपके सब के अलग अलग स्वार्थ हैं और उनको आप जोड़ नहीं सकते हैं। हम किसी आदर्श को ले कर चलते हैं लेकिन आपका कोई आदर्श है ही नहीं। हमारे जो डिफ़ेंसिस है वे खुले हुए है, वे जनता के सामने हैं लेकिन आपके जो डिफेंसिस हैं वे छिपे हुए हैं। दिल मे आपके एक बात है और बाहर दूसरी बात है। जनतंत्र को अगर आप समझते हैं कि अकेले आप चला सकते हें तो जनतंत्र नहीं चल सकता है। कांग्रेस का जो पतन हुआ है वह हमारी वजह से नहीं हुआ है, आपके कारनामों ने ही कांग्रेस का पतन किया है, आपने जो पद्धति अपनाई उसकी वजह से ही आपका पतन हुआ। यह पद्धति ही आपका अन्त भी कर देगी।

यह जो प्रोक्लेमेशन है यह आज मंजूर कर लिया जाएगा। यह हमें मालूम ही है। लेकिन जो फैसले होते हैं वे कमरे में बैठ कर नहीं हो जाने चाहिये। जनता के सामने और उसके दरबार में होने चाहिये। मिड टर्म इलेक्शंज होंगे तब देख लिया जाएगा। अगर जनता हमें हरा देगी तो माथा नीचा करेंगे और अगर जीता देगी तो यही कहेंगे हमें डर नहीं है जनता हमें चाहती है।

मैं चाहता हूं कि इस प्रोक्लेमेशन के मंजूर होने के बाद आप पहला काम यह करें कि सरकारी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को बुलायें, उनके साथ बातचीत करें और उनकी मांगों को मंजूर करें ताकि वहां शान्ति स्थापित हो। यह बहादुरी नहीं है जैसे हमारे एक पहलवान कहते हैं कि हम ने वहां से लात कर तोड़ा, हम ने वहां से लात कर तोड़ा, हम ने स्ट्राइक को तोड़ा। क्या तोड़ा ? गरीबों का पेट ही तो तोड़ा। लज्जा से आपको डूब मर जाना चाहिय, अगर आप ऐसी बात कहते हैं।

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी) : जो प्रेजीडेंटस रूल बिहार में लागू हुआ है उसका मैं हार्दिक समर्थन करता हूं । प्रेजीडेंट्स रूल लागू होने के पहले बिहार में ला एंड आर्डर की पोजीशन बहुत खराब थी । लोगों के लिए रात को सोना मुशिकल हो गया था । उपाध्यक्ष जी, अगर आपको विश्वास न हो तो चव्हाण साहब और आप दोनो चल कर देख लें और इसके बारे में आम जनता से पूछ लें । कितनी तब अशान्ति फैली हुई थी, इसको आपको जनता बता देगी । कितनी ही डकैतिया प्रेजीडेट्स रूल के पहले वहां पड़ चुकी थीं । मैं चव्हाण साहब से कहूंगा कि भैसही में राम नारायण शाह के घर पर जो डकैती पड़ी थी उसकी वह जांच करें । एशिया में ऐसी डकैती पहले कभी नहीं पड़ी । जांच करवा कर आप देखें कि क्या उस डकैती के पीछे पोलिटिकल पार्टीज का हाथ है या नहीं । पहले तो राम नारायण शाह को अपंग किया गया फिर उसका सारा धन लूट लिया गया और जाते समय उसकी हत्या कर दी गई । मैं चाहता हूं कि इसकी इनक्वायरी कराई जाए और देखा जाए कि किस का इसके पीछे हाथ था ।

जहां तक नान-गजेटिड एम्पलायीज की हड़ताल का सम्बन्ध है मैं समझता हूं कि उनको मिसलीड किया गया है । गवर्नमेंट सर्वेट्स में हमारे भी सगे सम्बन्धी हैं । हमारे भी उन में आदमी हैं । आप देखें कि उनकी तीन मांगे हैं । एक तो यह मांग है कि स्ट्राइक पीरियड की उनको तनख्वाह दी जाए । दूसरी यह है कि सेंट्रल रेटस पर उनको डी० ए० दिया जाए और तीसरी यह कि उनकी छंटनी न की जाए ।

यद्यपि इन लोगों ने बेमौके हड़ताल की है, लेकिन में श्री चव्हाण से कहूंगा कि वह इन की मांगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें । विरोधी दल इन अराजपत्रित कर्मचारियो के साथ हमदर्दी का दम भर के अगले चुनाव में उन से फायदा उठाना चाहते हैं । वे लोग हमारे ही आदमी हैं, हमारे सगे सम्बन्धी हैं । इस लिए चव्हाण साहब को उन की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए ।

17.00 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

जब बिहार में विरोधी दलों की, महामाया बाबू की सरकार थी, तो वहां पर अकाल पड़ा हुआ था । उन्होने यह घोषणा की कि मालगुजारी माफ कर दी जायेगी । इस साल हम को उम्मीद थी कि मलगुजारी माफ हो जायेगी । लेकिन अब दो साल की मालगुजारी कस-कस कर वसूल की जा रही है इन लोगो के वायदे कहां गये ।

मैं चाहता हूं कि संविद सरकार के अकाल के जामाने के एकाउंट की जांच कराई जायें । उस जमाने में उस सरकार ने गांवों में किन-किन को कौन-कौन सी ठेकेदारियां दीं, इस बात की भी जांच की जानी चाहिए ।

हमारे यहां रिवाज है कि गरीब लोग नहर एरिया से जा कर धान लाते हैं । बेतिया में एस० एस० पी० के लोगो ने उन गाड़वानो को धान लाते हुए पकड़ा और पकड कर उन के साथ सख्ती की । फिर पुलिस आई और उस के साथ उन लोगो का झगड़ा हुआ । पुलिस ने एक आदमी को जेलखाने भेज दिया । तब पटना से हवाई जहाज से एक मंत्री आये और उन्होने पुलिस को ससपेंड कर दिया और इन के आदमी को जेल से छुड़ाया । मैं चाहता हूं कि चव्हाण साहब एस० एस० पी० की इस कार्यवाही की जांच करायें ।

एक माननीय सदस्य : के० बी० सहाय की जांच कौन करेगा ?

**श्री विभूति मिश्र** : के० बी० सहाय की जांच तो शुरू हो गई है, लेकिन श्री बी० पी० मंडल की सरकार ने इन के मंत्रियों के खिलाफ जो जांच शुरू की थी. वह पूरी होनी चाहिये ।

संविद सरकार में जिन के हाथ में गंडक योजना का काम था, उन के काम की जांच की जानी चाहिये । सप्लाई डिपार्टमेंट की भी जांच होनी चाहिये। संविद सरकार के समय बिहार में कोई काम नहीं होता था । एक पार्टि का मिनिस्टर हवाई जहाज से सुबह ग्राया, दूसरी पार्टी का दोपहर को ग्राया, तीसरी पार्टी का शाम को ग्राया, चौथी पार्टी का रात को ग्राया । सब मंत्री लोग इसी चक्कर में रहते थे ।

श्री एस० एम० जोशी ने कहा कि बिहार में भूमि सुधार कानून लागू किया जाये । वह कैसे लागू हो, क्योंकि एक तरफ कम्यूनिस्ट पार्टी थी, जो भूमि सुधार लागू करना चाहती थी ग्रौर दूसरी तरफ जनसंघ वाले चाहते थे कि भूमि -सुधार लागू न किये जायें । एक गांव में एक कम्युनिस्ट नेता था ग्रौर एक जनसंघी ग्रौर दोनों में रोज मार पीट हुग्रा करती थी । श्री जोशी की पार्टी चाहती थी कि जनसंघ ग्रौर कम्युनिस्ट लड़ा करें, ताकि उन का काम निकला करे । वहां पर यह हालत हो गई थी कि जीना मुश्किल हो गया था, गांवों में रहना मुश्किल था । लोग चाहते थे कि किसी तरह से यह सरकार जाये ग्रौर उन्होंने जो भूल की है, उस का प्रायश्चित हो ।

यह ठीक है कि हमारी पार्टी में झगड़ा है, लेकिन दूसरी पार्टियों की भी तो यही हालत है । जहां तक कम्युनिस्ट पार्टी का सम्बन्ध, है एक कम्यूनिस्ट पार्टी (राइटिस्ट) है, एक कम्युस्टि पार्टी (मर्किसस्ट) है, एक नक्सलबाड़ी ग्रुप है ग्रौर एक नागी रेड्डी का ग्रुप है । चार कम्युनिस्ट पार्टियां हो गई हैं । श्री मधु लिमये ने ग्रपने दल की लीडरशिप से इस्तिफा दे दिया है । उन के यहां भी बड़ी ग्रौर छोटी जात का झगड़ा शुरू हो गया है । इसी तरह जनसंघ में भी दो पार्टियां शुरू हो गई हैं ।

केन्द्रीय सरकार ने बिहार में प्रेसिडेंट्स रूल लागू करने का जो कदम उठाया है, ग्राम जनता उस से खुश है । लोगों को उस पर विश्वास है । लेकिन मैं श्री चव्हाण को कहना चाहता हूं कि वहां पर जो दो एडवाईजर भेजे हैं, वे दोनों रिटायर्ड व्यक्ति हैं । मैं ने सुना है कि एक को ग्रांख से दिखाई नहीं देता है । वहां पर ऐसे ग्रफसरों को भेजना चाहिये, जो सर्विस में हों ग्रौर तगड़े हों । रिटायर्ड लोगों को नहीं भेजना चाहिये, ऐसे लोगों को भेजा जाए जो तगड़े हो, बिहार के बाहर से हों, जो ईमानदारी से काम करें।

संविद सरकार के मंत्रियों ने ग्रपने-ग्रपने ग्रादमियों को प्रोमोशन दिये ग्रौर जो लोग उन की राय से नहीं मिलते थे, उन का ट्रांसफर कराया । । उन्होंने ग्रपने ग्रादमियों को ऐसे स्थानों पर रखा, जहां चुनावों में उनको मदद मिले । इन सब बातों की जांच की जानी चाहिये ।

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna): Mr. Speaker, Sir, I am inclined to believe both the parties only when they abuse each other. am sure, both of them are correct. The Congress people say that this combined government failed because of its own misdoings. But for what reason did the Congress fall? For its own misdoings. They both have failed in the same way. It is quite natural that the Congress people complain that there are so many parties combined together. After all, these are parties that have combined; but how many parties has the Congress within its own fold? That they have never seen.

AN. HON. MEMBER: But they are combined.

SHRI J. B. KRIPALANI: The Congress Government is displaced; the new government comes and there is an inquiry about all the Ministers that were in the Congress Government. Then, some other Ministry comes and there is an inquiry about all the ministers. That is the trouble not only with Bihar but may I submit to the Home Minister that this is a particular disease which is common to the whole of India. There is no rule of law. Everybody does what he likes and gets away with it. No proper conventions are made; no democratic norms are laid. Take the instance of the Congress. When it was not in power in Bihar, they brought about the defection of that person, Mandal.

MR. SPEAKER: He is here.

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): Again he has come here.

SHRI J. B. KRIPALANI: Then Mandal's Ministry was supported by the Congress. He was not a member of the Assembly. When objection was raised that he was not a member of the Assembly, some stooge of his was put into the Ministry. That ministry lasted for three or four days and this Mandal was appointed in the Upper House. Then he became the Minister. Then he had to leave and another person, who has defected from the Congress, became a Minister. There were four ministries. There were 80 people going from one side to another side. There is no law in Bihar. If there is any province in which there is absolutely no law, I can say with authority that it is Bihar.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara): Bibhuti Mishra's province.

SHRI J. B. KRIPALANI: It is good that the Government has been taken over by the Rashtrapati. It will give some steady government to the people and I hope it will be possible to have free elections in Bihar. I can say with confidence that the elections last time were not fair. The people went there with lathis and would not allow anybody to vote except for 'heir own candidates, whether they were Congressmen or non-Congressmen. All of them are in the same boat. After all, who are these people who are in the different parties? They are chips of the old block. They were all in the Congress. Were you not all in the Congress?

What are you talking about? Your morality is the same as that of the Congress. You did not leave your morality behind and then go out. What about this Raja of Ramgarh? How many times did he change sides? Three times i na day!. Why? Because there was going to be an inquiry about his doings when he was a Minister. Was it necessary to have an inquiry for the Raja of Ramgarh? It is as plain as anything can be what he is about.

We do not want to clean the administration. We do not want the rule of law to have its own way. We are all talking in terms of ideology, socialism, thisism and thatism. But we are not thinking in terms of what the people want. You ask anybody anywhere. What the people want is a clean and efficient Government and the rule of law. People do not understand your ideologies about socialism or communism or Jan Sanghism or any other 'ism'. What they want is that there should be a clean and efficient administration and the rule of law. There is no rule of law anywhere. Everybody suspects that.

Yesterday, there was a privilege question raised and a suspicion was cast upon our great Finance Minister who has been such a great patriot. Why was a suspicion cast? Why should Ministers do things which lead to such a suspicion? It may be one thing for a newspaper like *Blitz* to write anything. Somebody may believe it;

somebody may not believe it. But when this question is raised in Parliament, some mud is bound to stick. Therefore, I suggest, in all humility, to our Ministers, whether there or here, that at least their conduct should be such that it should not only be correct but it should appear to be correct before the people. I say if I were a Minister and I appoint my wife as my Private Secretary, it is a thing which would be suspected. Supposing she was the Chief Minister and she appointed me as her Private Secretary? The first thing may not be possible because I am never going to be a Minister. But the other thing was possible. What would have the people thought? To say that the Private Secretary does not know anything about what goes on in the Government is not correct. I can quite understand that the Private Secretary may not know about the Budget. But there are many things which you cannot conceal from the Private Secretary. If anybody says that he is going to conceal anything from the Private Secretary, he is living in the fools' paradise. Therefore, the conduct should be such that there is no suspicion whatsoever.

I believe that when the Private Secretaries are appointed, they must be appointed from among the administration, from those who are already in the administration, so that there can be no suspicion.

This is all that I have to say. I hope the words that I have spoken will not be misunderstood. I have no doubt that our Finance Minister is very honest and very patriotic. But why should he do a thing that has the appearance of being such that anybody can cast reflection upon him? After all, he is the Finance Minister and no reflection should be cast upon him. He should be better than Caesar's wife because Caesar's wife was always suspect by the hole world. Only her husband did not suspect her. Our Finance Minister should be more than Caesar's wife. I do not believe that Caesar's wife was above suspicion although Shakespeare says like that! It was all right for Shri Morarji Desai to keep his son as his Private Secretary when he was not in office because he could not afford to have a Private Secretary. We all cannot afford that and yet we have to keep a Private Secretary. Somehow or other, we have to pinch ourselves and do it. I suppose that was all right. But when he became the Finance Minister, I think, it was wrong. I hope what I have said will not be misunderstood and our Ministers will behave in such a manner that it will not only be right but will also be considered right by the public because it is undesirable that such questions as had arisen yesterday should be raised in this Parliament; it does not raise our status and it does not also raise the status of the Ministers.

I am sorry, the Finance Minister is not here. I hope, when it is reported to him, he will consider the matter.

श्री लखन लाल कपूर (किशनगंज) : अध्यक्ष महोदय, दुर्भाग्य का विषय है कि आज बिहार में राष्ट्रपति का शासन है । कांग्रेस की तरफ से बहुत जोरदार शब्दों में बार-बार कहा गया है कि बिहार की जनता ने राष्ट्रपति शासन का हृदय से स्वागत किया है । वह संयुक्त दल की सरकार से इतना ऊब चुके थे कि नये शासन की मांग कर रहे थे । मुझे वह दिन भी याद है जब कि 1967 के आम चुनाव के बाद 5 मार्च को संविद सरकार के मंत्री लोग शपथ ग्रहण करने के लिए राज्यपाल के दरबार में इकट्ठे हुए थे । उस दिन का वह दृश्य हमें याद है कि लाखों जनता समुद्र की तरह उमड़ कर वहां इकट्ठी हुई थी और उस ने कांग्रेस के बीस वर्षों के कुराज्य से अपना मुक्ति दिवस मनाया था । हमें वह दिन भी याद है जब कि 1967 के चुनाव के पहले दिसम्बर, जनवरी और फरवरी में सारे

[श्री लखन लाल कपूर]

बिहार में यह हमारे सामने बैठे हुए जो कांग्रेस के भाई हैं, वह टोपी पहन कर चलना गुनाह समझते थे। टोपी बगल में छिपा कर चलते थे। जीप पर से अपने झंडे उतार कर चलते थे और मुख्य सड़क से नहीं चलते थे, गलियों से छिप कर निकलते थे। यह इन की हालत थी। क्यों ऐसी हालत थी ? आज वह कह रहे हैं कि बिहार की जनता बहुत खुश है। मैं पूछना चाहता हूं बहुत अदब के साथ कि बीस वर्षों तक आप ने हिन्दुस्तान पर राज्य किया और 20 वर्षों तक हिन्दुस्तान की जनता ने अपना खून पसीना बहा कर आप को जो प्यार और स्नेह और आदर दिया उन 20 वर्षों के बाद आप टोपी छिपा कर क्यों चल रहे थे ? झंडे उतार कर क्यों चल रहे थे ? मुंह छिपा कर गलियों से क्यों चलते थे ? आप को हिम्मत नहीं हो रही थी...... (व्यवधान)..... उन जिगर के टुकड़ों को आप ने ही पाला था और उन्हीं जिगर के टुकड़ों को आप भूले नहीं होंगे आप को दिल्ली और पटना की गद्दियों पर बिठाया था और वही जिगर के टुकड़े थे जो आप की जान के ग्राहक बन कर घूम रहे थे और आप को छिपने का रास्ता नहीं मिल रहा था। मैं कहना चाहता हूं 1966 और 67 के एलेक्शन के पहले किसका वहां राज्य था ? कांग्रेस का राज्य था। श्रीमान के० बी० सहाय वहां मुख्य मंत्री थे। आज जो कहते हैं कि वहां डकैतियां की भरमार है, रास्ता चलना मुश्किल है, मैं उन से पूछना चाहता हूं जरा अपने आंकड़ों को देखें, अपने रेकार्ड को पढ़ें कि क्या हाल था बिहार का उस दिन ? जमशेदपुर में मुसलमानों का खून बहाया जा रहा था, छोटा नागपुर में बहाया जा रहा था, भागलपुर में दंगे हो रहे थे, मुजफ्फरपुर में हो रहे थे..... (व्यवधान)....... याद होगा आप को कि मुजफ्फरपुर में गोलियां चलीं उन जिगर के टुकड़ों पर। समस्तीपुर में गोली चली, रांची में चली, पटना में चली, ये किसके राज में चली? अगर 20 वर्षों का इतिहास उठाकर देखा जाये तो यह सही साबित होगा कि 100 वर्षों की अंग्रेजों की सल्तनत में नागरिकों पर जितनी गोली नहीं चली, उस से ज्यादा 20 वर्षों में इनकी हुकूमत में नागरिकों के सीनों पर गोलियां चलाई गई। यह इतिहास में छिपनेवाली बात नहीं है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि गवर्नर नित्यानन्द कानूनगो साहब ने एक लम्बा वक्तव्य दिया है, रिपोर्ट दी है और साक्षात देवता बनने की कोशिश की है। 1967 के चुनाव में जब कांग्रेस की बहुत बड़ी पराजय हुई, तब क्या हुआ ? पराजय के बाद भी ये कितनी प्रतिष्ठा रखने वाले हैं उस का उदाहरण देखिये— बाबू महेश प्रसाद सिंह अर्जी लिये हुए गवर्नर साहब के यहां पहुंचे कि हमें सरकार बनाने का हुक्म दीजिये। देखिये—बहुमत उनका नही था, लेकिन 20 वर्षों से जनता पर राज करने के खून का चस्का लग गया था . . . (व्यवधान). . . मान प्रतिष्ठा को अलग रख कर गवर्नर के पास गये और शासन करने की भीख मांगी, लेकिन वहीं नहां मिली, ठुकरा दी गई। उस के बाद संविद सरकार

बनी। लेकिन, अध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार महाभारत के संग्राम में सात महारथियों ने घेर कर अभिमन्यु का वध किया था, उसी तरह का तरीका इन्होंने भी अख्तियार किया। वे अभिमन्यु पर चारों तरफ़ से वार कर रहे थे, लेकिन वह परवाह नहीं करता था, उन तमाम महारथियों से भिड़ने को तैयार था, उसी तरह से संविद की सरकार ने इन का मुकाबला किया।

अध्यक्ष महोदय, अब जहां तक प्रश्न है सरकार बन जाने के बाद का—मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि दिल्ली सचिवालय से लेकर राज्यों तक और वहां से गांवों में प्रखण्ड विकास अधिकार तक आपने जो व्हाइट एलीफेन्ट्स पाल रखे हैं, जिनको 20 वर्षों में दूध पिलाया है, मक्खन खिलाया है, नीचे से ऊपर तक उन तमाम अफसरानों के हाथों में आपने हिन्दुस्तान की किस्मत को गिरवी रख दिया है, जिसके चलते आपकी तीन योजनायें फेल हुईं और आज आपकी हिम्मत नहीं हुई कि उन के भ्रष्टाचार की वजह से आप चौथी योजना का निर्माण कर सकते। यही योजनायें आपने संविद की सरकार को विरासत के रूप में दी थीं, वही मशीनरी दी थी और जब बिहार में अकाल की स्थिति छोड़कर के० बी० सहाय चलते बने, तब उस अका के मौके पर संविद की सरकार ने किस बहादुरी के साथ, ईमानदारी के साथ काम किया कि एक भी आदमी को भूखा नहीं मरने दिया, जब कि उसके पहले के० बी० सहाय की सरकार के समय में सैंकड़ों आदमी भूख से मर चुके थे, दाने दाने के लिये तड़प कर मरे थे।

अब मैं एक दूसरी बात की तरफ़ जाना चाहता हूं—आज बिहार में राष्ट्रपति का शासन है। मैं इस बात को बहुत ही ईमानदारी से कहना चाहता हूं, चूंकि शहर से लेकर देहात तक मेरा ताल्लुक है। मैं जानता हूं कि आज जो ब्यूरोक्रेटिक मशीनरी वहां पर काम कर रही है, वह बिल्कुल स्वछन्द हो गई है, बल्कि पागल हाथियों की तरह से चल रही है। सचिवों से लेकर बी० डी० ओ० तक परमस्वतन्त्र हो चुके हैं, भ्रष्टाचार जिस सीमा पर छोड़ कर गये थे, उस सीमा से आज वह आगे बढ़ चुका है और अब उस के लिये कोई सीमा बाकी नहीं बची है जहां उस को आगे जाना है। क्या पुलिस के अधिकारी, क्या मैजिस्ट्रेसी, क्या अस्पताल, क्या शिक्षा अधिकारी, क्या कोआपरेटिव के अधिकारी, क्या कृषि विभाग—तमाम विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और इसी के संदर्भ में, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके सामने एक जलता हुआ उदाहरण पेश करना चाहता हूं। एक शिशिर कुमार लाल नाम के अण्डर सैक्टरी पोलिटिकल-पुलिस डिपार्टमेंट में बिहार के सचिवालय में हैं। उन के ऊपर 1956 के साल में गबन करने के और नाजायज जमीन बन्दोबस्त करने के चार्ज लगाये गये थे। उन के खिलाफ मुजफ्फरपुर के जिला अधिकारी, कमिश्नर, मेम्बर, रेवेन्यु बोर्ड—श्री सोहनी, जो आज चीफ़ सैक्रेटरी हैं, ने रिमार्क पास किया है कि इन्होंने गलत काम किया है। संविद की सरकार ने उन को सस्पेन्ड करने का आर्डर दिया, लेकिन यह जो ऊपर का ब्यूरोक्रेसी का जाल बना हुआ है, उस ने उस को रोक दिया। अभी जब भोला शास्त्री ने उन को सस्पेन्ड करने का आर्डर दिया, क्योंकि उन के खिलाफ़ इतना बड़ा गम्भीर चार्ज था, तो वही सोहनी साहब जिन्होंने कि उन को सस्पेन्ड करने के लिये रिकमेण्ड किया था, उस आर्डर को रोक लिया।

जहां तक सवाल है अराजपत्रित कर्मचारियों का, मैं बहुत ही अदब के साथ कहना चाहता हूं—अपने लायक दोस्त चह्वाण साहब से कि वे हमारे दुश्मन नहीं हैं। य दो ढाई लाख लोग तथा उन के परिवार के सदस्य दया के पात्र हैं, उन के साथ सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। यह जिनने दःख को

[श्री लखन लाल कपूर]

बात है कि 8 जुलाई को वे राज्यपाल महोदय से बात करने गये, लेकिन राज्यपाल महोदय ने उन के साथ किस तरह का बर्ताव किया, अगर हड़ताल होगी तो तुम को कुचल देंगे और उन से बात नहीं की। ता० 21 को प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के चेयरमैन श्री गोरे, महामंत्री श्री प्रेम भसीन, श्री बसावन सिंह, तीन आदमी मिलकर उन से रिक्वेस्ट करने गये कि उन के मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाना चाहिये, लेकिन उन्होंने बात तक नहीं की। उन्होंने कहा कि हम सुनने के लिये तैयार नहीं हैं, हमारे पास पैसा नहीं है। श्रीमती इन्दिरा गांधी यहां से थरमल पावर स्टेशन का उद्घाटन करने जाती हैं, उस उद्घाटन पर 10 लाख रुपया खर्च करते हैं, लेकिन कर्मचारियों के लिये पैसा नहीं है। उस आध घंटे के उद्घाटन पर 10 लाख रुपया खर्च करते हैं—हिन्दुस्तान के प्राइम मिनिस्टर को गरीब लोगों के पैसे को इस तरह से खर्च करने और बरबाद करने का क्या नैतिक अधिकार है, वहां आफिसर्ज के खाने के लिये 500 डिशेज लगाई गई, प्रत्यक डिश का दाम 25 रुपया था—यह बड़ी लज्जा की बात है। कर्मचारियों के लिये पैसा नहीं है लेकिन जशन मनाने के लिये पैसा है इन मूर्तियों के पास।

**श्री कार्तिक उरांव** (लोहारडगा) : अध्यक्ष महोदय, आज हम एक ऐसे विषय पर विचार कर रहे हैं, जिस पर हमें बहुत गम्भीरता से सोचना चाहिए। यहां पर राष्ट्रपति का शासन क्यों हुआ। आज का सवाल केवल इतना ही है कि वहां पर राष्ट्रपति शासन क्यों हुआ, होना चाहिए था या नहीं होना चाहिये था। जब हम इस विषय पर जाते हैं तो यही देखते हैं कि किसी भी देश के लिये राज्य चलाने के लिये या तो एक पार्टी की सरकार हो या बहुत सी पार्टियां मिल कर सरकार बनावें। जहां तक हम अपने देश में देख रहे हैं बहुत सी पार्टियां मिल कर सरकारें चला रही हैं...

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : अब नहीं, अब तो आप ही चला रहे हैं।

**श्री कार्तिक उरांव** : सवाल यह है कि वहां पर राष्ट्रपति शासन क्यों हुआ ? यह बहुत दुःख का विषय है—हर आदमी के लिये। जितने विधान सभा के मेम्बर हैं, पार्लियामेन्ट के मेम्बर हैं, उन को इतना नहीं बूझते हैं, लेकिन उन को बझते हैं जो कि इस देश के अन्दर हैं। जनता को पता है कि वहां पर एक वर्ष में तीन तीन सरकारें बनीं और इस तरह से एक साल में 12–15 सरकारें भी बन जातीं तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। आपको मालूम है कि यह जो भोला पासवान के मुख्य मंत्रीत्व में वहां पर सरकार बनी, भोला पासवान शास्त्री कांग्रेस के ही एक सच्चे और कर्मठ नेता थे, लेकिन उन्होंने जाकर संविद की सरकार बनाई। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब कोई आदमी एक सच्चा आदमी होता है तो उसके लिए पार्टी का विशेष महत्व नहीं रह जाता है। आदमी तो कोई अच्छा होता है और कोई खराब होता है। हम मान लेते हैं कि कांग्रेस सरकार बहुत बुरी रही लेकिन वह भी उसके एक मन्त्री रहे थे। उन्हें पता था कि कांग्रेस की सरकार इतनी बुरी है और उससे ऊब करके ही वे संविद की सरकार बनाने लगे थे लेकिन वहां पर उन्होंने जा कर देखा कि यह तो उससे भी गई गुजरी जगह है। जब कोई साफ सुथरा आदमी होता है तो वह साफ सुथरी जगह ही जाता है और अगर कोई गन्दा आदमी होता है तो गन्दी जगह जाता है। भोला पासवान जी ने मिनिस्ट्री बनाई, उन को पता था कि कांग्रेस बहुत खराब है लेकिन वहां पर पहुंच कर उन्होंने महसूस किया कि अरे, हम कहां पहुंच गए, यह तो उससे भी खराब जगह है। फिर वहां से वे छटपटा कर निकले। अध्यक्ष महोदय, पहले तो यदि कोई नेता होता था या कोई मन्त्री होता था तो लोग उसके सामने नम्रता से झुक जाते थे...

**(व्यवधान)**....

SHRI J. B. KRIPALANI: May I ask this Congressman one question? Did the Congress accept the Rajah of Ramgarh or not? With what face are the Congressmen talking when they accepted the Rajah of Ramgarh and went to the Governor and wanted a Ministry to be made?

**श्री कार्तिक उरांव** : लेकिन आज तो लोगों के दिमाग में दूसरी बात ही आती है कि यह किस पार्टी से निकल कर आया है, किस पार्टी से डेफेक्ट कर के आया है। क्या यह हमारे लिये शर्म की बात नहीं है? हमने देखा कि जब इस प्रकार से कोई सरकार बनी, या मन्त्री बने तो वे डेफेक्ट होकर बने। आज सारे देश को इस चीज पर विचार करने की आवश्यकता है कि अगर कोई भी डेफेक्ट करके आयेगा तो उसको मंत्री नहीं बनने दिया जायेगा। अगर हम लोगों को डेफेक्ट करके मंत्री बनने का मौका देते रहेंगे तो मैं समझता हूं हमारा देश बरबाद हो जायेगा। यह किसी पार्टी विशेष का सवाल नहीं है बल्कि सारे देश का सवाल है। मैं तो समझता हूं जब तक हमारे देश में 12-15 पार्टियां रहेंगी तबतक हमारे देश में प्रजातंत्र पनप नहीं सकता है। दुनिया के जितने भी प्रगतिशील देश हैं, उनमें दो या तीन बड़ी बड़ी पार्टियों होती हैं। मैं कहता हूं कि आप के लिये यह खुली चुनौती है, आप कांग्रेस से भी बढ़कर ताकत पैदा कीजिये, एबसोल्यूट मेजारटि में अपनी पार्टी को ले आइये तो कांग्रेस झुक जायगी और आप सरकार बनाइये। लेकिन आप तो 15 पार्टियों को मिलाकर, 15 तरह की अलग अलग पालिसीज को लेकर सरकार बनाने के लिये बैठे हैं जिसमें मैं समझता हूं जनता की भलाई की कोई बात नहीं है, शासन चलाने की भी कोई बात नहीं है, आपका ध्येय तो केवल कांग्रेस को डुबाना है, कांग्रेस को नीचे गिराना है लेकिन कांग्रेस किसी के गिराने से नहीं गिरेगी। मैं चाहता हू कि आप इस विषय पर अच्छी तरह से विचार करें।

आज तो हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि बिहार में राष्ट्रपति शासन होना चाहिये या नहीं होना चाहिये। लेकिन जब इस तरह की परिस्थिति उत्पन्न हो जाये कि रोज सरकार बने और रोज बिगड़े तो फिर वहां पर जो कुछ हुआ है वह अच्छा ही हुआ है। . . . . . (व्यवधान) जो कुछ वहां पर हुआ अगर उसको समझने की बुद्धि नहीं है तो फिर मैं समझता हूं हम प्रजातत्र को सुरक्षित नहीं रख सकते हैं। आप लोगों को पता है कि रांची में क्या हुआ। जोशी साहब ने कहा कि वे वहां पर गए और जाकर देखा कि क्या क्या हुआ। मैं भी वहां पर रहता हूं, मैं ने भी देखने की कोशिश की है। लेकिन जोशी साहब ने इतनी दूर से वहां पर जाकर जो कुछ छान बीन करने की कोशिश की है, उसके लिये मैं उनकी सराहना करता हूं। वहां पर चिरी में जो कांड हुआ मैं तो समझता हूं उससे भी बढ़कर बवंडर होने वाला है, एक छिपा हुआ बवंडर और मैं गृह मंत्री जी से अर्ज करूंगा कि वे उसका अच्छी तरह से छान बीन करें और कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। और अगर कार्यवाही नहीं करेंगे तो फिर वही हालत होगी जैसे कि जब पहले पहले इडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना हुई थी तो उसका पहला प्रेसीडेन्ट एक अंग्रेज था जिसको यह मालूम नहीं था कि यह संस्था एक दिन उनको ही उलट देगी। अगर आपने इसपर ध्यान नहीं दिया तो फिर उसी तरह का बवन्डर आने वाला है। आप यह मत सोचें कि यह आदिवासियों का मामला है बल्कि उसके अन्दर एक छिपी ताकत है जिसको आप नहीं देख सकते हैं, मैं थोड़ा थोड़ा देख सकता हूं। यह कहा गया कि बिरसा सेवा दल है जिसका प्रेसिडेन्ट ललू ओरांव है। यह कोई नजर अन्दाज

[श्री कार्तिक उरांव]

करने वाली बात नहीं है क्योंकि एक कालेज के जो सारे के सारे विद्यार्थी होते हैं उनमें आदिवासी बहुत कम होते हैं क्योंकि वे बहुत कम पढ़े लिखे लोग हैं, लेकिन फिर भी सारे के सारे विद्यार्थी बिरसा सेवा दल में थे । चिरी का जो कांड हुआ, आप जाकर देखिये, दीवाल पर दो क्रास लगे हुए हैं, गोली के निशान 6 आदमी उसमें मारे गये जिसमें दो क्रिश्चियन हैं चार आदिवासी । इसका मतलब यह है कि जो मरने वाले हैं वे ईसा मसीह के नाम पर अमर शहिद हो गये । मैं तो कहता हूं कि आप उसको बिरसा दल नहीं, वीर ईसा दल समझिये । अभी आप नागालैंड से ही परेशान हैं लेकिन मैं तो समझता हूं वह समय आ रहा है जब आप वहां उससे भी ज्यादा परेशान हो जायेंगे, वह नागालैंड से भी बढ़कर हो जायेगा । इस लिये में गृह मन्त्री जी से अदब के साथ अर्ज करना चाहता हूं कि वे इसकी बहुत अच्छी तरह से छानबीन करें और कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें नहीं तो इस के पीछे बहुत खराफात होने वाली है । क्या होने वाला है, कोई भी कुछ नहीं कह सकता है । इसके बाद जो रायटिंग में फायरिंग हुई तो उस दिन में रांची आने वाला था, मैं दस मील दूर पर था, किसी ने मुझसे कहा कि फायरिंग हो गई, तो मैंने स्वयं जाकर देखना चाहा क्योंकि आफिसरों से तो कुछ पता लगता नहीं है । मैंने खुद जाकर देखा कि यह बिरसा सेवा दल का काम तो नहीं है इसलिए कि 2 जून को हुआ, फिर 21 जुलाई को हुआ और अगस्त में क्या होगा हम नहीं जानते । 21 जूलाई को रांची में पता चला कि पूजा के स्थान से प्रोसेशन निकाला जायेगा, हमने प्रोटेस्ट की और कहा कि कहीं पूजा के स्थान से, मंदिर या मस्जिद से प्रोसेशन निकाला जाता है तब कहीं जा कर वे रुके लेकिन उनका ध्यान कहां पर है और वे क्या करना चाहते हैं, इसके विषय में आपको सोचना है ।

अध्यक्ष महोदय, आज बिहार में राष्ट्रपति शासन है इसलिए मुझे गृह मंत्री जी का ध्यान बिहार की तरफ खींचने का मौका मिला है। जोशी जी ने कहा कि आदिवासियों के साथ इस तरह से अन्याय हो रहा है, वह ठीक है । जब नागपुर टिनेन्सी एक्ट के होते हुए आदिवासियों की लाखों एकड़ जमीन बाहर निकल गई जबकि डिप्टी कमिश्नर की परमीशन के बीना एक डिस्मल जमीन भी बाहर नहीं जानी चाहिये लेकिन फिर भी वह जाती रही हम कुछ भी नहीं कर सके हैं । इसलिये मैं गृह मंत्री जी से कहूंगा कि यह बहुत सीरियस मामला है, इस पर वे विशेष ध्यान दें । आज आदिवासियों की जमीनें ले ली गई और उन जमीनों पर बड़े बड़े कारखाने लगे, लेकिन वहां के रहने वाले जो आदिवासी थे वे रेफ्यूजी बन गए । उन की तरफ आपको तुरन्त ध्यान देने की आवश्यकता है । राष्ट्रपति शासन जो वहां पर हुआ है वह बहुत ही अच्छा हुआ है, वह तो होना ही चाहिये था । उसका कोई दूसरा उपाय भी नहीं था । जो लोग आज उसकी आलोचना करते हैं वे भी मन में यही मानते हैं कि यही होना चाहिए था । इतना ही कहकर में अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

श्री बि० प० मंडल (माधीपुरा) . अध्यक्ष महोदय, जब यहां पर राज्यपाल द्वारा प्रैसीडेंट रूल रैकमेंड करने के लिए उनकी आलोचना की जा रही थी तो मैं ने ध्यानपूर्वक उस आलोचना को सुना लेकिन हकीकत यह है और जैसा कि माननीय सदस्य श्री एस० एम० जोशी ने कहा है कि बिहार में राज्यपाल के पास सिवाय इस के और कोई अन्य चारा नहीं रह गया था कि वह प्रेसीडेंट रूल के लिए वहां पर रैकमेंड करते । प्रेसीडेंट रूल ही एक वे आउट था ।

अध्यक्ष महोदय, 15 महीने में उधर बिहार में तीन सरकार बनीं। एक सरकार बनी महामाया बाबू की जो सरकार कि करीब 8-10 महीने तक रही। दूसरी सरकार मेरे नेतत्व में बनी जोकि डेढ़ महीने की सरकार रही। तीसरी सरकार भोला शास्त्री की सरकार बनी। इस तरह तीन बार राज्यपाल महोदय ने लोगों को सरकार बनाने का मौका दिया लेकिन जब कोई सरकार नहीं चल सकी तो राज्यपाल के पास इसके सिवाय और कोई दूसरा चारा नहीं था कि वह प्रेसीडेंट रूल के लिए सिफारिश करते और वह उन्होंने किया। यह बिलकुल ही जायज था।

इस सिलसिले में मेरी भी बात आई कि मैं लोक सभा का सदस्य था फिर मैं कांसिल का सदस्य नामजद हुआ और तब मैं मुख्य मंत्री बना लेकिन अध्यक्ष महोदय, हम ने जो कुछ किया है वह जायज ही किया है। जनतन्त्र में जनमत जिसके पक्ष में होता है जनता जो आवाज देती है वही जायज मानी जाती है। मैं फिर चुनाव में गया और भारी बहुमत से लोगों ने मुझे जिता कर भेजा। हमारे जितने भी विरोधी भाई हैं इन्होंने मेरे खिलाफ प्रचार करने में बहुत मेहनत की लेकिन उस का कोई असर नहीं हुआ और जनता ने मुझे मेरी सरकार और मेरे कारनामे को पसन्द किया। जनता ने उन लोगों के कारनामे को जिन्होंने कि मेरी सरकार को गिराया था पसन्द नहीं किया। इसलिए अब यह बात बार-बार उठाना जनतन्त्र की हत्या करनी है। जनमत के खिलाफ आपको सिर झुकाना ही चाहिये। बहुत भारी बहुमत से लोगों ने मुझे जिताया।

नान गजैटेड एम्प्लायीज की बात यहां पर की गयी है। गवर्नर के उपर दोषारोपण किया गया है कि नान गजैटेड एम्प्लायीज के साथ उन्होंने सहानुभूति नहीं दिखायी। अब यह नान गजैटेड एम्प्लायीज प्रेसीडेंट रूल होने के 8-10 दिन के बाद ही गवर्नर के पास गये और उन से अपनी हड़ताल करने की मंशा जाहिर की। गवर्नर ने उन से कहा कि थोड़ा समय आप मुझे दीजिये और मैं आप लोगों के ग्रीवियासेंज को देखूंगा और सोचूंगा कि कहां तक मैं आप की सहायता कर सकता हूं। गवर्नर को मौका देना चाहिये था लेकिन लोगों ने मौका नहीं दिया। जब डेढ़ महीने को मेरी सरकार बनी तो उस वक्त भी सरकार बनने के तीन, चार दिन के बाद ही नान गजैटेड एम्प्लायीज ने मेरी साथ भी यही डिमांड किया कि उन्हें सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लायीज के समान डियरनैस अलाउंस मिलना चाहिये। चूंकि वह 20-25 करोड़ रुपये का सवाल था इसलिए मैंने भी यही कहा कि मुझे मौका दो और मैं एक नान गजैटेड एम्प्लायीज के रिप्रजैंटेटिव को, एक, दो सेक्रेटेरियट के रिप्रेजैंटेटिव्स को और कोई एक सेक्रेटरी को मैं रक्खूंगा, जांच करूंगा और यथासम्भव मैं उन के ग्रीवियांसेज को दूर करने की कोशिश करूंगा लेकिन उस वक्त भी वह नहीं माने। जो पहले 8-10 महीने महामाया बाबू की सरकार चली, तीन महीने भोला शास्त्री जी की सरकार चली उस वक्त भी उनके यही ग्रीवियांसेज थे लेकिन उन्होंने कोई एजिटेशन नहीं किया। इसलिए मैं समझता हूं कि नान गजटैड एम्प्लायीज के साथ लोग पालिटिक्स कर रहे हैं और उन्हें उभाड़ व उकसा रहे हैं लेकिन मैं यह बिलकुल साफ तौर पर कह देना चाहता हूं कि ऐसा करके न तो वह उनकी भलाई कर रहे हैं न देश की ही भलाई कर रहे हैं। मैं यह नहीं कहता कि जो आदमी काम करता है, जो आदमी मेहनत करता है उस को पूरी मजदूरी न मिले। नान गजैटेड एम्प्लायीज गरीब हैं और उनको कम वतन मिलता है लेकिन फिर भी यह बात समझ में नहीं आती कि जब शास्त्री दल की सरकार रही तो केवल तीन दिन उन का एजिटेशन रहा और प्रेसीडेंट रूल होने के एक सप्ताह के भीतर वह एजिटेशन शुरू कर दें। 12 महीने जो

[श्री त्रि० प० मण्डल]

सरकार रही उस में भी वही ग्रीवियांसेज रहे लेकिन तब कुछ नहीं बोले। इसलिए इस बारे में मेरा यही कहना है कि नान गजेटेड एम्प्लायीज के मामले में जो राजनीति घुसेड़ दी गई है और पालिटिक्स जो उसके पीछे वर्ण कर रहा है उससे न तो उन कर्मचारियों की भलाई होती है और न ही किसी और की भलाई होने वाली है।

यहां पर जमशेदपुर आदि के दंगों को लेकर बहुत बातें यहां पर कही गयी हैं। लेकिन इन 15 महीनों के अन्दर बिहार में जो दंगे हुए हैं उन से बिहार का सिर नीचा हुआ है। सहरसा, रांची और भागलपुर में दंगे हुए और अल्प संख्यकों के खून के साथ होली खेली गई। इतना ही नहीं दुनिया में कहीं भी ऐसी मिसाल नहीं होगी कि कैबिनेट स्तर के मंत्री एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लावें। कम्युनिस्ट वाले कहें कि जनसंघ के लोगों ने दंगा करवाया और जनसंघ वाले लोग कहें कि कम्युनिस्ट वालों ने दंगा करवाया। अखबार में एक दूसरे पर लोगों ने इलजाम लगाये। प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के मंत्री हसीबुर-रहमान ने बयान दिया कि जनसंघ के मिनिस्टर और कम्युनिस्ट मिनिस्टिर इन दोनों ने मिल कर दंगे करवाये। बिहार में इन 15 महीनों में कोई शासन नहीं रह गया था। सरकारी रेकार्ड को देखने से आप को मालूम होगा कि डेढ़ महीने की शास्त्री सरकार के अन्दर ईद बीती, बकरईद बीती, हिन्दू मुसलमान में कहीं दंगा नहीं हुआ। अमन चैन के साथ लोग रहे। होली भी बीत गई लेकिन कहीं भी कोई दंगा नहीं हुआ लेकिन बाकी दिनों में हालत उस से बिलकुल मुखतलिफ रही। हिन्दू-मुस्लिम दंगे हुए। यहां तक हुआ कि बिहार में बस में जितने लोग नीचे बैठते थे उस से ज्यादा लोग बस के ऊपर बैठते थे। एक क्लास जिसका कि नाम अभी तक बिहार में मशहूर है वह महामाया क्लास के नाम से मशहूर है। बस की छत पर जो बैठ जाते हैं बिहार में उस का नाम महामाया क्लास है। वहां यह हालत हुई। हमारे होम मिनिस्टर साहब अगर वहां के रेकार्डस देखेंगे तो पायेंगे कि इन 15 महीनों में जितनी क्राइस की पोजीशन और ला ऐंड आर्डर की पोजीशन डिटोरियेट की है उतना डिटोरियशन उस से पहले बिहार में रेकार्ड में देखने को नहीं मिलेगा। मैं अदब के साथ कहना चाहता हूं कि यह बात जरूर है कि कांग्रेस के 20 वर्ष के शासन के बाद जब वहां पर संविद की सरकार बनी तो लोगों को उस से बहुत आशा लगी हुई थी और यह बात भी सही है कि लाखों की तादाद में लोगों ने उन का स्वागत किया था। लेकिन इस 15 महीने में उनकी वह एक अच्छी इमेज बिलकुल खत्म हो गई और मेरे दोस्त इस बात को सत्य मानें जैसा कि हमें बाईएलैक्शन से मालूम हुआ है बिहार में जो दूसरा चुनाव होगा उस में यह लोग, चूंकि जनता ने इन के असली रूप को पहचान लिया है, मेरे यह दोस्त लोग बहुत कम संख्या में शायद जीत कर आयेंगे।

यहां पर कहा गया है कि कांग्रेस के 6 नेताओं पर चार्जेज आये हैं। मैं अपने दोस्तों को बतलाना चाहूंगा कि संविद के 14 मंत्रियों पर शास्त्री दल की सरकार ने 83 चार्जेज लगाये हैं। और भी बहुत से चार्ज थे। दुःख के साथ कहना पड़ता है कि अय्यर कमिशन के सामने उन चाजज को पेश किया गया और उसी दरमियान में 14 एस०एस०पी० को छोड़ कर वह एस०एस०पी० वाले तब तक मंत्रिमंडल में नहीं आये थे, वह सब के सब मंत्रिमंडल में घुस गये। मैं होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि वह सिर्फ कांग्रेस के उन मिनिस्टर्स के बारे में ही इनक्वायरी न करायें, यह मैं नहीं कहता कि उन पर वह इनक्वायरी न करायें, इनक्वायरी जरूर करायें लेकिन साथ ही साथ जो शास्त्री दल द्वारा जिन लोगों पर 83 चार्जेज लगाये गये हैं और 14 संविद के मंत्री उस में मुजरिम हैं उन के ऊपर भी जो चार्ज है उस की भी इनक्वायरी होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मैं चाहूंगा कि बिहार में शीघ्र से शीघ्र आम चुनाव हों। जनता को मौका देना चाहिये कि वह फैसला करे। कांग्रेस वालों का क्या काम रहा, इन लोगों का क्या काम रहा और शास्त्री दल का क्या कारनामा रहा, जनता द्वारा सब का फैसला हो जाना चाहिये।

एक बात और कह कर बैठ जाना चाहता हूं। माननीय सदस्य श्री एस० एम० जोशी ने कहा कि कांग्रेस वालों ने जो बटाईदार और जमीन वालों का हिस्सा बांटने का वायदा किया था उसे उन्होंने पूरा नहीं किया। लेकिन संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी वालों ने 60 और 40 का वायदा किया था अर्थात् बैकवर्ड और हरिजन लोगों को यह 60 स्थान देंगे और 40 स्थान आगे बढ़े हुए लोगों को देंगे लेकिन वह उन्होंने पूरा नहीं किया। पहले पहल बिहार में इन लोगों ने जो सरकार बनाई तो एक भी हरिजन को कैबिनेट रैंक नहीं दिया, एक भी आदिवासी को नहीं दिया।

60 और 40 को भी उल्टा किया। मैं यह कहना चाहता हूं कि आम चुनाव में यह बात तय हो जायेगी, और यह लोग समझ रहे हैं कि उन के पैर के नीचे से जमीन खिसक गई है। इसका पता आम चुनाव में चल जायेगा कि गवर्नर ने जो कुछ किया है वह वाजिब ही किया है।

MR. SPEAKER: Nearly a dozen Bihar speakers have spoken and from the Congress Benches all were from Bihar and not even one from outside Bihar. But I cannot allow all the 50 Members to speak because the time allotted is only 4 hours. Now I would request the hon. Minister to reply.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN): I am not from Bihar.

Sir, the Resolution before this hon. House is, I think, very throuhly debated and the impression that I get is that except for a few extremes, Members on the other side and on this side have generally welcomed the Proclamation under the Constitution which we are discussing today. Those Members who criticised it also must have understood the significance of the political events that took place in Bihar in the last 15 months but they were possibly more influenced by the partisan political considerations.

It is a very unique occasion for this hon. House to hear one of the Chief Ministers who ruled Bihar in the last 15 months. He himself has given the reasons—we may agree or we may not agree with them. (*Interruption*).

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: But you liked his speech.

SHRI Y. B. CHAVAN: If you had not liked it, possibly I had. But it is not a question of my liking it or disliking it. I said that it is a unique occasion for us to hear one of the Chief Ministers on a motion like this. That is all the point that I wished to make.

As far as the Governor is concerned, I think, the Governor tried to function completely constitutionally in this matter. As we have seen, in the last 15 months three Governments and four Chief Ministers ruled Bihar. One Government ruled for more than months, another ruled for more than 40 days and the third ruled for nearly three months.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY: You are missing the one that was there only for a few hours.

SHRI Y. B. CHAVAN: Excepting very small miscroscopic parties, every party this time was affected by defections. When this Government

[Shri Y. B. Chavan]

was taken over under the Proclamation the Assembly consisted of three very definite and big groups of defectors—the Janata Party, the Soshit Dal and the Lok tantrik Dal—parties consisting of a sizeable number but who were completely defectors as such.

SHRI BHOGENDRA JHA: You are hitting your ally.

SHRI Y. B. CHAVAN: I am merely telling the truth. When it is a question of telling the truth, I do not think in terms of allies or opposition. That is your strategy. I do not do that. This is a fact of life. That is the political reality there.

I do not want to go into the examination of who were responsible or not responsible, but one thing stands out that taking over the administration in any State under such a Proclamation is not a sign of good political health of the State itself. One thing is very certain; the political health of Bihar has to be very carefully watched. That political lesson that one political reality, stands out very prominently. It is not a matter for delight; I do not consider it a matter for delight when one has to come forward and justify a Resolution like this. It is absolutely a matter of duty, and it is also a matter of concern for every political party concerned as to why it has come about and how we can avoid it in the days and months to come. That is the only consideration that we have to think about. This is all that I can say about this matter. I do not want to make more observations which are not called for.

The present administration is an interim administration. But, at the same time, I do not want to call it a negative administration. It will have to do some positive work also. I do welcome many of the suggestions that hon. Members made about the present problems in the State.

The hon. Member, Shri S. M. Joshi and others from the side also mentioned the problems of Adivasis in Ranchi District. I think, that requires a very careful consideration. Also, I would not like to take a very extreme view as the hon. Member took and tried to compare the problem with the Naga problem. It is not a good comparison.

SHRI KARTIK ORAON: The future will show it.

SHRI Y. B. CHAVAN: Don't try to dramatise it. Merely dramatising the issue is no good. I do accept the seriousness of the problem. At the same time, it is no use using wrong phrases and trying to dramatise it. I do concede it is a serious problem. I started by saying that it is a question which requires a very careful consideration. It is the problem of land and, really speaking, it is the problem of unemployment. These are the two facets of the problem there. I can only assure this honourable House that I will take up this matter with the Bihar administration and I will see what can be done. It is wrong to say anything more than this. As I said, it is an interim administration. But this interim administration also will have to take positive steps.

I would like to say one thing. The highly respected and senior hon. Member. Shri Bibhuti Mishra, said that some of the Advisers who have been selected are very old. They are not very old. They are old. But old is often gold. I mean it is not true that some of them do not see or are blind. I have myself talked with one of the Advisers about whom these things were said.

SHRI BIBHUTI MISHRA: I have heard they cannot write.

SHRI Y. B. CHAVAN: That is not true. I do not know who started these rumours. Why does a senior hon. Member believe such things? He is a senior person. There is no doubt about it. He was once the Chief Secretary of Bihar. Certainly, he is an old and senior person. But when you have to appoint an Adviser to take work out of senior officers in the administration, naturally, you have to take a senior person. You cannot push in an absolutely junior person and ask him to advise the Governor. Practically, an Adviser is as good as a Minister in firms of his ultimate powers to take decisions. The only last authority is the Governor. And, really speaking, the real authority is Parliament. It is in the name of Parliament that he has to work.

SHRI D. N. TIWARY: He has not got physical capacity.

SHRI Y. B. CHAVAN: No. When you say physical capacity, what do you mean? He has capacity to work for hours. I held discussions with him here. If some people have got prejudices, I cannot help it. He has mental capacity to take decisions. The other Adviser who has been sent there has been sent from here. I know he is a technical person and a good effective officer. He was the Chairman of the C.W.P.C. here, Mr. Anand, and he is one of the prominent and eminent engineers of the country.

SHRI D. N. TIWARY: I have also personal acquaintance with him. I examined him on several matters. I know him fully.

SHRI Y. B. CHAVAN: Possibly, your examination and my examination are different. Our tests, are quite different. I also met Shri Rao only recently. You are trying to judge him from the experience of public undertakings. But I know this man knows the problems of the State. He has functioned there for four years as the Chief Secretary of the State. Let us not try to compare his work in the public undertakings and his work in the State. Possibly, that was a wrong selection there, if I may say so. A man who has worked all his life in the administration like this is, certainly a fit person for the job. We will certainly take care of these problems because there are certain deficiencies in the administration. I have no doubt that the administration has to be cleansed. The confidence in the people has to be restored back; the confidence of the administration has to be restored back. This thing has to be done. but this will require some time and this will require very sympathetic but at the same time objective support from the hon. House. If you start sniping about the personal deficiencies or physical capacities or incapacities of persons concerned then it starts in a wrong way. Let us not do that.

**18 hrs.**

One point which I wanted to mention was about NGOs. This point has been mentioned very often. All I can say is that every one of us has got sympathies for the NGOs; I am not denying that they have got a problem. Those problems have to be looked after. I was rather intriued, if I may say so, that within a few days of the Governor taking over, these people just came with an ultimatum that they will go on strike, on a demand that is something very important. I would request Mr. Vajpayee to take note of what Mr. Mandal said. (*Interruptions*) I would suggest that, as a body, as the House, which is ultimately responsible for the financial health of the State—ultimately we are responsible here—we have to take into consideration this fact. Within three days of taking over, and the Governor or his Advisers take a decision which will affect fundamentally the financial stability of the State? Can they undertake expenditure which will commit permanently the administration for crores of rupees every year without having the capacity either to

[Shri Y. B. Chavan]

find money in the present tax structure or to go in for further taxation proposals? Personally, as I have said, the Governor's administration should be a positive administration, but still I accept two limitations to that administration: one is that they must not undertake very basic legislative programme and secondly, they must not make important taxation proposals. Except these two, they have to do everything; they may take dcisions, cancel old decisions if they are wrong according to them, start new programmes, implement old policies, etc. They can certainly do all these things. But how can a Governor be expected to take a decision which would have involved the State to commit itself to a very heavy expenditure like this? (*Interruptions*). I have no doubt that that would have been a very heavy financial commitment, whether it would have been Rs. 10 crores or 15 crores or 20 crores. This means that it would be going into the merits of the problem; I do not want to commit myself to that.

SHRI S. M. BANERJEE: Instead of lathi-charges, let there be negotiations.

SHRI Y. B. CHAVAN: I talked to the Governor even today. I heard some speeches this morning and I thought that, before I open my mouth here, I should try to find out from the Governor what his attitude is to this. And he did tell me, 'I have told these people not to go on strike; let us sit down and discuss this matter'... (Interruptions). Even now if they withdraw the strike...

श्री एस० एम० जोशी : आप उनके साथ बात करो वे विदड्रा कर लेंगे ।

SHRI Y. B. CHAVAN: Do not make it a point of prestige.

SHRI S. M. JOSHI: I am not making it.

SHRI Y. B. CHAVAN: Let them withdraw the strike and let us then see. We are not enemies of NGOs; we are their friends, would still make an appeal to the NGOs, to the Government employees in Bihar, 'please withdraw the strike and give the Governor an opportunity to look into the problems again afresh'. The Governor did tell me that he would not be vindictive in these matters. What more do you expect? This is all that I can say. He will not be vindictive in these matters. Let them withdraw the strike and let us see how we can solve the problems constructively. I do not think I should say anything more than this.

SHRI S. M. BANERJEE: This morning a question was raised about lathi-charges, etc. I would request the hon. Minister to appoint any inquiry committee—send any officer—because Mr. Shukla has categorically denied on the basis of the information received that there have been no atlhi-charges, nothing of that sort. Our Members from Bihar on this side belonging practically to all parties have said that there had been a lathi charge. I would urge upon him in the larger interest of justice and honesty to institute some inquiry and find out if that news is correct. If it is correct, in all fairness, the Minister must not mislead the House.

SHRI Y. B. CHAVAN: I have heard him patiently. I will look into it.

MR. SPEAKER: The question is:

"That this House approves the Proclamation issueed by the President on the 29th June 1968, under article 356 of the Constitution in relation to the State of Bihar."

*The motion was adopted.*